kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-237 | सोमवार, 29 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मैं लता मंगेशकर जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। लाखों भारतीयों की प्रिय संगीत आइकन जिन्होंने अपनी आवाज के माध्यम से भारतीय संगीत को एक नई पहचान दी। अमित शाह

बिहार को मिलेगी सात नई ट्रेनों की सौगात 11

नकल माफिया ने रचा है प्रश्न पत्र लीक करने का षड्यंत्र : सीएम धामी 12

## संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो घुसपैठिये ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने आज घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुये दो घुसपैठियों को मार गिराया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह घटना तब हुयी जब सैनिकों ने नियंत्रण रेखा के पास वन क्षेत्र में संदिग्ध हलचल देखी। वहां तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें रूकने की चेतावनी दी लेकिन उन्होंने इसे अनसुना करते हुये गोलीबारी शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की जिसमें दोनों घुसपैठिये मारे गये। घुसपैठियों की पहचान और उनके समूह के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। फिलहाल क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

### मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में कांकेर और गरियाबंद जिले की पुलिस, डीआरजी के जवानों का बल तथा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मिलकर रविवार को सीतानदी एरिया कमेटी के कमांडर समेत तीन नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में मारी गयी महिला नक्सली भाकपा (माओवादी) की सदस्य थी। तो वहीं दूसरे नक्सली की पहचान उप कमांडर राजेश के रूप में हुई है। कांकेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि गरियाबंद- कांकेर के रास्ते माड़ (अबूझमाड़) घुसने का एक रास्ता है। इस रास्ते का उपयोग सोनू और चलपति करते रहे हैं। सोनू और चलपति दोनों ही शीर्ष नक्सलियों को हाल ही में मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मार गिराया है। कांकेर के एसपी के ही मुताबिक, तीनों ही नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। मुठभेड़ की जगह से एसएलआर बंदूक, थ्री नॉट थ्री और बारह बोर की बंदूक के साथ नक्सल सामग्रियां बरामद की गई है। एसपी ने मुठभेड़ जारी है की बात कही है। इस मुठभेड़ में सीतानदी एरिया कमेटी का कमांडर श्रवण, उप कमांडर राजेश और सदस्य बसंती के शव को पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के ही मुताबिक इस इलाके में कई नक्सल रोधी मुहिम चलाई गई है। पर सफलता इस बार मिली है।

### राजीव वर्मा होंगे दिल्ली के नये मुख्य सचिव

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी राजीव वर्मा दिल्ली के अगले मुख्य सचिव होंगे। वर्तमान मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार के इसी माह के अंत में सेवानिवृत्त होने के बाद श्री वर्मा एक अक्टूबर को पदभार संभालेंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार 1992 बैच के आईएएस अधिकारी राजीव वर्मा एक अक्टूबर को दिल्ली मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करेंगे। वर्तमान में श्री वर्मा चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव के पद के पर तैनात हैं। उन्हें जनवरी 2024 में चंडीगढ़ प्रशासन का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था। इससे पहले श्री वर्मा दिल्ली सरकार में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### दुस्साहस करोगे तो बरेली जैसा पिटोगे

# लातों के भूत बातों से नहीं मानते : सीएम

एजेंसी

बलरामपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है बिना भेदभाव के सभी को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। लेकिन कुछ तत्व ऐसे भी हैं जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता। उत्सव के समय आरजकता पैदा करना चाहते हैं। उन्हें मैं कहना चाहूंगा कि विकास में बाधक बनोगे तो उनके लिए विनाश का कारण बन जाएगा। भारत की धरती पर गजवा हिंद स्वीकार नहीं। उक्त संबोधन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर में 825 करोड़ की परियोजनाओं का सौगात देते हुए कही।



शक्तिपीठ देवीपाटन में सीएम योगी ने किया मां पाटेश्वरी जी का पूजन

सीएम ने कहा कि वह लोग अपनी गलतफहमी दूर कर लें जो सपा व कांग्रेस की सरकार के समय दंगा करते थे तो सरकार उनकी आव-भगत करती थी। अब डबल इंजन की सरकार है यदि कहीं उपद्रव करने का प्रयास किया तो यह रास्ता सीधे उन्हें नर्क पहुंचा देगा । गजवा हिंद का नारा देकर भारत विरोधी कार्य करने वालों भारत की धरती पर यह नहीं चलेगा । यदि किसी को जहन्नुम में जाना हो तो गजवा ए हिंद की बात करेंगे। कहा कि ऐसे लोग जो हिंदुस्तान में रहकर भारत विरोधी कार्यों में लिप्त हैं उनसे सजग रहना होगा। समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराना होगा।

❒ देश में गजवा हिंद स्वीकार नहीं, उपद्रव करने वालों को मिलेगा जहन्नुम का टिकट

लातों के भूत बातों से नहीं मानते । सरकार जीरो टारलेंस की नीति पर कार्य कर रही है। हमारी संवेदना गरीबों के लिए है, बहन बेटियों के लिए है, व्यापारियों के लिए है । बरेली की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जिनके हाथों में कलम होना चाहिए, उनके हाथों में आई लव मोहम्मद की तख्तियां पकड़ा कर उपद्रव करने का प्रयास किया गया,प्रदेश में अराजकता स्वीकार नहीं। जो भी कानून को हाथ में लेगा उन्हें बिना मांगे जहन्नुम का टिकट काटकर दिया जाएगा । ड्रोन के नाम पर तो कभी चोरी के नाम पर अफवाह फैलाई जा रहा है ऐसे लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई होगी। मंच से जन जागरूकता की अपील करते हुए कहा कि यदि कोई भय- दहशत का माहौल कर रहा है तो पहले समझाएं नहीं माने तो पुलिस उनका इलाज करेगी। कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के हर मंडल में विश्वविद्यालय दिया गया है। जल्द ही इस कमिश्नरी में एक स्पोर्ट्स कॉलेज भी होगा। सीएम योगी ने बलरामपुर के घुघुलपुर में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का उद्घाटन करते हुए जनपदवासियों को 825.29 करोड़ की ● शेष पेज 11 पर

# भारत को जीत का 'तिलक'

## भारत ने 9वीं बार एशिया कप जीता, पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी

दुबई। कुलदीप यादव (चार विकेट), वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह ने (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तिलक वर्मा (नाबाद 69 ) और शिवम दूब (33 ) की दमदार पारियों की बदौलत भारत ने रविवार को फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को दो गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराकर एशियाकप का खिताब अपने नाम किया।

147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 20 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। अभिषेक शर्मा (पांच) सूर्यकुमार यादव (एक) और शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय तिलक वर्मा और संजू सैमसन की जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 57 रन जोड़े। 13वें ओवर में अबरार अहमद ने संजू सैमसन को साहिबजादा फरहान के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। सैमसन ने 21 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 24 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शिवम दूबे ने तिलक वर्मा के साथ मोर्चा संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 19वें ओवर में फहीम अशरफ ने शिवम दूबे को आउट किया। दूबे ने 22 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 33 रनों की पारी खेली। भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर पांच विकेट से एशिया कप का खिताब जीत लिया। रिंकू सिंह ने भारत के लिए विजयी चौका लगाया। तिलक वर्मा ने 53 गेंदों में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए (नाबाद 69) रनों की मैच



❒ तिलक वर्मा ने फिफ्टी लगाई, कुलदीप ने झटके 4 विकेट

विजयी पारी खेली। पाकिस्तान की ओर से फहीम अशरफ को तीन विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को साहिबजादा फरहान और फखर जमान अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। एक समय ऐसा लगा रहा था कि पाकिस्तान बड़ा स्कोर खड़ा करेगा। 10वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने साहिबजादा फरहान को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। साहिबजादा फरहान ने 38 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लागते हुए 57 रन बनाये। इसके बाद 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने सैम अयूब (14) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। मोहम्मद हारिस (शून्य) को अक्षर पटेल ने आउट किया। 15वें ओवर में पाकिस्तान का चौथा विकेट फखर जमान के रूप में गिरा। उन्हें वरुण चक्रवर्ती ने कुलदीप यादव के हाथों कैच आउट कराया। फखर जमान ने 35 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 46 रनों की पारी खेली। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान का मध्यमक्रम और पिछल्लू बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के बाद एक पवेलियन लौटते चले गये। 20वें ओवर की पहली गेंद पर बुमराह ने मोहम्मद नवाज (छह) को रिंकू सिंह के हाथों कैच आउटकरा पाकिस्तान की पारी का 146 के स्कोर पर अंत कर दिया। पाकिस्तान के आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

# भाषाई विविधता के बावजूद धर्म ने भारत को एक रखा : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

पटना। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत की असली ताकत ''धर्म'' की वह अवधारणा है जिसने भाषाई विविधता के बावजूद देश को एक सूत्र में पिरोए रखा है।

उन्होंने यह बात पटना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 'उन्मेष' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। राधाकृष्णन ने कहा, ''यूरोप के एक महानुभाव ने मुझसे पूछा कि भारत बिना किसी एक भाषा के कैसे एकजुट रह पाता है। मैंने उत्तर दिया कि यहां के लोग भले ही अलग-अलग भाषाओं में बोलते हैं, लेकिन वे धर्म की अवधारणा के माध्यम से एकजुट रहते हैं। उपराष्ट्रपति बनने के बाद राधाकृष्णन का बिहार का पहला यह दौरा है। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। समारोह में अपने संबोधन के दौरान



राधाकृष्णन ने राज्यपाल खान को ''पुराना मित्र'' बताया और कहा कि दोनों सांसद रहते हुए भी साथ काम कर चुके हैं। कार्यक्रम स्थल की ओर जाते समय रास्ते में उपराष्ट्रपति ने कुछ देर रुककर महान समाजवादी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में 'लोकनायक' से जुड़ा व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किया। उन्होंने कहा, ''मैंने ● शेष पेज 11 पर

# अब तक 12.5 लाख सुझाव मिले, 75 जिलों में प्रबुद्धजन कर रहे संवाद

## विकसित यूपी @2047 : ग्रामीण इलाकों से मिल रहे सबसे ज्यादा फिडबैक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में जारी योगी सरकार का 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047 अभियान' नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में करीब 300 नोडल अधिकारी और प्रबुद्धजन विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद कर न सिर्फ बीते 8 वर्षों की उपलब्धियां साझा कर रहे हैं, बल्कि जनता से भविष्य की योजनाओं पर सुझाव भी ले रहे हैं।

अभियान में रविवार तक करीब 12.5 लाख सुझाव प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से लगभग 9.5 लाख ग्रामीण क्षेत्रों से और करीब तीन लाख शहरी क्षेत्रों से आए हैं। युवा, महिला, किसान, छात्र और वरिष्ठ नागरिक सभी वर्ग इसमें उत्साहपूर्वक भागीदारी कर रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा

❒ अबतक 9.5 लाख ग्रामीणों ने दिये सुझाव शहरी क्षेत्रों से आए लगभग 3 लाख सुझाव

❒ शिक्षा, कृषि और विकास पर जनता दे रही खुलकर अपने सुझाव

❒ फीडबैक देने के मामले में महाराजगंज, संभल और सोनभद्र सबसे आगे, इटावा और फिरोजाबाद से सबसे कम फीडबैक

शिक्षा और कृषि पर आम जनमानस की राय एवं सुझाव प्राप्त करने के लिए विकसित पोर्टल samarthuttarpradesh.up.gov.in पर अब तक कुल 12.5 लाख फीडबैक प्राप्त हुए हैं। फीडबैक में सबसे ज्यादा राय शिक्षा क्षेत्र पर आई। लोग चाहते हैं कि सरकारी स्कूलों को और मज़बूत किया जाए और शिक्षा को डिजिटल तरीके से आगे बढ़ाया जाए। कृषि क्षेत्र पर भी बड़ी संख्या में सुझाव मिले हैं, जिसमें किसानों को और सुविधाएं देने और बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू करने जैसी बातें प्रमुख रहीं। फीडबैक देने में महाराजगंज, संभल, सोनभद्र, कानपुर देहात और गोरखपुर सबसे आगे हैं। वहीं इटावा, फिरोजाबाद, ललितपुर, महोबा और संतकबीर नगर में सबसे कम भागीदारी रही है। जनता के सुझाव महाराजगंज के नागरिकों ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाने और बंद पड़ी गन्ना मिलों को फिर से चालू कराने की मांग की है। गाजियाबाद की सुषमा ने बच्चों की पढ़ाई को रोचक और खेल-कौशल आधारित बनाने का सुझाव दिया, ताकि मानसिक और शारीरिक विकास साथ-साथ हो सके। लखनऊ के ● शेष पेज 11 पर

# बिहार विधानसभा चुनावों के लिये पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों और कुछ राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनावों के लिये 470 अधिकारियों को केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है। चुनाव आयोग की रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन अधिकारियों में 320 आईएएस,60 आईपीएस तथा 90 आईआरएस, आईआरएएस और आईसीएएस के अधिकारी हैं जो इस समय विभिन्न राज्यों में कार्यरत हैं। ये पर्यवेक्षक बिहार में इस वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा आम चुनावों के दौरान सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षक की भूमिका निभायेंगे। आयोग ने कहा है कि इनमें से कुछ पर्यवेक्षक जम्मू -कश्मीर के बड़गाम और नगरोटा, राजस्थान की अंता, झारखंड की घाटशिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब के तरनतारन, मिजोरम की डम्पा और ओडिशा की नौउपाडा विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में पर्यवेक्षक की भूमिका भी निभायेंगे। पर्यवेक्षक के रूप में तैनात ये अधिकारी चुनाव ● शेष पेज 11 पर

# 'छठ को यूनेस्को की धरोहर में शामिल कराने का प्रयास'

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज 'मन की बात' में कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह पर्व अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार इसे यूनेस्को की 'इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज लिस्ट' में शामिल कराने का प्रयास कर रही है, जिससे इसकी गरिमा और बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के 126वें एपिसोड में आज शहीद भगत सिंह और लता मंगेशकर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश में महिला सशक्तिकरण के उदाहरण दिए, सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रयासों का उल्लेख किया और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने देशवासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी और इस बात का विशेष उल्लेख किया कि संग अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने रविवार को आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के



125 कड़ियों की यात्रा पार करने का जिक्र किया और कहा कि यह जनता से जुड़ने का प्रेरणादायी माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 सितंबर को दो महान विभूतियों की जयंती है। शहीद भगत सिंह को उन्होंने युवाओं के लिए प्रेरणा बताया और उनके साहसिक पत्र का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने अंग्रेजों से अपने साथ युद्धबंदी जैसा व्यवहार करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की निर्भीकता और सेवा भावना हर

❒ मन की बात' में बोले पीएम मोदी-छठ महापर्व भारतीय संस्कृति की गहरी आस्था और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक

भारतीय को मार्गदर्शन देती है।

उन्होंने लता मंगेशकर को भारतीय संस्कृति का अमूल्य स्वर बताया। उन्होंने कहा कि उनके गीतों ने देशभक्ति और संवेदनाओं को जीवंत किया। उन्होंने बताया कि लता मंगेशकर से उनका व्यक्तिगत स्नेह रहा और वे हर वर्ष उन्हें राखी भेजती थीं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि लता मंगेशकर स्वातंत्र्य वीर सावरकर से प्रेरित रही है। उन्होंने कहा, ्लता दीदी जिन महान विभूतियों से प्रेरित थीं उनमें वीर सावरकर भी एक हैं, जिन्हें वो तात्या कहती थीं। उन्होंने वीर सावरकर जी के कई गीतों को भी अपने सुरों में पिरोया।

प्रधानमंत्री ने नवरात्रि के अवसर पर नारी शक्ति की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने नौसेना की लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा के साहसिक ''नाविका सागर परिक्रमा'' का उल्लेख किया। इन दोनों अधिकारियों ने 238 दिनों तक 47,500 किलोमीटर की समुद्री यात्रा पूरी की।प्रधानमंत्री ने उनके अनुभव सुनाए। इनमें उन्होंने बताया कि यात्रा में तूफानों का सामना, अत्यधिक तापमान और सीमित संसाधनों के बावजूद धैर्य और टीमवर्क ने हमें सफलता दिलाई। प्रधानमंत्री ने इसे देश की बेटियों के साहस और संकल्प का अद्वितीय उदाहरण बताया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की 'इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज लिस्ट' में शामिल कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कोलकाता की दुर्गा पूजा को पहले से इस सूची में शामिल होने का ● शेष पेज 11 पर

### देश को वैचारिक गुलामी से बचाने के लिए हुई थी संघ की स्थापना, स्वयंसेवक संकट में निभा रहा अपनी भूमिका

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयदशमी पर अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बार अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में विशेष रूप से इसका उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना देश को वैचारिक गुलामी से बचने के लिए की गई थी। संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र प्रथम की भावना से देश समाज पर आए किसी भी संकट से निपटने में अपनी भूमिका निभाते हैं। 'मन की बात' के 126वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि संघ की ्एक शताब्दी की ये यात्रा जितनी अद्भुत है, अभूतपूर्व है, उतनी ही प्रेरक है।् परम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की। डॉक्टर साहब के जाने के बाद परम पूज्य गुरुजी ने राष्ट्र सेवा के इस महायज्ञ को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि परम पूज्य गुरुजी कहा करते थे- राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम'' यानी, ये मेरा नहीं है, ये राष्ट्र का है। इसमें स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र के लिए समर्पण का भाव रखने की प्रेरणा है। गुरुजी गोलवरकर जी के इस वाक्य ने लाखों स्वयंसेवकों को त्याग और सेवा की राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी प्राकृतिक आपदा आए संघ के स्वयंसेवक सबसे पहले वहाँ पहुँच जाते हैं। लाखों लाख स्वयंसेवकों के जीवन के हर कर्म, हर प्रयास में राष्ट्र प्रथम की यह भावना हमेशा सर्वोपरि रहती है।

# रोडवेज बस और कार में टक्कर, पांच की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में रविवार सुबह रोडवेज बस और एक कार में टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मौत और 10 लोग घायल हो गए। इनमें छह लोगों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ भेजा गया है। सूचना के बाद जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने घटना के संबंध में बताया कि रविवार सुबह एक रोडवेज बस यहां से लखनऊ जा रही थी। वही, सीतापुर से 15 सवारियों को लेकर एक कार जनपद की ओर आ रही थी।



❒ हादसे में 10 लोग घायल, छह की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर

❒ मुख्यमंत्री योगी ने हादसे का लिया संज्ञान, अधिकारियों को दिए निर्देश

सड़क की एक दिशा पर काम हो रहा था तो दूसरी दिशा से ही वाहन आ जा रहे थे। लखीमपुर-सीतापुर मार्ग के ओयल मोड़ पर रोडवेज बस और कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई है, जिनकी पहचान एलआरपी निवासी गुड्डू उर्फ सुनील, पिपर झाला निवासी सरफराज, बहराइच का रामशंकर, बुद्धराम उर्फ बुद्धू और एक अज्ञात की मौत हो गई है। ● शेष पेज 11 पर

# भ्रामक ग्राफ़ और अपारदर्शी डेटा विश्लेषण गुमराह करने वाला : आयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ उत्तर प्रदेश के कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हाल ही में प्रकाशित एक लेख और उसके ग्राफ़ों का निर्वाचन आयोग ने खंडन किया है और कहा है कि ये आयोग के आंकड़ों से मेल भी नहीं खाते हैं।

आयोग ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लेख के ग्राफ-3 को लेकर पोस्ट करते हुए कहा है कि यह ग्राफ़ नवंबर 2024 के उपचुनाव में मतदान प्रतिशत को अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ-वार वोट प्रतिशत से जोड़कर दिखाता है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लोकसभा चुनावों में 128 बूथ ऐसे थे जहाँ भाजपा को 10 प्रतिशत से कम वोट मिले थे। इनमें से 66 बूथों (50 प्रतिशत से अधिक) में उपचुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत 46 प्रतिशत से ऊपर था, जबकि लेख के ग्राफ़ में 0Ꞩ10 प्रतिशत श्रेणी में ऐसा कोई डेटा दिखाई नहीं देता।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लेख में दावा किया गया है कि कुंदरकी में मतदान प्रतिशत 67.7 प्रतिशत से गिरकर 57.8 प्रतिशत होने का कारण मुस्लिम मतदाताओं का दमन था जो यह गलत है। उप्र की आठ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में मतदान प्रतिशत लोकसभा चुनावों की तुलना में कम हुआ है। उदाहरण के लिए, गाज़ियाबाद विधानसभा में मतदान लगभग 14.5 प्रतिशत घटा, जबकि वहाँ मतदाता दमन की कोई शिकायत दर्ज नहीं हुयी।

लेख में मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर बहादरपुर गाँव का उदाहरण दिया गया है। यहाँ पाँच मतदान केंद्रों में कुल 3544 मतदाता हैं, जिनमें 3075 मुस्लिम हैं। लेख के अनुसार लोकसभा और उपचुनाव के बीच 124 नाम हटाए गए, जिनमें 110 मुस्लिम थे (लगभग 89 प्रतिशत) हैं। जबकि आयोग के मुताबिक बताए गए आंकड़े वास्तविकता से मेल नहीं खाते हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव आयोग धर्म-आधारित मतदाता डेटा सार्वजनिक नहीं करता है। लेख में जो पाँच ग्राफ़ शामिल किए गए हैं, उनमें से तीन का आधार कथित निजी डेटा है। ऐसे में उसके निष्कर्षों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। लेख ने सीएसडीएस सर्वेक्षण का हवाला देकर दावा किया है कि केवल दो प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को वोट दिया। इस बावत आयोग का कहना है कि सर्वेक्षण हमेशा त्रुटिहीन नहीं होते और न ही यह माना जा सकता है कि भविष्य में भी यही अनुपात रहेगा। उप्र में कई एग्ज़िट पोल और प्री-पोल सर्वेक्षण हाल के चुनावों में गलत साबित हुए थे।

आयोग ने कहा है कि किसी भी चुनावी नतीजे पर सवाल उठाना लोकतंत्र में स्वाभाविक है, लेकिन इसके लिए ठोस और पारदर्शी आंकड़ों पर आधारित तर्क आवश्यक हैं। भ्रामक ग्राफ़ और अपारदर्शी डेटा पर आधारित विश्लेषण न केवल गुमराह करता है बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को भी कमजोर करता है।

## चोरी-छिपे काटे गए 18 आम के पेड़, बाग मालिक ने दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। राजधानी के मलिहाबाद क्षेत्र में चोरी छुपे अंजीर और शीशम के डेढ़ दर्जन पेड़ों की अवैध कटाई का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम कसमंडी कला निवासी मो0 शान पुत्र स्व. सहाबुल हक ने कोतवाली मलिहाबाद में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके मीठेनगर स्थित बाग गाटा संख्या 179 रकबा (00.80) से 18 हरे-भरे आम के पेड़ चोरी-छिपे काट लिए गए। जिसमें 6 पेड़ अंजीर और बाकी सभी शीशम के पेड़ थे। पीड़ित शान खां के मुताबिक 26 सितंबर 2025 को जब वह अपने बाग पहुंचे, तो वहां पेड़ कटे हुए मिले। मामले की जानकारी करने पर पता चला कि गांव के ही कालीदीन यादव, देवान यादव पुत्र कामता प्रसाद, सुरेंद्र कुमार यादव, संजीत कुमार यादव पुत्र शिव कुमार, अजीत कुमार, शक्तिदीन यादव पुत्र बिहारी और भाईलाल यादव पुत्र बिहारी ने मिलकर यह कटाई की है। पीड़ित ने बताया कि पेड़ों की अवैध कटाई से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित नें मलिहाबाद पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख़्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## मिशन शक्ति स्टॉल का सहायक पुलिस आयुक्त बारा ने किया शुभारंभ

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत रविवार को थाना लालापुर क्षेत्र के ग्राम अमिलिया स्थित मंसूरिया माई मंदिर परिसर में विशेष स्टॉल का शुभारंभ किया गया। स्टॉल का उद्घाटन सहायक पुलिस आयुक्त बारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले में आने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही, उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक कर सुरक्षा की भावना विकसित की जाएगी। मिशन शक्ति टीम ने उपस्थित महिलाओं व छात्राओं को गुड टचꞨबैड टच की जानकारी दी और महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा पुलिस आपातकालीन नंबर 112 सहित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं के उपयोग के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त बारा के साथ थानाध्यक्ष अनुभव सिंह, म0उ0नि0 सौम्या देवी, म0उ0नि0 रेखा भारती, उ0नि0 कौशल कुमार, हे0का0 राधामोहन तथा का0 जयकुमार प्रजापति मौजूद रहे। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत इस पहल को ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं और बालिकाओं ने सराहा और इसे उपयोगी बताया।

## भारत में बनी वस्तुओं को ही बेचें और खरीदें: ब्रजेश पाठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री के '' ''मन की बात'' कार्यक्रम का 126वां संस्करण लखनऊ महानगर में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने लखनऊ के अलग-अलग बूथों पर क्षेत्रवासियों के साथ सुना। मीडिया से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वदेशी चीजों को खरीदें और उनको ही बेचें। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश में यह अभियान आंदोलन का रूप ले चुका है। हम सब जब व्यापारी बंधुओं के बीच बाजारों में जा रहे हैं तो सभी की यह भावना दिख रही है कि हम भारत में बनी हुई वस्तुओं को ही बेचें और खरीदें। ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी नेवी की बेटियों ने लगातार 8 महीने तक पतवार वाली नाव से 47000 किलोमीटर से अधिक की समुद्री यात्रा की है जिसको उन्होंने आज हम सबसे साझा किया। मैं उन बेटियों के साहस को नमन करता हूं। उनका अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री ने जो नारा दिया था-बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उसको आज हम धरातल पर उतरते हुए देख रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण लागू कर प्रधानमंत्री मोदी ने देश की बेटियों को उनका हक देने का कार्य किया है। नवरात्र के पर्व के अवसर पर मातृ शक्तियों को प्रणाम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी स्वदेशी को लगातार बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं जिसके लिए हमारी प्रतिबद्धता है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट मंडल 3 के महात्मा गांधी वार्ड में बूथ संख्या 281 पर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने पूर्व मंडल 5 बूथ संख्या 349 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा की बूथ संख्या 116 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल ने पूर्व मंडल 3 में सरस्वती शिशु मंदिर में, विधायक ओ पी श्रीवास्तव ने शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड की बूथ संख्या 11 पर मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना।

## प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो संवाद कार्यक्रम 'मन की बात' के 126वें संस्करण का प्रसारण रविवार को वाराणसी में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने पूरे उत्साह से सुना। प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सिगरा क्षेत्र के राजन शाही कॉलोनी स्थित अपने कैंप कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' का श्रवण किया। डॉ. दयालु ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम मात्र संवाद नहीं, बल्कि देशवासियों के मन को जोड़ने और दिशा देने वाला सशक्त मंच है। उन्होंने बताया कि आज प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर को खादी अपनाने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान किया है। यदि हम सब देश में निर्मित कपड़े, जूते, घड़ी, मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि का उपयोग करेंगे, तो इससे भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और देश जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। आयुष मंत्री ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि 'मन की बात' हमें केवल सुनने का नहीं, बल्कि उसमें बताए गए संदेशों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में अवध नारायण राय, गौरव राठी, पार्षद सिंधु सोनकर, पार्षद जितेंद्र कुशवाहा, सौरभ राय, चंद्रप्रकाश जैन, दिनेश कुमार सिंह (दीनू), तुषार सेठ आकाश पांडेय, अरुण सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### अवैध खनन पर लालापुर थाना प्रभारी का सख्त रुख

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के लालापुर थाना प्रभारी अनुभव सिंह लगातार एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने खनन माफियाओं को सख्त चेतावनी दी है कि उनके रहते क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि यदि थाने का कोई भी पुलिसकर्मी इस अवैध गतिविधि में संलिप्त पाया गया तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शिता की मिसाल मानी जा रही है। जनता ने इस रुख का समर्थन किया है और उम्मीद जताई है कि इससे अवैध खनन पर रोक लगेगी।

### महिला की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महेवा यमनोत्री नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान प्राची पांडे, पत्नी अनिल कुमार पांडे के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और परिजनों व पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है। यह दुखद घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। आत्महत्या की पुष्टि के साथ-साथ अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### महिला सशक्तिकरण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लालापुर थाना परिसर में मां मसूरियन देवी मंदिर के पास महिला सशक्तिकरण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र का शुभारंभ सहायक पुलिस आयुक्त बारा कुंजलता ने किया। स्थानीय लोगों ने इस सराहनीय प्रयास के लिए थाना प्रभारी अनुभव सिंह की प्रशंसा की। उनका मानना है कि इससे महिलाओं को सुरक्षा और परामर्श की सुविधाएं मिलेंगी। यह केंद्र महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पुलिस और समाज के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा : एसीपी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहरिया थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई एक घटना के संबंध में एसीपी फूलपुर विवेक यादव ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पूछताछ जारी है। एसीपी ने आम जनता से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस चौकसी बरत रही है। यह बयान लोगों में विश्वास बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री को गाली देने वाले पर सख्त कार्रवाई

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सोशल मीडिया पर गाली देने वाले अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में एसीपी बारा ने कहा कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि के खिलाफ इस तरह की भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साइबर सेल इस मामले पर नजर बनाए हुए है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया का संयमित उपयोग करें। यह कार्रवाई अभिव्यक्ति की आज़ादी और कानून के बीच संतुलन बनाने की मिसाल बन रही है।

### प्रयागराज में धारा 163 लागू, सख्त आदेश जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से धारा 163 लागू कर दी गई है। इस संबंध में आदेश एडिशनल पुलिस कमिश्नर अजय पाल शर्मा ने जारी किया है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अराजकता पर नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस को संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है जिससे शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे। नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की गई है।

### शीतला माता मंदिर में सुरक्षा का निरीक्षण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के थाना मेजा अंतर्गत शीतला माता मंदिर में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नवरात्रि और रावण दहन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिसमें भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया टीम की तैनाती शामिल रही। डीसीपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। स्थानीय जनता ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इससे लोगों में सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ा है।

### पौधारोपण अभियान की शुरुआत



**वाराणसी।** चितईपुर वार्ड में होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट द्वारा नगर निगम के सहयोग से पौधारोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की वृद्ध माताओं को होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट द्वारा तिरपाल और बाल्टी वितरित की गई। आज कुल 50 पौधे लगाए गए तथा आसपास के 12 लोगों को पर्यावरण मित्र बनाया गया, जिनका उत्तरदायित्व इन पौधों की देखभाल एवं संरक्षण करना होगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने कहा कि होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट संस्था द्वारा किये जा रहे कार्य बहुत सकारात्मक है एवं इससे समाज की मदद होती है जो सराहनीय है। बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान से लोग जुड़ेंगे तो ग्रीन काशी का सपना अवश्य सफल होगा। होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय ने कहा कि संस्था का प्रयास है कि समाज को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा हो। नगर निगम के सहयोग से चलाए जा रहे इस अभियान में अधिक से अधिक लोग जुड़ें, यही हमारी अपील है। साथ ही, होप वेलफ़ेयर ट्रस्ट ने शहर में ऐसे कई तालाबों को चिह्नित किया है, जहाँ आगे और पौधारोपण किया जाएगा, ताकि हरित काशी के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

### राजभवन में स्वयं सहायता समूहों के विविध उत्पादों की लगी प्रदर्शनी

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को राजभवन में स्वयं सहायता समूहों के विविध उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गई।प्रदर्शनी में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प उत्पाद, अगरबत्ती, कैंडल सहित कई दैनिक उपयोगी सामग्री प्रदर्शित की गई।राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रदर्शनी में पहुंचकर इन उत्पादों का अवलोकन किया तथा उत्साहपूर्वक क्रय कर उत्पादकों का मनोबल बढ़ाया।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक अस्पताल के मीटिंग हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें ANHA चैरिटेबल ब्लड सेंटर का सहयोग रहा।

शिविर का उद्घाटन चिकित्सा निदेशक डॉ. एस. के. हांडू ने किया। उन्होंने न केवल प्रेरक उद्बोधन दिया, बल्कि स्वयं रक्तदान कर उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि Ꞩहर यूनिट रक्त चार जीवन बचा सकता है। इसके विभिन्न घटक अलग-अलग रोगियों के उपचार में काम आते हैं।

कार्यक्रम में कुल 21 रक्तदाताओं ने भाग लिया, जिनमें इएꞨꞨ डॉ. मंजुलता हांडू, इएꞨꞨडॉ. मृत्युंजय, इएꞨꞨडॉ. गौतम सेन सहित अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, रेलवे स्टाफ और उनके परिजन शामिल रहे।

सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह, प्रशंसा पत्र और स्वल्पाहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कल्पना मिश्रा और ACHD डॉ. उषा एस. पी. यादव (नोडल अधिकारी) ने की। डॉ. उषा ने कहा कि यह आयोजन समुदाय की संवेदनशीलता और सहानुभूति का उदाहरण है, जिसमें रोगियों और परिजनों ने भी भाग लेकर इसे और विशेष बना दिया। समापन अवसर पर डॉ. एस. के. हांडू ने डॉ. उषा एस. पी. यादव, श्री डेविड नविन तिवारी, श्री शिव सागर, श्री जितेंद्र वर्मा तथा प्रयोगशाला टीम के सदस्यों Ꞩ श्री उमेश भारती, श्री पवन और श्री अशुतोष Ꞩ को विशेष धन्यवाद दिया। यह आयोजन अस्पताल की जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रमाण है, जो इस विश्वास को पुष्ट करता है कि Ꞩस्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है और सशक्त परिवार ही मजबूत समाज का निर्माण करते हैं।

## मनाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा



वाराणसी। भारतीय रेलवे के साथ-साथ वाराणसी मंडल पर भी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक ''स्वछोत्सव'' थीम पर ''स्वच्छता ही सेवा'' पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अभिषेक राय नेतृत्व में ''स्वच्छोत्सव'' थीम के साथ ) के साथ पर ''यूथ कनेक्ट'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जा सके, प्लास्टिक बैग के स्थान पर सूती बैग का उपयोग किया जा सके, स्टेशन और ट्रेन को साफ रखने के लिए कूड़ेदान का उपयोग किया जा सके। इसके साथ ही वाराणसी मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्री प्रतीक्षालय, छात्रावास, विश्राम कक्ष आदि में सार्वजनिक शौचालय की साफ-सफाई और उन्नयन किया गया। वाराणसी मंडल के स्टेशनों पर कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षकों ने स्टेशन पर कार्यरत रेलवे कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत के नारे, पोस्टर और बैनर के माध्यम से स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया। आज आज 28 सितंबर 2025 को प्रमुख स्टेशनों (आजमगढ़, वाराणसी सिटी, बनारस, भटनी, बलिया, बेल्थरा रोड, छपरा, देवरिया सदर, गाजीपुर सिटी, मऊ, प्रयागराज रामबाग, सलेमपुर और सीवान स्टेशनों पर ''यूथ कनेक्ट'' स्वच्छता ही सेवा 2025 के तहत यूथ कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन कर यात्रियों, रेलवे कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों को एकल उपयोग प्लास्टिक और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

## मिशन शक्ति फ़ेज-5 के तहत महिलाओं को किया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला अपराध निरोधक समिति प्रयागराज की महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सोनिका के नेतृत्व में शनिवार को थाना झूसी एवं थाना सराय इनायत क्षेत्र में मिशन शक्ति फ़ेज-5 के अंतर्गत जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में समिति की टीम Ꞩ सुषमा यादव, रेखा भारती, सीमा देवी, सुमन देवी, पूजा, गायत्री, पुष्पा, मनीषा, संगीता देवी, रानी, अमित, तुलसी व चंद्रप्रकाश ने सक्रिय भागीदारी की। अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। मौके पर थाना अध्यक्ष झूसी एवं थाना अध्यक्ष सराय इनायत अपनी महिला पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का आह्वान किया और भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने अभियान के दौरान महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और अपराध निरोधक उपायों की जानकारी दी। साथ ही मिशन शक्ति अभियान की महत्ता साझा करते हुए महिलाओं को जागरूक और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

## शहीद भगतसिंह की जयंती पर पैदल मार्च और सांस्कृतिक कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । शहीद-ए-आजम भगतसिंह के 118वें जन्मदिवस के अवसर पर दिशा छात्र संगठन एवं नौजवान भारत सभा द्वारा शहीद स्मृति अभियान के समापन के रूप में एक पैदल मार्च और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह मार्च इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र संघ भवन से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय चौराहा, पनीर चौराहा, इंडियन प्रेस चौराहा होते हुए आज़ाद पार्क स्थित चंद्रशेखर आज़ाद की प्रतिमा तक पहुंचा।

मार्च के उपरांत वहां जनसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। दिशा छात्र संगठन की म्यूजिक टीम 'सॉन्ग ऑफ यूथ' ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किए, जबकि हर्ष, जय, निधि आदि ने प्रेरणादायक कविताएं पढ़ीं। वक्ता अविनाश ने भगतसिंह की विचारधारा पर बोलते हुए कहा कि वे केवल बम और पिस्तौल के क्रांतिकारी नहीं थे, बल्कि उनका सपना एक शोषणमुक्त समाज का निर्माण था।

आज भी हमारे समाज में अशिक्षा, मंहगाई, जातिवाद और सांप्रदायिकता जैसी समस्याएं मौजूद हैं, जिनसे लड़ने के लिए युवाओं को भगतसिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन चंद्रप्रकाश ने किया। इस मौके पर प्रियांशु, सौम्या, चंचल, अंजलि, पूनम समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं व युवा शामिल हुए।

# पीजीआई : भव्य मां का जागरण हजारों की संख्या में रही भीड़

**वालीवुड गायक विपिन सचदेवा व अनामिका त्रिपाठी के भजनों को सुन भाव विभोर हुए श्रोता**

**करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने पूर्व मंत्री स्वाति सिंह को किया सम्मानित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। क्षेत्र के एस.जी.पी.आई के समीप वृंदावन योजना गेट के समीप 18वां भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य आयोजक पीजीआई व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू रहें। जागरण में फिल्मी गायक विपिन सचदेवा साथ में सुर संग्राम विजेता अनामिका त्रिपाठी व अंतराष्ट्रीय लोक गायक दीपक त्रिपाठी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां जगराता के सुंदर-सुंदर भजनों को सुना और झांकियों का आनंद लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची पूर्व मंत्री स्वाति सिंह ने सर्वप्रथम माता जी के चरणों में अर्जी लगाई , बॉलीवुड के गायको के भजनों को सुन भाव विभोर हो गई। मुख्य अतिथि का करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह ने श्री राम की प्रतिमा देकर उन्हें सम्मानित किया । इस भव्य जागरण में सुरीली आवाजों को सुनने के लिए क्षेत्र के तमाम कद्दावर नेता समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां के चरणों में अर्जी लगाई और मां का आशीर्वाद लिया । हालांकि बड़ी संख्या में भीड़ देख प्रशासन जागरण में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# चालक को झपकी आने के कारण डीसीएम ओवर ब्रिज के खंभे से टकराई, चालक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा। इलाके के लखनऊ ऽकानपुर हाइवे पर शनिवार की रात चालक के झपकी आने से उसकी डीसीएम अनियंत्रित हो ग?ई और निर्माणाधीन ओवरब्रिज के खंभे में घुस गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के गजनेर थाना भवानीपुर निवासी चालक मोहम्मद इरफान ( 23 ) शनिवार की रात डीसीएम संख्या यूपी 78 जीटी 6437 लेकर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच बंथरा थाने से करीब दो सौ मीटर पहले एनबीआर?आई के पास उसे झपकी लगी जिससे उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और निर्माणधीन ओवरब्रिज के पिलर संख्या 57 में घुस गई। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक इरफान उसी में फंस गया। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस जब मौके पर पहुंची तो चालक को बाहर निकालकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम का पिछला हिस्सा सड़क पर होने के चलते लखनऊ से कानपुर वाले छोर पर यातायात बाधित होने से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी रही। पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क पर मौजूद डीसीएम के हिस्से को डिवाइडर पर कराया तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

# निगोहां पुलिस ने धर्म परिवर्तन करने वाले गिरोह के सरगना को किया गिरफ्तार

**पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने निगोहा पुलिस को दिया 25 हजार का पुरस्कार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । निगोहां पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान निगोहा के बख्तौरी खेड़ा निवासी मलखान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से दो किताब बाइबिल के सिद्धांत और प्रचार-प्रसार की सामग्री बरामद की है। निगोहां पुलिस के अनुसार मलखान अपने खेत पर हाल की तरह का मकान बनाकर वहां प्रार्थना सभा कराता था। हर रविवार व गुरुवार को वह गरीब व अशिक्षित अनुसूचित जाति की महिलाओं व बच्चों को बीमारी ठीक करने और चमत्कार का हवाला देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता था। ईसाई दीक्षा देकर धर्मांतरण कराता था। पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में मलखान ने स्वीकार किया कि उसने हिन्दू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया है। उसने अपने बच्चों व रिश्तेदारों के नाम भी बदल दिए हैं। आरोपी ह्ययीशु चंगाई सभा नाम से व्हाट्सएप ग्रुप भी चलाता था, जिसमें अनुसूचित जाति के लोगों को जोड़कर धर्मांतरण कराया जाता था। पुलिस की इस सफलता पर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने निगोहां पुलिस टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के वित्तीय स्त्रोतों और धर्म परिवर्तन से जुड़े अन्य पहलुओं की गहन जांच की जा है।

# युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिला कार्यकारिणी का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लखनऊ जिला इकाई के कैंप कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लखनऊ जिले के जिला अध्यक्ष के. के. रघुवंशी ने की। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई।

जिला अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मज़बूत करना ही प्राथमिकता है और इसके लिए योग्य, ईमानदार व समर्पित साथियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी क्रम में संदीप कुमार को जिला सचिव, हरकेश कुमार को जिला मीडिया प्रभारी, परमहंस को जिला महामंत्री, रामदेव को जिला महामंत्री, राज सिंह यादव को मलिहाबाद विधानसभा प्रभारी, निर्भय कुमार को सरोजिनी नगर विधानसभा अध्यक्ष, अमित त्रिपाठी को जिला सचिव, सौरभ शर्मा को जिला मंत्री, तथा अजय कुमार को बीकेटी विधानसभा अध्यक्ष, अमरेश मिश्र को जिले का महामंत्री के रूप में मनोनीत किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले तक मज़बूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और मिशन को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस अवसर पर उन्नाव जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार रावत एवं उन्नाव जिले के मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को और अधिक ऊर्जा व दिशा देने की अपेक्षा जताई।

कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष श्री रघुवंशी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज़ को बुलंद करने के लिए कृतसंकल्प है और इसी दिशा में यह नए दायित्व संगठन को गति और मजबूती देंगे।

## नगराम : डिघारी गांव में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, तीन पर मुकदमा

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के डिघारी गांव में जमीन कब्जे को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित की तहरीर पर नगराम पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के डिघारी गांव के रहने वाले हितेश द्वीवारा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार की शाम वह अपने घर के पास लगे टेंट को खोल रहा था। उसी दौरान गांव के ही निवासी हरिशंकर, सुरेश प्रजापति और राम किशुन वहां पहुंच गए और जबरन कब्जा करने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जब उसने रोकने की कोशिश की तो उक्त लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी भी दी। विवाद बढ़ता देख पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर हरिशंकर, सुरेश प्रजापति और राम किशुन के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की मामले की जांच की जा रही है।

## प्रकृति भारती में 3100 कन्याओं का हुआ पूजन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रकृति भारती कार्यालय पर रविवार को मोहनलालगंज के आसपास सेवा बस्तियों से आयी 3100 कन्याओं का पूजन किया गया। प्रकृति भारती पहुंचने पर प्रेरणा कार्यालय से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सभी कन्याओं के पैर धुले और फिर बैठाकर भोज कराया। कन्या पूजन के बाद सभी कन्याओं को दक्षिणा दी गयी और उन्हें उपहार भी भें?ट किए गये।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख ने कहा कि नवरात्रि में कन्या पूजन का विशेष महत्व है। कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है। इसलिए कन्या पूजन करने से जीवन में शांति और आशीर्वाद की प्राप्ति होती है। पूर्व दर्ज़ा प्राप्त मंत्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। बेटियों को समान अवसर उपलब्ध कराना चाहिए। आज हर क्षेत्र में भारत की बेटियां आगे बढ़ रही हैं।

# बीकेटी में मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बीकेटी,लखनऊ । रविवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लखनऊ जिले की विधानसभा बख्शी का तालाब में चंद्रिका देवी मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और प्रदेश वासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना की।उसके बाद बीकेटी विधानसभा के बूथ संख्या 158 रामपुर देवरई के श्रीपति लॉन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना और श्रीपति लान प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण किया और आत्मनिर्भर भारत,स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर हस्ताक्षर किए।इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने भी आत्मनिर्भर,भारत स्वदेशी संकल्प पत्र भरकर हस्ताक्षर किए।प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने जीएसटी महोत्सव के अंतर्गत नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफॉर्म के विषय में बख्शी का तालाब के बाज़ार में व्यापारियों से वार्ता की और इस जीएसटी रिफॉर्म से जनमानस को हो रहे लाभों के बारे में बताया।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय राय,प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा,जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, विधायक योगेश शुक्ला समेत पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## समेसी : महिला को ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर , घायल, ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी

नगराम , लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के समेसी में बीते शनिवार की दोपहर एक ट्रैक्टर चालक ने महिला को टक्कर मार दिया , जिससे महिला घायल हो गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ललई खेड़ा गांव की रहने वाली फूलमती ने नगराम थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीते शनिवार की दोपहर अपने दरवाजे पर खड़ी थी आरोप है कि गांव का ही रामचन्दर तेज रफ्तार से ट्रैक्टर चला रहा मना करने पर उसे टक्कर मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर गई और उसे चोट लग गई। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## विकसित यूपी 2047: जनता ने दिये आईटी हब, स्वास्थ्य और गन्ना मिल शुरू करने के सुझाव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में जारी योगी सरकार का 'समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान' नई ऊंचाइयां छू रहा है। प्रदेश के सभी 75 जिलों में करीब 300 नोडल अधिकारी और प्रबुद्धजन विभिन्न वर्गों के लोगों से संवाद कर रहे हैं। संवाद का यह वर्चुअल मंच न केवल उपलब्धियों को रेखांकित करने का अवसर बना, बल्कि पंचायत स्तर पर नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की सामूहिक प्रतिबद्धता का भी प्रमाण बना। इसी क्रम में एटा जनपद से शीतलपुर के ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उनका ब्लॉक पूरे अलीगढ़ मंडल में मॉडल ब्लॉक के रूप में पहचाना जा रहा है, जहाँ बीते आठ वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। विकास की इस निरंतरता को आगे बढ़ाते हुए कानपुर देहात के सरवनखेड़ा ब्लॉक की प्रमुख उर्वशी सिंह ने वर्षा जल संचयन, पिंक टॉयलेट जैसी योजनाओं और ग्रामीण बाजारों के उन्नयन से जुड़ी पहलें साझा कीं।

# मटियारी में भव्य जागरण का आयोजन, किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नवरात्र के अवसर पर शहर से लेकर गांव-गांव में मां भगवती के जगराते का आयोजन किया जा रहा है, नवरात्र महोत्सव पर लखनऊ की विधानसभा बख्शी तालाब अंतर्गत आने वाले क्षेत्र चिनहट मटियारी के शिव शांति इनक्लेव में भव्य जागरण का आयोजन किया गया , जिसके आयोजक पंडित आशीष शर्मा रहे। इस भव्य जागरण में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदस्य जिला पंचायत लखनऊ अमरेन्द्र भारद्वाज ने महामाई जगदंबा की पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर आयोजक पंडित आशीष शर्मा ने अमरेन्द्र भारद्वाज समेत उनके समर्थकों को अंगवस्त्र पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। वहां के लोगों का कहना था कि अमरेन्द्र भारद्वाज को कही से कोई भी बुलावा आया है तो सभी धर्म के आयोजन में पंहुचने का प्रयास करते हैं। इस मौके पर पंडित आशीष शर्मा, शिवकुमार भारद्वाज, गौरव भारद्वाज , सचिन शर्मा समेत बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भजनों को श्रवण किया। सुंदर सुंदर भजनों को सुन भाव विभोर हुए श्रोता और झूमने को मजबूर हो गए।

# संवेदनशील नेतृत्व, सतत संवाद : सरोजनीनगर में लगा 137 वाँ 'आपका विधायक -आपके द्वार'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**संवेदनशील नेतृत्व सतत संवाद : सरोजनीनगर में लगा 137 वाँ 'आपका विधायक -आपके द्वार'**

**स्वास्थ्य, सम्मान और योजनाओं का लाभ, : विधायक राजेश्वर के बहुआयामी दृष्टिकोण से आगे बढ़ता सरोजनीनगर**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में निरंतर जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि शासन-प्रशासन की योजनाओं और जनसुविधाओं का लाभ सीधे अंतिम नागरिक तक पहुँचे। इसी क्रम में रविवार को दक्षिण प्रथम मंडल के अंतर्गत दरोगा खेड़ा, काशीराम कॉलोनी में 137वाँ 'आपका विधायक ऽ आपके द्वार' जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया।

जनसमस्याओं का त्वरित समाधान शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क, नाली, साइकिल, पीएम आवास जैसी कुल 37 समस्याएँ एवं आवश्यकताएँ दर्ज की गईं, जिनके त्वरित समाधान का प्रयास किया गया। इस अवसर पर 10 आयुष्मान कार्ड, 2 आभा कार्ड, 3 वोटर आईडी और 1 राशन कार्ड बनाए गए तथा एक किसान सम्मान निधि की केवाईसी भी पूर्ण कराई गई। सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविरः आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें 104 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और 50 वृद्धजनों को चश्में प्रदान किए गए। युवाओं को सम्मान और संसाधनः गाँव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं अंशिका गुप्ता (95%), शिवानी (74.5%), सौम्य अवस्थी (73%) एवं करण गौतम (67%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प के क्रम में 150वाँ बॉयज़ यूथ क्लब एवं 88वाँ गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया और खेल किट वितरित की गई। शिविर में उपस्थित मंडल अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक डॉ. अजीत गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सीमा सिंह, पार्षद गीता देवी, राजेश सिंह, पूर्व आईपीएस ऋषि, अजय, कमल, आदर्श, गुड्डू सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# पी.एन. सहगल और डी.जे. कॉलेज बना कबड्डी में चैम्पियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय कबड्डी (बालक) प्रतियोगिता, 2025-2026 का आयोजन दिनांक 26.09.2025 को पी.एन. सहगल इंटर कॉलेज कनवाखेड़ा में किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में अंडर 14 और अंडर 19 में कराई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक प्रेमलता सहगल, उप प्रबंधक सुयश नारायन सहगल और विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नंदन पाण्डेय और विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रशांत पांडे ने किया। अंडर 14 सब जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में पी.एन. सहगल इंटर कॉलेज ने सहगल सिटी मांटेसरी स्कूल को 25-20 से पराजित कर विजेता बना।

अंडर 19 सीनियर बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में जे.एल.एम.डी.जे. इंटर कॉलेज, खैराबाद ने पी.एन. सहगल इंटर कॉलेज की टीम को एकतरफा मुकाबले में 45-17 से हराकर विजय हासिल की। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अजय रावत, धीरेन्द्र कुमार वर्मा, संतोष कन्नौजिया, जय प्रकाश और पंकज आदि लोग मौजूद रहे। अभिलेख समिति में डॉ. निखिल कुमार रस्तोगी, दीप कुमार वर्मा, पवन कुमार, विवेक कुमार शुक्ल, अनूप कुमार सिंह, भूषण मिश्र, अरविंद पटेल आदि लोग रहे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय श्रीवास्तव के द्वारा पुरस्कार वितरण कर बधाई दी गई और दिनांक 29.09.2025 को जनपद हरदोई में होने वाली मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ शाह आलम खान राणा, लक्ष्मी, गरिमा सोनकर, मुख्तार अली आदि लोग मौजूद रहे।

# आगामी 8 नवंबर से होगा कथा का आयोजन 7 नवंबर को निकलेगी शोभायात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लहरपुर (सीतापुर) तहसील क्षेत्र के सकरन मे बीते कई वर्षो की तरह परंपरागत ढंग से रविवार को रामचरितमानस यज्ञ समिति सकरन की बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मती से आगामी 8 नवंबर 2025 दिन शनिवार से 14 नवंबर 2025 दिन शुक्रवार तक सात दिवसीय हनुमत महायज्ञ एवं श्री राधा गोपाल लीला संस्थान श्री धाम गोविंद विहार वृन्दावन द्वारा भव्य रासलीला कार्यक्रम का आयोजन कराए जाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष योगराज सिंह ने बताया कि उक्त महायज्ञ की शोभा यात्रा दिनांक 7 नवंबर 2025 दिन शुक्रवर को प्रातःकाल 10:00 बजे से निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम श्री श्री 1008 श्रीमद परम हंस स्वामी प्रकाशानंद सरास्वती जी महाराज ''फलाहरी बाबा'' के सानिध्य व दिशा निर्देशन में संपन्न होगा। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य का दायित्व पंडित राजाराम अवस्थी अपने पूरे वैदिक मंडल के साथ संपन्न करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कन्या भोज व अरणी मंथन के द्वारा अग्नि का प्रादुर्भाव दिनांक 10 नवंबर 2025 दिन सोमवार को होगा। एक प्रश्न के उत्तर में समिति के प्रबंधक विमल कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे कार्यक्रम का अनुमानित व्यय लगभग 2 लाख 51000 होगा जिसके लिए समिति अपने सदस्यों से आकांक्षा करती है। बैठक के दौरान समिति के उपाध्यक्ष रोहित कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार जयसवाल प्रधान संतोष कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यगण व स्थानीय सम्भ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन 1.35 लाख विजिटर्स पहुंचे इंडिया एक्सपो मार्ट

एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का चौथा दिन रोज़गार सृजन, कौशल विकास और स्वदेशी वस्त्रों के संवर्द्धन को समर्पित रहा। इस दिन कुल 1,34,938 दर्शक यहा पहुंचे, जिनमें 36,307 बी2बी और 98,631 बी2सी विज़िटर्स शामिल रहे। इस तरह पहले चार दिनों में अब तक 4,00,467 लोग मेले का हिस्सा बन चुके हैं। दिनभर चले सेमिनार, पैनल डिस्कशन, पुरस्कार समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने इस मंच को नवाचार और परंपरा का संगम बना दिया।

दिन की शुरुआत कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा, ल्लखादी सिर्फ कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र का गौरव और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यूपी खादी को टिकाऊ और फैशनेबल वस्त्र के रूप में पुनर्परिभाषित कर रहा है।

गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी ने ल्लकौशल विकास हेतु उद्योग-शैक्षणिक संस्थानों के बीच साझेदारीङ्क विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की। शिक्षा विशेषज्ञों और उद्योग जगत ने पाठ्यक्रम को बदलते बाजार के अनुरूप ढालने, इंटर्नशिप व व्यावसायिक प्रशिक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नई शुरू की गई प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना की जानकारी दी। इस योजना के अंतर्गत नियोक्ताओं को भर्ती सब्सिडी और पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर केंद्रित है।

शाम को हुए भव्य पुरस्कार समारोह में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और राकेश सचान मौजूद रहे। इसमें उन उद्यमियों, निर्यातकों और इनोवेटर्स को सम्मानित किया गया जिन्होंने यूपी की औद्योगिक वृद्धि और वैश्विक पहचान में योगदान दिया। सीएम युवा कॉन्क्लेव चौथे दिन का विशेष आकर्षण रहा। यहां 113 स्टॉल लगे, जिनमें 49 चाइज़ ब्रांड, 64 मशीनरी सप्लायर और 26 बिज़नेस ऑन व्हील्स शामिल थे।

# अधिवक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव संघर्षशील रहूंगा : प्रदीप कुमार सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। बिसवा बार एसोसिएशन ने बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सह अध्यक्ष प्रदीप सिंह का किया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश सह अध्यक्ष व प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से मिलकर चुनाव में प्रथम वरीयता का मत व सहयोग देने की अपील की। बिसवा ( सीतापुर ) । बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह अध्यक्ष एवं प्रत्याशी बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रदीप कुमार सिंह के बिसवा भ्रमण कार्यक्रम पर बिसवा बार एसोसिएशन द्वारा किया गया भव्य स्वागत एवं अभिनंदन। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों ने बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह को अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने तहसील बिसवा में बिसवा बार एसोसिएशन एवं बिसवा लायर्स एसोसिएशन के सभी अधिवक्ताओं से संपर्क कर प्रथम वरीयता का मत देंगे की प्रमुख रूप से अपील की। उन्होंने कहा कि वह अधिवक्ताओं के हित में सदैव तत्पर रहते हैं।अधिवक्ता का हित सर्वोपरि है।उनकी हर छोटी से छोटी एवं बड़ी से बड़ी हर समस्या के निराकरण के लिए सतत प्रयत्नशील रहता हूं एवं हमेशा रहूंगा। बिसवा पहुंचने पर सबसे पहले नगर के प्रसिद्ध व प्राचीन पत्थर शिवाला मंदिर में जाकर भोलेनाथ शिव जी के दरबार में माथा टेक कर विधिवत पूजा अर्चना की। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के तहसील बिसवा आगमन पर बार सभागार में वरिष्ठ एडवोकेट ब्रजेश गुप्ता,अशोक कुमार वर्मा,राज किशोर यादव, कैलाश श्रीवास्तव,सूर्य प्रसाद यादव,नईम अंसारी,नीरज कुमार श्रीवास्तव,संतोष कठेरिया,इंतिखाब आलम सिद्दीकी,सत्य प्रकाश सिंह, मनोज गुप्ता,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव,अनमोल मौर्या,प्रमोद कुमार यादव,विपिन कुमार यादव,गौरव सिंह,राम किशोर वर्मा,शिशु पाल यादव,प्रमोद यादव,के.के.वैश्य,नावेद सिद्दीकी,कन्हैया गुप्ता,राहुल कुमार,शानू कनौजिया,सुनील वर्मा,अनुज यादव,ज़ीशान खान आदि अधिवक्ताओ ने माल्यार्पण कर ज़ोरदार स्वागत किया।

## निमंत्रण के लिए घर से निकले खाद व्यापारी की हत्या

फतेहपुर । उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रविवार को सड़क के किनारे खाद व्यापारी का शव मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के अमौली मार्ग किनारे खाद व्यापारी ललित वर्मा उर्फ अमित का शव सड़क के किनारे खून से लथपथ हालत में मिला है। ग्रामीणों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी पर मृतक के परिजन भी पहुंच गये। उन्होंने बताया कि ललित वर्मा एक निमंत्रण में गये थे, इसके बाद से उनका कुछ पता नहीं चला। फोन भी बंद आ रहा था। काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। आज पुलिस के माध्यम से घटना की जानकारी मिली है। परिजनों ने हत्या की आंशका जताई है। क्षेत्राधिकारी दुर्गेश दीप ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है। खुलासे के लिए टीम को लगाया गया है।

# शासन का लक्ष्य आधुनिक शिक्षा को भारतीय ज्ञान परम्परा के फ्रेमवर्क में विद्यार्थियों तक पहुँचाना : जिलाधिकारी

एजेंसी



कानपुर। शिक्षा के क्षेत्र में एक पुनर्ज़ागरण की आवश्यकता को महसूस करते हुए सरकार ने भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना की है। इसका उद्देश्य आधुनिक शिक्षा को भारतीय ज्ञान परम्परा के फ्रेमवर्क में विद्यार्थियों तक पहुँचाना है। इस बोर्ड से मुझे उच्च स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता की अत्यंत आशाएं हैं। यह पहल भविष्य में भारत को ज्ञान आधारित महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। यह बातें रविवार को जिलाधिकारी जितेंद प्रताप सिंह ने कही।

बीएनएसडी शिक्षा निकेतन बेनाझाबर में एक ऐतिहासिक शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन केंद्र सरकार द्वारा गठित भारतीय शिक्षा बोर्ड एक राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के तमाम विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षाविदों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय शिक्षा बोर्ड की स्थापना केंद्र सरकार ने इस उद्देश्य से की है कि भारत की समृद्ध ज्ञान परम्परा को आधुनिक शिक्षा पद्धति के साथ समन्वित कर विद्यार्थियों को एक ऐसी समग्र शिक्षा प्रदान की जा सके, जो केवल नौकरी तक सीमित न रहे। बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण करे। इस बोर्ड के पाठ्यक्रम निर्माण में देश के अग्रणी शिक्षाविदों, मनीषियों एवं नीति-निर्माताओं ने सहभागिता की है। यह बोर्ड राष्ट्रीय स्तर पर नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप शिक्षा में भारतीय दर्शन, मूल्य एवं परंपराओं का समावेश कर एक वैचारिक क्रांति लाने के लिए संकल्पित है। केंद्र सरकार द्वारा इसके संचालन का दायित्व पतंजलि योगपीठ को प्रदान किया गया है। भारतीय शिक्षा पिछले 190 वर्षों से मैकाले द्वारा बनाए गए भारतीय शिक्षा अधिनियम के ब्लूप्रिंट पर ही आधारित है, जिसका उद्देश्य केवल नौकरी योग्य मानव संसाधन तैयार करना था। इस व्यवस्था ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को केवल उनकी नौकरी तक सीमित कर दिया है। लेकिन इतिहास नौकरी नहीं, बल्कि नेतृत्व करने वाले ही बनाते हैं। भारतीय शिक्षा परम्परा व्यक्ति के चरित्र, मूल्य, ज्ञान एवं चेतना–चारों आयामों का समग्र विकास करती है। भारतीय शिक्षा बोर्ड इन दोनों दृष्टिकोणों का समन्वय करते हुए एक ऐसे नागरिक का निर्माण करना चाहता है, जो न केवल ग्लोबल सिटिजन'? बल्कि यूनिवर्सल सिटिजन बन सके। सम्मेलन में बीएसएपी के पदाधिकारी गौरव पांडेय, जया शुक्ला, समाजसेवी मीना द्विवेदी, शक्ति शुक्ला, कुसुम द्विवेदी, पिंकी साहू, पतंजलि योगपीठ के रजनीश सिन्हा, तथा नगर की पार्षद नीलम शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के बीस अधिकारी प्रोन्नत

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रशासन ने उच्च न्यायालय सेवा संवर्ग के 20 अधिकारियों को प्रोन्नति प्रदान की है। रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह श्योरान की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार संयुक्त निबंधक गिरीश नारायण तिवारी, वाहिद अबसार, अवनीश कुमार जायसवाल एवं बिनय कुमार मिश्र को निबंधक पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी क्रम में उपनिबंधक संजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार पंचम, राजकुमार पांडेय एवं कामता नाथ को संयुक्त निबंधक पद पर, सहायक निबंधक मोहम्मद अज़ीम ख़ान, ममता शुक्ला, अशफ़ाक़ अहमद सिद्दीकी, निवेदिता धर एवं प्रभात माथुर को उप निबंधक, अनुभाग अधिकारी सत्या सिंह, सुशांत सिंह, मयंक भटनागर, चैतन्य सिन्हा, मनीष श्रीवास्तव एवं शरद कुमार को सहायक निबंधक के पद पर पदोन्नति दी गई है। उच्च न्यायालय कर्मचारी अधिकारी संघ के महासचिव निखिल कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयानंद द्विवेदी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव बृजेश यादव, सहायक सचिव अंकुर, कोषाध्यक्ष प्रकर्ष मालवीय, खेल सचिव जुनैद अहमद और कार्यकारिणी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रोन्नत अधिकारियों को बधाई दी है।

## देवी पंडालो में अश्लील गाने गाने पर दो लोगों पर एफआईआर

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के मौदहा कस्बे में देवी पाण्डाल के पास और मुख्य चौराहे पर अश्लील और द्विअर्थी गाना गाने के आरोप में रविवार को पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है हालांकि दोनों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है। कस्बे के नेशनल चौराहे पर महिलाओ और लडकियों को देखकर अश्लील कमैंट्स और द्विअर्थी गाना गाने के आरोप में उपनिरीक्षक विनेश गौतम ने कस्बे के पूर्वी तरौस निवासी अजहर उर्फ़ अज्जू पुत्र बाबू खान को गिरफ्तार किया है जबकि उपनिरीक्षक कोमल ने तहसील रोड स्थित देवी पाण्डाल के निकट अश्लील गाना गाने के आरोप में सदर कोतवाली के कलौली तीर निवासी गुलशन पुत्र संजय वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है। कोतवाली प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि देवी पंडालों पर अश्लील और फूहड़ गाने गाए जाने की शिकायत पर दो लोगों पर मुकदमा लिखा गया है। कार्रवाई की गई है।

## जीएसटी सुधार देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कदम : सांसद

कानपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाए जा रहे जीएसटी रिफॉर्म अभियान के अंतर्गत रविवार को भाजपा नेताओं ने शिवाला बाजार में व्यापारियों से संपर्क कर केंद्र सरकार की नीतियों पर चर्चा की। इस दौरान सांसद रमेश अवस्थी ने दुकानदारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है और जीएसटी सुधार उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, सांसद रमेश अवस्थी, विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुरेश अवस्थी सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। सांसद रमेश अवस्थी ने दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए जीएसटी रिफॉर्म से व्यापार जगत को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

इसी क्रम में जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने जानकारी दी कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आज भाजपा कानपुर उत्तर जिले के 14 मंडलों में से आठ मंडलों में मंडल कार्यशालाएं आयोजित हुईं।

रायपुरवा मंडल कार्यशाला में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने विस्तार से बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी सफल होगी जब हम अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे। उन्होंने स्थानीय उद्योगों और उत्पादों को अपनाने पर विशेष बल दिया।

लाजपत नगर मंडल कार्यशाला में भाजपा जिला महामंत्री अवधेश सोनकर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन कार्यशालाओं में बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## यूपी ट्रेड शो से रोजगार के नए द्वार खुले : राज्य सूचना आयुक्त

गौतम बुद्ध नगर। उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह वत्स ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो में विभिन्न विभागों के स्टाल को वहां पर जाकर देखा । उन्होंने कहा कि ट्रेड शो का बढ़ता आकार और जनता की बढ़ती भीड़ नई उम्मीद जगाने वाली है। ट्रेड शो में प्रदर्शित नए-नए उत्पाद रोजगार के नए द्वार खोल रहे हैं।

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि ट्रेड शो परिसर में आने वाली अधिकतर भीड़ युवा है, जिसकी आँखों में भविष्य के सुनहरे सपने हैं और मन में आगे बढ़ने का संकल्प। विभिन्न स्टालों पर भी युवाओं की संख्या अधिक है जो यह बताती है कि युवा उद्यमी केन्द्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न रोजगार योजनाओं के बल पर सफलता की नई कहानी लिख रहे हैं।

राज्य सूचना आयुक्त ने ट्रेड शो परिसर में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस, पर्यटन, नमामि गंगे, ओडीओपी, नोएडा प्राधिकरण, जेसीएस हनी तथा विभिन्न कार कंपनियों के स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ट्रेड शो की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इसका फायदा ज्यादा लोगों तक पहुंच सके।

## झांसी की हर महिला ''झांसी की रानी'' है : शेखर सुमन

झांसी। फिल्म की शूटिंग के लिए झांसी आए अभिनेता शेखर सुमन ने वीरांगना लक्ष्मी बाई की शौर्य को नमन करते हुए कहा कि मैं खुशनसीब हूं कि मुझे झांसी आने का मौका मिला। उन्होंने झांसी में महिला पुलिस के द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति 5.0 के लिए महिला पुलिस कर्मियों को और झांसी की प्रत्येक महिला को झांसी की रानी बताया। उनके द्वारा जारी किया गया वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है। शेखर सुमन ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर कहा कि वह बहुत खुशनसीब हैं कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की कहानी उन्होंने किताबों में पढ़ी। लेकिन उनका मन था कि वह एक बार झांसी वीरांगना की भूमि पर आए और देखें। उन्होंने कहा कि उन्हें शूटिंग के बहाने झांसी आने का मौका मिला। उन्होंने देखा कि यहां की हर महिला वीरांगना लगती है। यहां एक नहीं आज भी हर महिला झांसी की रानी है। साथ ही उन्होंने महिला पुलिस कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि महिला पुलिस कर्मी भी वीरांगना से कम नहीं है। वह निःस्वार्थ भाव से महिला उत्पीड़न को लेकर पीड़ित महिलाओं की मदद कर रही हैं।

# मिशन शक्ति 5.0 : 4,471 महिलाओं को मिला राशन कार्ड, जीवन में आई नई उम्मीद

### कलेक्ट्रेट में डीएम ने 30 जरूरतमंद महिलाओं को बांटे राशन कार्ड और स्पेशल CSR किट देकर किया सशक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मिशन शक्ति 5.0 के तहत डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में जिले के 4,471 जरूरतमंद पात्र महिलाओं के लिए राशन कार्ड बनाए गए। इस अभियान का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग की महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सशक्त बनाना है।

रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 30 महिलाओं को अंत्योदय और पात्र गृहस्थी राशन कार्ड प्रदान किए। साथ ही उन्हें स्पेशल एट्रट किट भी वितरित किया गया, जिसमें छाता, 2 लीटर पानी की बोतल, बैटरी सहित टॉर्च, दो पैकेट सेनेटरी नैपकिन और मच्छरदानी शामिल थी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें सरकारी योजनाओं और संसाधनों से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। डीएम ने मिशन शक्ति 5.0 की अहमियत पर जोर दिया। कहा कि महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्पॉन्सरशिप योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के जरिये निराश्रित बच्चों को शिक्षा व सहारा उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम मातृत्व वंदना योजना के तहत बालिकाओं के जन्म पर पोषण के लिए आर्थिक सहयोग दिया जाता है, जबकि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत कन्याओं को 6 चरणों में ?25 हजार की मदद प्रदान की जा रही है।

डीएम ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को परिवार में केवल घर की सदस्य नहीं, बल्कि परिवार का मुख्य निर्णयकर्ता और अधिकारधारी बनाने का बीड़ा उठाया है। इसी उद्देश्य से राशन कार्ड में महिला को ही मुखिया बनाया गया है, ताकि उनके परिवार में आवाज़ और अधिकार दोनों मजबूत हों। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने डीएम की इस पहल की सराहना की। लाभार्थी महिलाओं ने कहा कि इस तरह की योजनाएं न केवल उनके जीवन को आसान बनाती हैं, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और सामाजिक सुरक्षा का अहसास भी कराती हैं।

# निर्माणाधीन कोल्ड स्टोरेज की शटरिंग गिरी
# दबने से एक मजदूर की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। गांव महुअरी के पास नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज के लिंटर की शटरिंग रात करीब आठ बजे भरभराकर गिर गई। इससे तीन मजदूर दब गए। देर रात तक दो मजदूरों को निकालकर इलाज के लिए चंदौसी भेजा गया। चार जेसीबी लगाकर तीसरे मजदूर को देर रात निकाला गया। तब तक उसकी मौत हो गई। फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव महुअरी के पास गौरी शॉप चंदौसी वालों का कोल्ड स्टोर बन रहा है। मजदूरों ने दिन में शटरिंग तैयार कर ली थी। रात को लिंटर ढालने को मजदूर बुलाए गए थे। रात करीब आठ बजे शटरिंग भरभराकर गिर गई। इसमें तीन मजदूर दब गए। मौके पर पहुंचे बचाव दल ने टिकोली गांव के 32 वर्षीय ओकेश और 26 वर्षीय राजवीर को निकाला गया। गंभीर हालत में घायलों को चंदौसी के निजी अस्पताल भेजा गया है। मजदूरों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। 28 वर्षीय नीरज को निकालने में करीब दो घंटे लग गए। रात करीब साढ़े दस बजे नीरज को निकाला गया लेकिन तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया। मजदूर की मौत पर परिजनों ने कोहराम मच गया। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचीं पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम को निर्माण कार्य में गई अनियमितता मिलीं। लिंटर की शटरिंग में गार्डर कम लगाए गए थे। 2023 में इसी क्षेत्र में हुए हादसे में मरे थे 20 से अधिक लोग वर्ष 2023 में ओरछी चौराहे के पास बन रहे कोल्ड स्टोरेज की दीवार गिर गई थी। उस हादसे में 36 लोग दबे थे। उसमें से 20 लोगों की मौत हो गई थी। दबे हुए दो मजदूरों को सकुशल निकाल लिया गया है।

इस संबंध में डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी बदायूं ने बताया कि घायलों को चंदौसी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर को बुलाया गया है। मामले की गहनता से जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी होगा, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई कराई जाएगी। तीसरे मजदूर को निकाला गया लेकिन उनकी मौत हो गई।

# अलग चंबल प्रदेश की मांग पर रवीन्द्र सिंह तोमर ने भरी हुंकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरैया। किसान नौजवान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवीन्द्र सिंह तोमर ने अलग चंबल प्रदेश बनाने की मांग को लेकर हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के कुछ जिलों को जोड़कर तथा उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों को मिलाकर नया चंबल प्रदेश बनाया जाना चाहिए।

रवीन्द्र सिंह तोमर रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा/औरैया के जिले के सीमा से सटे गांव ग्राम गौहानी, गनियावर और बंसरी में आयोजित बैठकों में शामिल होने पहुंचे थे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से जनसमर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से उपेक्षित है। आजादी के 78 वर्ष बीतने के बावजूद चकरनगर पार पट्टी का इलाका अब भी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि सेंचुरी क्षेत्र की जमीन पर रोक लगने से न तो उद्योग-धंधे लग पाए हैं और न ही यहां अच्छे विद्यालय स्थापित हो सके हैं। लाखों बीघा भूमि बेकार पड़ी है, जिसका उपयोग किसानों और स्थानीय लोगों के हित में किया जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को चाहिए कि चंबल और यमुना नदी से रेत उठवाने की व्यवस्था करे। इससे जहां नदियों की सफाई होगी, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। फिलहाल इस इलाके के नौजवान बड़ी संख्या में दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद जैसे शहरों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। किसानों की समस्या पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गौशालाएं होने के बावजूद छुट्टा जानवर किसानों के लिए बड़ी समस्या बने हुए हैं। सरकार यदि चाह ले तो सेंचुरी की जमीन पर बड़ी काउ सफारी बनवाकर किसानों को इस परेशानी से निजात दिला सकती है। पूर्व विधायक ने साफ कहा कि अब चुप बैठना संभव नहीं है। यदि जनता साथ दे तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा, जिसकी गूंज लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सुनाई देगी। बैठक में जिलाध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह तोमर, महाबल सिंह चौहान, बालमुकुंद सिंह, राजेश सिंह चौहान बबलू, तेजेंद्र सिंह चौहान, संतोष पाण्डेय, नारायण सिंह भदौरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रामबाग धाम चंदौसी द्वारा निकली श्री राम वर यात्रा

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय कैथल गेट स्थित दाऊजी मंदिर से श्री बारहसैनी रामलीला एवं रामबाग ट्रस्ट चंदौसी द्वारा श्री रामवर यात्रा और काली माई की शोभा यात्रा निकाली गई. शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती लता वार्ष्णेय और समाजसेवी श्री अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने फीता काटकर किया.श्री राम लक्षमन जानकी जी के रथ की आरती श्रीमती प्रवेश देवी ने उतारी शोभा यात्रा में बाबा महाकाल की अद्भुत झांकी और अघोरियों का नृत्य, भगवान नरसिंह और हिरणकश्यप प्रहलाद की झांकी, बांके बिहारी जी की झांकी और दक्षिण भारत के भगवान वेंकटेश और लक्ष्मी जी की झांकी, माता वैष्णो देवी की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। माता काली के खेलते स्वरूप ने अपने खेल से दर्शनर्थियों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। सभी भक्तों ने गोले कटवाकर माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा में प्रधान अशोक कुमार फैंसी, अमरीश बाबू, अमित के एस, प्रकाश चंद क डॉ सौरभ, मंगेश कुमार, आशीष कुमार, संजीव कुमार पान रतन, राकेश आर्य, अरुण सोनू पवन कुमार भट्टे वाले संजीव कैंथल वाले आदि व्यवस्था में रहे।

## त्रिदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में एलडीएवी बना चैंपियन

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** त्रिदिवसीय क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में एलडीएवी कालेज ओवर आल चैंपियन रहा। एलडीएवी इंटर कालेज में क्षेत्र के माध्यमिक विद्यालयों की त्रिदिवसीय क्षेत्रीय खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। जिसमें एलडीएवी कालेज ने ओवरऑल चैंपियनशिप प्राप्त की। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्या शशि वाला पंत ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सेवक चंद गुप्ता ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल में हार जीत नहीं वल्कि खेल भावना महत्वपूर्ण होती है। प्रो. पीके त्यागी ने कहा कि नई शिक्षा नीति से खिलाड़ी अपने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सीनियर बालक वर्ग में अनिकेत बादल एलडीएवी, अंकित राजोरा तालबिबियाना, सीनियर बालिका वर्ग में मोनिका तालबिबियाना, अलका जटपुरा, तनु परदादा परदादी, जूनियर बालक वर्ग में रितेश ऊंचा गांव, दुष्यंत जटपुरा, मनीष कुमार जटपुरा जूनियर बालिका वर्ग में खुशी तालबिबियाना, सलोनी डरौरा, कीर्ति जटपुरा, राशि तोमर एलडीएवी, सब जूनियर बालक वर्ग में रितेश ऊंचागांव ने खेल प्रतियोगिता में अपने वर्ग में चैंपियनशिप प्राप्त किया?। इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार,मनोज कुमार यादव, अनिरुद्ध सिंह, वरुण गिरी, राजकुमार, केपी सिंह,गजनेश सिंह, बहादुर सिंह, कौटिल्य चौहान,कौशल शर्मा आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन अखंड प्रताप सिंह ने किया।

## अमन मयंक शर्मा सम्मानित किया

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा के नेता ब्राह्मण शिरोमणि अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि एवं साहित्यकार फिल्म निर्माता पंडित अमन मयंक शर्मा को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया पंडित अमन मयंक शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा प्रमाणित अंतर्राष्ट्रीय संस्था एंटी कपरप्शन द्वारा उनके द्वारा समाजसेवा,राजनीति,साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया है।ब्राह्मण शिरोमणि अमन मयंक शर्मा ने कहा कि मै सभी का आभार व्यक्त करता हूं।अमन मयंक शर्मा को राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित किये जाने की खबर मिलते ही उनके चाहने वालों हजारों लोगो में खुशी की लहर दौड़ी।हजारों लोगो ने विभिन्न माध्यमो से ब्राह्मण शिरोमणि पं अमन मयंक शर्मा को बधाईयां दी।

## स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा : राजीव कुमार गुप्ता

**बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126वें एपिसोड को जनपद बदायूं में दो हजार से अधिक बूथों पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने भाजपा कार्यालय पर मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना और कहा पीएम मोदी ने लोगों से इस त्योहारी सीज़न में स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें आत्मनिर्भर बनना है और उसका रास्ता स्वदेशी से ही आगे बढ़ता है। गांधी जयंती से पहले उन्होंने खादी उत्पादों को खरीदने और उनका उपयोग करने का आग्रह किया, जो स्वदेशी का एक प्रमुख प्रतीक है। सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता ने बदायूं नगर के बूथ संख्या 159 पर मन की बात कार्यक्रम को पार्टी पदाधिकारी के साथ सुना। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने नगर पालिका प्रांगण दातागंज में मन की बात कार्यक्रम को स्थानीयजनों के साथ सुना। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने गांव बरामालदेव में मन की बात कार्यक्रम को सुना। अध्यक्षजिला पंचायत वर्षा यादव ने दहगवां में मन की बात कार्यक्रम को सुना। पूर्व विधायक प्रेमस्वरूप पाठक ने सिविल लाइंस स्थित आवास पर मन की बात कार्यक्रम को परिवारजनों के साथ सुना।

# वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अनूपशहर। वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ कंाग्रेस ने जन जागरण यात्रा निकालकर सरकार के विरोध में नारेबाजी कर राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। रविवार को कंाग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में वोट चोर गद्दी छोड़ जनजागरण यात्रा निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कंाग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जनजागरण यात्रा में नगर ब्लॉक और विधानसभा क्षेत्र के कार्यकताओं ने हिस्सा लेकर वोट चोरी के मुद्दे को गांव गांव पहुंचाने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि देश और प्रदेश में वोट चोरी कर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कंाग्रेस पार्टी हर गांव, हर गली, हर नगर में जनता को जागरूक कर रही है। और नागरिकों से अपील करती है कि वे इस लड़ाई में एकजुट होकर सामने आएं। उन्होंने कहा कि बुलंदशहर की धरती से उठी यह आवाज पूरे प्रदेश और देश में गूंजेगी और सत्ता में बैठे वोट चोरों को गद्दी छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कंाग्रेस संविधान और देश बचाने के लिए संकल्पित है। हर स्तर पर नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ाई लड़ेंगे। सुभाष गांधी, ज्ञानेंद्र राघव, प्रशांत बाल्मिकी, सलाम खां ने कहा कि भाजपा और आरएसएस का वोट चोरी का षड्यंत्र बेनकाब हो चुका है । नैतिकता के रूप से भाजपा और मोदी सरकार सत्ता में रहने का हक खो चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले अंग्रेजों से भारत मुक्त कराया और अब भाजपा से कराएंगे। इस अवसर पर लोकसभा पूर्व प्रत्याशी शिवराम बाल्मिकी, सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, ज्ञानेंद्र राघव, दिनेश शर्मा, नितिन शर्मा, बबलू कुरैशी, प्रज्ञा गौड़, लक्ष्मी नारायण शर्मा, संजय शर्मा, सलमान सिद्दीकी, राजेश शर्मा, साहिल शाह आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक विधायक ने छात्र-छात्राओं को वितरित किये छात्रवृत्ति प्रमाण-पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा छात्रवृत्ति व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन करते हुऐ नवरात्रि में तीन लाख छियानवे हजार छात्र- छात्राओं को नवासी करोड़ नववेय लाख की छात्रवृत्ति की धनराशि उनके खातों में ट्रांसफर की इसी के तहत क्षेत्र के सिद्व बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के सभागार में क्षेत्रीय शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने तीस छात्र-छात्राओं छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में विकास को कटिबद्ध है। छात्रवृत्ति के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा कि उनकी शिक्षा में किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न होने पाए।सरकार की मंशा है कि बच्चों को समय से उनकी छात्रवृत्ति का धन प्राप्त हो सके।इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों से मिलकर शिक्षकों की समस्या सुनी और शीघ्र ही निराकरण की बात कहीं।

इस अवसर पर कालेज के उप-प्रबन्धक पण्डित श्यामपाल पाठक,प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा,महावीर प्रसाद, वित्तविहीन शिक्षक महासभा के अध्यक्ष नीरज शर्मा,नगर पंचायत रुदायन के पूर्व चेयरमैन अरविंद शर्मा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी प्रदीप सिंह,वृजेश शंखधार,मनोहर गुप्ता,विपलव भारती,दिनेश पाल सिंह,डॉ प्रमोद शर्मा जी,अश्वनी शर्मा,प्रवीण मिश्रा,दुर्गेश शर्मा, मंयक पाठक, अनमोल उपाध्याय,विपुल प्रताप सिंह,यशपाल सिंह आदि रहे।

## वैदिक राम कथा का सुन्दर वर्णन सुन भाव विभोर हुए श्रोता

बदायूँ। भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ योग एवं श्री वैदिक राम कथा का दूसरे दिवस के अवसर पर कथवाचिका अंतरराष्ट्रीय विदुषी सुश्री अंजली आर्य द्वारा रामचंद्र जी को विश्वामित्र द्वारा राक्षसों से यज्ञ की रक्षा हेतु मांगना एवं यज्ञ के महत्व के बारे में विस्तार से बताना उन्होंने बताया कि राम के चित्र को नहीं जबकि चरित्र से हमारा कल्याण होगा इस अवसर पर महेंद्र पाल सुरेंद्र आर्य विपिन आर्य मनीष तिवारी डॉक्टर आरपी सिंह शिव स्वरूप गुप्ता दीक्षा अनीता कुमकुम अनुपम ज्योति नीलम आज उपस्थित रहे तथा का आयोजन ऑडिटोरियम योग कक्षा के सभी साथियों द्वारा किया गया।

# पूर्व मंत्री ने श्रीराम बारात का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। श्रीराम बारात के अवसर पर मढ़ई चौक पर बारात के स्वागत हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री आबिद रजा ने उपस्थित रहकर पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया । झांकियों पर पुष्प वर्षा की। बारात आगमन पर अनेक झाकियों द्वारा प्रदर्शन किया गया जिन पर पूर्व मंत्री आबिद रजा द्वारा पुष्प वर्षा की गई।

इस मौके पर नगर पालिका परिषद द्वारा जिन जिन मार्गो से बारात निकाली गई उन मार्गो पर रेड कारपेट मेटिंग बिछवाई। जिसकी पूरी राम बारात में चर्चा रही। नगर पालिका चेयरमैन फात्मा रजा की ओर से राम बारात में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की भी लोगो ने प्रसंशा की। पूर्व मंत्री आबिद रजा ने अपने कार्यकाल में श्रीराम बारात के मार्ग पर मैटिंग डलवाने का कार्यं शुरू कराया था। उनकी डाली गई परम्परा अभी भी कायम है। जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से सराहना की है। मालूम रहे नगर पालिका श्रीराम बारात के स्वागत की कई दिनों से तैयारियां कर रही थी। बारात मार्ग पर मैटिंग पडवाने,सफाई,स्ट्रीट लाइट,पेयजल,बारात स्वागत को कमेटियां गठित की गई थी।

आज सुबह तड़के नगर पालिका के कर्मचारी सड़को पर निकल पड़े,पूरे बारात मार्ग पर विशेष सफाई कार्य किया,सड़क के दोनों किनारों,चौराहों,मंदिरों पर चूने का छिड़काव किया। सड़को के गड्ढे पहले ही भर दिए गए है।स्वागत कैम्प में सभासद ग्रीश शुक्ला,अनवर खाँ, मोहित सक्सेना, अबरार, नवेद, बब्लू, कौसर अली, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, राजस्व निरीक्षक लवी कुमार, सफाई निरीक्षक केशव गंगवार, सचिन सक्सेना लिपिक, नवेद इक़्बाल गनी लिपिक समेत नगर पालिका स्टाफ आदि लोग मौजूद रहे।

## सरदार भगत सिंह की मनाई गई 118 वीं जयंती

बदायूँ। नई तहसील कालोनी में पण्डित बृहमेंद्र शास्त्री जी के आवास पर सर्व समाज जागरूकता अभियान (भारत) व प्रबुद्व मंच द्वारा संयुक्त रूप से शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने उनके जीवन के संघर्ष और क्रांतिकारी विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला और शहीद भगत सिंह के संघर्ष को याद किया।

इस अवसर पर सर्वसमाज जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित माधव मिश्रा ने शहीद भगत सिंह के देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने के संघर्षों को साझा किया। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से शहीद भगत सिंह के क्रांतिकारी विचारों को अपने जीवन में उतारने और उनके बताए रास्ते पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

# जनसंख्या नियंत्रण हिंदुओं के लिए सिर्फ खतरा : बजरंग दल

## मोहनलालगंज सहित लखनऊ के आसपास बड़ी संख्या में धर्मांतरण के केंद्र : विहिप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ के संगठन की दृष्टि से पश्चिम जिले के रोहिया बैंक्विट हॉल,हरदोई रोड चौक में बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत बैठक संपन्न हुई। जिसमें अवध प्रांत के 25 जिलों के बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि महंत विवेक तांगड़ी,मुख्य वक्ता विहिप के क्षेत्र के संगठन मंत्री गजेन्द्र, एवं समापन सत्र में मुख्य रूप से बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दिनौरिया, क्षेत्र संयोजक पूर्णेन्दु प्रांत संयोजक महेश और विहिप के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप,प्रांत मंत्री देवेंद्र मौजूद रहे।

बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूज्य संत विवेक तांगड़ी ने कहा बजरंग दल के कार्यकर्ता हनुमान जी जैसा सेतु बांधने का कार्य करें, अपने जीवन को निस्वार्थ समर्पित कर संगठन का कार्य करें,भगवान श्री राम को आदर्श मानते हुए राष्ट्र के विकास का चिंतन करें,हिंदू समाज एवं धर्म की रक्षा के लिए धर्म ध्वजा उठाना बजरंग दल का कार्य है।

वहीं मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को उनके प्रमुख कार्यों के बारे में बताया आज हमारे सामने कौन-कौन सी चुनौतियां हैं धर्मांतरण लैब जिहाद और नशाखोरी, संस्कार का अभाव जातिवाद, संगठित मुस्लिम उन्होंने बताया हिंदू समाज संगठित एवं जनसंख्या पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अवध प्रांत के कई जिलों में धर्मांतरण की बाढ़ आ गई है,लखनऊ के मोहनलालगंज व आसपास कई क्षेत्रों में धर्मांतरण के कई मामले सामने आए हैं।

कार्यक्रम के विशेष सत्र के दौरान विहिप के प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप ने बैठक अवध प्रांत के 25 जिलों से आए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के विगत 6 माह के दौरान संगठन द्वारा किए गए विविध कार्यों की विस्तार से समीक्षा की।धर्म रक्षा, सामाजिक समरसता, गौ सेवा, सेवा प्रकल्पों की प्रगति, एवं युवाओं में राष्ट्रभक्ति जागरण के लिए किए गए अभियानों की रिपोर्ट प्रस्तुत हुई आगामी 6 माह की योजना को लेकर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से मंदिर सुरक्षा, धर्म जागरण अभियान, जनजागरण रथयात्रा, छात्र संपर्क अभियान, एवं सामाजिक सद्भाव विषयक कार्यक्रमों का आयोजन करने का संकल्प लिया गया।

समापन सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज ने कहा

परिवार नियोजन अल्पसंख्यकों पर भी लागू होना चाहिए, अन्यथा भारत के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ षड्यंत्रकारी 2047 तक देश को इस्लामिक स्टेट बनाने का सपना देख रहे हैं। हिंदुओं को जनसंख्या बढ़ने पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। देश में जो स्थिति उत्पन्न हुई है, इससे बजरंग दल वर्षों से हिन्दू समाज को बताने के अलावा सचेत करता रहा है। इसके साथ ही उन परिस्थितियों से संघर्ष के लिए हिन्दू युवाओं का मार्ग भी समय पर प्रशस्त करते रहा है। बजरंग दल का संकल्प है अखंड भारत का ऊर्जावान, क्षमतावान राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता का निर्माण करना। अब हिन्दू पलायन नहीं, पराक्रम करेगा और घर में घुसकर मारेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बजरंग दल के विभाग सहसंयोजक अमरेंद्र, जिला संयोजक नरेंद्र, जिला मंत्री पंकज तिवारी, सुधाकर शर्मा, यादवेंद्र, शुभम, अखंड प्रताप, मौजूद रहे।

# रेलवे टिकट के 360रु के बदले अदा करे 1560 रु : जिला उपभोक्ता आयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। चंदौसी निवासी रमेश बाबू शर्मा अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल से वापिस आने के लिए रुड़की से चंदौसी तक की यात्रा लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन से पूर्ण करना चाहते थे इसीलिए उन्होंने अपनी टिकिट आरक्षित करायी नियत समय दिनांक को अत्यधिक बर्षा होने के कारण ट्रेन रुड़की रेलवे स्टेशन पर नहीं पहुंची तो उन्होंने अपनी टिकट की जमा धनराशि बापिस मांग की तो टिकिट काउंटर पर उन्हें धनराशि देने से मना कर दिया गया तब उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय से संपर्क कर अपनी व्यथा बताई तब एक नोटिस रेलवे विभाग को भेज कर टिकिट की धनराशि और नोटिस भेजने का शुल्क 1200रु की मांग की गई जिसका अनुपालन रेलवे विभाग द्वारा नहीं किया गया तो उनकी ओर से एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में योजित किया आयोग द्वारा रेलवे विभाग को तलब किया गया और टिकिट की धनराशि न देने का कारण पूछा तो कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया गया तब आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनी जिस पर परिवादी के अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग को बताया गया कि जब ट्रेन निर्धारित तिथि को स्टेशन पर आई ही नहीं तो अन्य साधनों से रमेश बाबू शर्मा ने अपनी यात्रा पूर्ण की जिससे उन्हें अधिक समय और अधिक धनराशि अदा करनी पड़ी रेलवे ने भी टिकट के 360रु अदा नहीं किए हैं तो आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद रेलवे के मंडलीय कार्यालय मुरादाबाद को आदेश दिया कि वह परिवादी की टिकट का मूल्य 360 रु और नोटिस व्यय के 1200 रु कुल 1560 रु मय 7% वार्षिक ब्याज परिवाद संस्थान के दिनांक से अंदर दो माह में अदा करें तथा परिवादी को हुए मानसिक कस्ट एवं आर्थिक हानि के मद में 10000 दस हजार रुपए एवं बाद व्यय की मद में 5000रु अन्दर दो माह में अदा करें।नियत अवधि में धनराशि अदा न करने पर ब्याज की धनराशि 9% वार्षिक देय होगी।

## सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का समापन

# अन्नप्राशन और गोद भराई करायी गयी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह ने किया शुभारंभ**

**कार्यक्रम में लाभार्थियों के बीच किया गया आयुष्मान कार्ड का वितरण**

मुरादाबाद। केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, मुरादाबाद द्वारा पोषण माह, स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद में किया गया। मुख्य अतिथि महामंत्री स्वतंत्रता सेनानी संगठन धवल दिक्षित ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें पोषण माह और स्वच्छता ही सेवा विषय पर जानकारी साझा की । सही पोषण स्वस्थ मन , स्वस्थ तन के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों और जनता को सशक्त नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया ।

स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के अंतर्गत ओआरएस कॉर्नर लगाया गया जिसमें बताया गया कि ओआरएस का घोल कैसे तैयार करना है, साथ ही ओआरएस का वितरण भी किया गया और काउंसलिंग भी गई इस कार्यक्रम के अंतर्गत आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री का डायरिया प्रबंधन पर अभिमुखीकरण किया जा रहा है । आयुष्मान कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया और साथ ही योजना के बारे में बताया गया।

पीएसआई इंडिया से मोहम्मद रिजवान ममता सैनी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पीताम्बर सिंह मौजूद रहे बाल विकास परियोजना से जानकी के सहयोग से पोषण माह के अंतर्गत गोद भराई अन्नप्राशन किया गया ।

क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सागर कुमार ने बताया केंद्र सरकार की ओर से सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष विषय पर आयोजित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ कल जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली सिंह ने किया। आयोजित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए डॉक्टर सिंह ने प्रदर्शनी में उपलब्ध जानकारी को न सिर्फ विद्यार्थियों के लिए अपितु हर एक नागरिक के लिए महत्वपूर्ण बताया । उपस्थित छात्र और नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्हें स्वच्छता की आवश्यकता और अपने जीवन में स्वच्छता को समावेशित करने के महत्व पर बल दिया । कार्यक्रम में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण से संबंधित बिंदुओं जैसे बौनापन, कुपोषण , गर्भवती महिलाएं और पूरक पोषण पर विस्तृत चर्चा की । कार्यक्रम में स्वच्छता हीं सेवा पर आयोजित प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया । तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 25 सितंबर को आयोजन की जानकारी से लैस प्रचार वाहन के साथ पोस्टर , पंपलेट का वितरण किया गया है एवं लोगों को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पर आयोजित होने वाली चित्र प्रदर्शनी देखने के लिए आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम के दूसरे और तीसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगोष्ठी ,प्रतियोगिताएं, मैजिक शो का आयोजन किया गया । इस प्रदर्शनी का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ ।

# किरन सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी ने कराई चित्रकला प्रतियोगिता

संभल। किरन सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी के तत्वाधान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हनुमान गढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया ।जिसका शुभारम्भ मुख्यातिथि स्कूल व्यवस्थापक सुनील कुमार,केंद्र व्यवस्थापक डॉ टीएस पाल,दिनेश चीनी,हरनाम सिंह ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। सोसाइटी अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने बताया प्रतियोगिता दो वर्गों में कराई गई जिसमें जूनियर वर्ग में कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने कार्टून एवम जल बचाओ की आकृति बनाई तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण एवम जंगल मे नाचता मोर का सुंदर चित्रण किया ।दर्जन भर विद्यालयों के 500 में 486 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।14 प्रतिभागी अनुपस्थित रहे।प्रतियोगिता के परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक के रूप में डॉ टीएस पाल ने परीक्षा का सफल आयोजन कराया।

# मिशन शक्ति फ़ेज-5 के अंतर्गत महिला मैराथन दौड़ का सफल आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पीलीभीत। महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फ़ेज-5 के अंतर्गत रविवार को पुलिस द्वारा महिला मैराथन दौड़ का सफल आयोजन किया गया। यह दौड़ नकटादाना चौराहा से शुरू होकर गांधी स्टेडियम तक संपन्न हुई।मैराथन में जिले के छह प्रमुख शिक्षण संस्थानों एएसएम मेडिकल कॉलेज, वीरांगना अवंतीबाई कॉलेज, उपाधि कॉलेज, कम्पोजिट कॉलेज पीलीभीत, टाइगर डिफ़ेन्स अकादमी और ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। साथ ही रोटरी मातृ शक्ति टीम की सदस्याओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम का संचालन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक और सहायक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर, नगर पालिका परिषद चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, एडीएम जे मीनाक्षी पाठक, एडीएम एफआर रीतू पुनिया, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, फैमिली कोर्ट की न्यायाधीश स्वेता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।प्रतियोगिता में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। परिणामस्वरूप शीतु गंगवार प्रथम, सविता देवी द्वितीय, प्रियांशी तृतीय, वैष्णवी चतुर्थ, लक्ष्मी देवी पंचम और नेहा देवी षष्ठम स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिभागियों को महिला सुरक्षा से जुड़ी हेल्पलाइन 1090, 112 और 181–के बारे में जानकारी दी तथा मिशन शक्ति अभियान एवं शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता ही सशक्त भारत की आधारशिला है।मैराथन आयोजन ने जिले में महिला शक्ति के सम्मान और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया तथा छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया है।

# कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं ने अखबार पढ़कर जाना देश का हाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। प्रदेश की योगी सरकार ने एक नई पहल की है। जिसके तहत अब सभी सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी सुबह प्रार्थना सभा के दौरान अखबार पढ़ते नजर आएंगे। इस पहल के तहत बच्चे अपनी पसंद के समाचार पढ़कर उस पर अपने विचार भी व्यक्त करेंगे। इससे बच्चों में समसामयिक घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, साथ ही उनकी सोच और आलोचनात्मक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा मिलेगा।कंपोजिट विद्यालय मुडेला खुर्द की प्रधानाध्यापिका पूनम सहगल का मानना है। कि समाचार पत्र पढ़ने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे उनका सामान्य ज्ञान और समझ दोनों बढ़ेंगे। इसके अलावा, बच्चों को इन घटनाओं पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे उनकी विचारशीलता और सोचने की क्षमता को प्रोत्साहन मिलेगा।इस पहल का उद्देश्य बच्चों को समसामयिक मुद्दों पर अपनी राय रखने के लिए मंच प्रदान करना है, ताकि वे सिर्फ किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि वे समाज में हो रहे घटनाक्रमों को भी समझें और उनमें भागीदार बनें। विद्यार्थियों को अपनी पसंद के समाचार का चयन करने की स्वतंत्रता दी जाएगी, जिससे वे अपनी रुचियों के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और उसे अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ साझा कर सकेंगे।

# यूपी मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट संघ के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे डीएम



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।मुख्य अतिथि रूप में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट संघ जनपद पीलीभीत के शपथ समारोह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उक्त संघ का चुनाव 24 अगस्त को कराया जा चुका है। जिसमें अध्यक्ष छेदा लाल वेतन लिपिक, शोभित सक्सेना जिला मंत्री, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेम गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश वर्मा, संयुक्त मंत्री संजीव कुमार सक्सेना, संगठन मंत्री अतुल कुमार, कोषाध्यक्ष प्रियांशु पांडे, संप्रेक्षक शशिवाला एवं सांस्कृतिक क्रीडा विवेक कुमार शर्मा पद पर नामित है। जिलाधिकारी ने संघ के नामित पदाधिकारी को अपने पद के कर्तव्यों एवं दायित्व का पालन करने हेतु पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करने हेतु सभी को शपथ दिलाई एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को जनपद की पहचान बांसुरी भेंट की।इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक,नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गोमती मित्रों ने मनाया विश्व नदी दिवस लिया नदी संरक्षण का संकल्प

सुल्तानपुर। गोमती मित्रों ने कहा न चेते यदि, तरस जाएंगे हम देखने को नदी, इसी संकल्प के साथ गोमती मित्र मंडल द्वारा सीताकुंड ााम पर रविवार को विश्व नदी दिवस के अवसर पर श्रमदान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश अयक्ष मदन सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में घर सुल्तानपुर फाउंडेशन एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविाि सुल्तानपुर ने मुख्य सहयोगी की भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने नदी से कूड़ा-कचरा निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया और गोमती संरक्षण मिशन में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम तीन घंटे चला और समापन माँ गोमती की आरती की तैयारी के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अयक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, घर सुल्तानपुर फाउंडेशन के संस्थापक अयक्ष नितिन मिश्रा, पर्यावरण संरक्षण गतिविाि सुल्तानपुर के संयोजक उमाशंकर, सह-संयोजक केशव प्रसाद सिंह सहित मुन्ना सोनी, सुजीत कसौंान, अजय प्रताप सिंह, ड. कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, प्रांजल सिंह, अभय पाण्डेय, रुद्र प्रताप 'रुद्रा, सोनू सिंह समेत बड़ी संख्या में गोमती मित्र उपस्थित रहे। सभी ने माँ गोमती के तट पर नदियों की रक्षा और स्वच्छता के लिए जयघोष करते हुए संकल्प लिया।

# शहीदे आजम भगत सिंह की 118 व जयंती पर निकली प्रभात फेरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118 व जयंती के अवसर पर आजाद समाज सेवा समिति द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकालकर समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया तथा जिला पंचायत परिसर स्थित शहीदे आजम भगत सिंह पार्क पर एक विचार गोष्ठी आयोजित हुई।

इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने आजाद समाज सेवा समिति के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की याद में हमेशा रचनात्मक कार्य करती रहती है इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम हैं संस्था अयक्ष अशोक सिंह ने गोष्टी को संबोाित करते हुए कहा कि आज देश जाति ार्म संप्रदाय मे बंटता जा रहा है, जो बहुत ही सोचनीय विषय है। हिंदुस्तान अनेक भाषाओं जाति ार्म संप्रदाय का मिला जुला लोकतांत्रिक देश है जो इसकी खूबसूरती हैं और इसे बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। गोष्टी को विजय यादव, बब्लू सिंह प्राान, गिरीश तिवारी उर्फ बब्लू , डक्टरआशीष द्विवेदी, मकसूद अनसारी के अलावा सरदार जीपी सिंह ने भी संबोाित किये। कार्यक्रम में मयंक पांडे, डी बी सिंह, राजेंद्र पटवा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सत्यम शुक्ला, बब्बन गाजी, मोहम्मद अहमद, प्रदीप सिंह, रोहित सिंह, सत्यम सिंह, आलोक अग्रवाल, ओमप्रकाश गौड़, शैलेंद्र रावत, अरविंद यादव, ार्मेंद्र जायसवाल, जितेंद्र तिवारी, घनश्याम जायसी, वैभव श्रीवास्तव, परमात्मा अवस्थी, सुरेश सोनी, लोकेश प्रताप सिंह, विनोद पांडेय, आशीष मिश्रा महाकाल, प्रवक्ता सर्वेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी रवि दुबे जयप्रकाश सिंह, संतोष गुप्ता, मोइद अहमद, अजय कश्यप सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## सुल्तानपुर में घूमघाम से होगा डांडिया महोत्सव

सुल्तानपुर। आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव के अवसर पर इस बार शहरवासी गुजराती डांडिया की ुनों पर थिरकने को तैयार हैं। सुल्तानपुर के गभडिया स्थित संस्कार मैरेज लान में 4 अक्टूबर को भव्य डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस खास मौके पर हैदराबाद की प्रसिद्ध डी जे दीक्षा अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को और रंगीन बनाएंगी। आयोजन में कई सेलिब्रिटी भी शिरकत करेंगे। आयोजक समिति का कहना है कि कार्यक्रम परिवारों के लिए होगा, ताकि सभी सुरक्षित माहौल में गरबा और डांडिया का आनंद ले सकें। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर युवाओं और आयोजकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। एस एस ब्राइडल एंड मेकअप पइंट और टीम बीएनजेड इंडिया द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि शहरवासी लंबे समय बाद इस तरह के भव्य डांडिया महोत्सव का आनंद उठाएंगे।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियो ने नवनियुक्त कोतवाल से की शिष्टाचार भेंट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला एवं जिला उपाध्यक्ष परवेज खान के नेतृत्व में नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे से शिष्टाचार भेंट कर व्यापारियों से संबंधित कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे ने व्यापार मंडल द्वारा बताई गई समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनका समाधान करने की बात कही है।इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के मंत्री रवि जायसवाल,अजीजुल हसन खान,मयंक सक्सेना सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिवस 26 एवं 27 सितम्बर को जहानाबाद इंटर कॉलेज, जहानाबाद, ब्लॉक ललौरीखेड़ा में किया गया।कार्यक्रम में समूह एवं व्यक्तिगत दोनों प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। समूह खेलों में लड़कों एवं लड़कियों के लिए कबड्डी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें नेहरू युवा क्लब ने दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता होने का गौरव अर्जित किया।व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया।200 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग): शाहिद अली प्रथम, अंकित द्वितीय।200 मीटर दौड़ (महिला वर्ग): रेनू गंगवार प्रथम, अर्चना द्वितीय।400 मीटर दौड़ (पुरुष वर्ग): शिवम मौर्य प्रथम, रोशन लाल द्वितीय।400 मीटर दौड़ (महिला वर्ग): साक्षी प्रथम, रिंकी द्वितीय।विजेताओं को टी–शर्ट, कैप, पदक एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के सफल समापन पर जिला युवा अधिकारी शिवम शर्मा ने प्रतिभागियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ल्खेल केवल शारीरिक फिटनेस के लिए ही नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की एक पद्धति है। यह हमें कठिन परिश्रम, समय प्रबंधन और जीत–हार को समान भाव से स्वीकार करने का पाठ सिखाता है।कार्यक्रम सहायक ने सभी विजेताओं एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी। वहीं कोच रमेश कुमार एवं लक्ष्मीकांत की भूमिका महत्वपूर्ण रही। युवा क्लब के सदस्य सोनू एवं अभय भारती सहित अनेक स्वयंसेवियों ने सक्रिय सहयोग किया।दो दिवसीय प्रतियोगिता ने युवाओं में उत्साह, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना की नई ऊर्ज़ा का संचार किया।

## भाजपा की सरका में पीडीए के साथ बड़े पैमाने पर हो रहा भेदभाव : विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व मे बरखेड़ा विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट की अध्यक्षता में बरखेड़ा के ग्राम टाह, महोप मजरा दुवह में पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।

इस दौरान धनपति वर्मा एडवोकेट ने कहा भाजपा की सरकार में पीडीए के साथ बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा है, सत्ता के संरक्षण में शोषण हो रहा है, इनका हक छीना जा रहा है, पीडीए की एकजुटता से भाजपा में घबराहट है।इस दौरान मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, बरखेड़ा विधानसभा महासचिव नरेश कुमार सागर, सपा जिला सचिव शरफुद्दीन नूरी,ऋषिपाल वर्मा, वेदप्रकाश दीक्षित, कांताप्रसाद वर्मा,जगदीश प्रसाद वर्मा,अशोक कुमार वर्मा,जगदीश कुमार सागर,
राधेश्याम,हीरालाल,धनपाल,पूरनपलाल,माखनलाल,बुद्धसेन,बाबूराम, राजकुमार,भोजराज,अनिल कुमार, अरविंद,गौतम वर्मा,रुचि सागर,सरस्वती,देवदत्त,
चेतराम, अभिषेक,सुशील कुमार,राजीव कुमार वर्मा,महेश कुमार वर्मा,वीरेंद्र प्रताप वर्मा,विपिन कुमार वर्मा,अजय कुमार,केशव कुमार,रामेश्वर दयाल,धर्मवीर,बृजलाल राजपूत,शंकरलाल सागर,दीनदयाल,झाझन लाल,राजेंद्र कुमार,परमाई लाल,श्याम शर्मा,राज प्रताप सिंह आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

## घर्म के नाम पर लड़ने को सब तैयार है, लेकिन ार्म के रास्ते पर चलने को कोई नह: आशुतोष

सुल्तानपुर। भारतीय जनता पार्टी यु.मो.के प्रमुख नीति आशुतोष झा लकी ने कहाकि ऐसा युग चल रहा है, जिसमें ार्म के नाम पर लड़ने को सब तैयार है, लेकिन ार्म के रास्ते पर चलने को कोई नही। श्री झा ने बताया पिछले 35वर्षों की भांति इस वर्ष भी माँ मिथिलााम माता रानी के आशीर्वाद से हमारे पुराने आवास 550/1 नई सब्जीमंडी रुद्रनगर पर माँ शेरा वाली का आगमन 22 सितंबर से हुआ है।

# देवी–देवताओं के स्वरूप धरे सड़क पर नृत्य प्रदर्शन की परंपरा बंद हो

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।नगर में सोशल मीडिया के माध्यम कई लोगों ने विरोध दर्ज किया और कहा कि जब प्रशासनिक अधिकारियों और समाजसेवियों कि तहसील परिसर मे हुई बैठक मे यह निर्णय ले लिया गया था कि देवी देवताओं का स्वरूप धरे नृत्य नहीं होगा लेकिन राम बारात मे सार्वजनिक रूप से नृत्य कराया गया जो बहुत ही निंदनीय है वहीं अधिवक्ता मुकेश गुप्ता ने सभी आयोजनकर्ताओं से अपील की है कि, किसी भी धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में देवी-देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप का प्रदर्शन न करें विशेषकर देवी-देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप वाले और वेशभूषा धारियों को सड़कों पर नचवाने या प्रदर्शन करने पर विशेष आपत्ति जताई है, उनका कहना है कि, हिन्दू देवी-देवताओं को इस तरह प्रतीकात्मक स्वरूप देकर सड़कों पर नचवाना कहीं से भी उचित जान नहीं पड़ता इस तरह का प्रदर्शन उनका अनादर करने जैसा है आयोजन समिति को इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए था, जाने अनजाने में ही सहीं हम उन देवी-देवताओं का अपमान कर रहें हैं जिन्हे सर आंखों पर बिठाकर पूजते हैं केवल सड़कों पर उनका प्रदर्शन करने बल्कि प्रतीकात्मक स्वरूप धारण करने पर भी यह कहते हुए आपत्ति जताई है कि, मानव को कोई अधिकार नहीं बनता कि, वे देवी-देवताओं का रूप धारण करें, क्योंकि उनसे मर्यादाओं का पालन करने में स्वाभाविक तौर पर चूक हो सकती है। इतना ही नहीं मानव चाह कर भी भगवान की बराबरी नहीं कर सकते और न ही उन्हें उनके समकक्ष रखा जा सकता है। जब उन्हें देवी-देवताओं की उपाधि नहीं दी जा सकती तो उनके प्रतीकात्मक स्वरूप को धारण करना भी उचित नहीं होगा। आयोजन समितियां जोर-शोर के साथ धार्मिक आयोजन करें इससे बड़ा, और इससे भी वृहद आयोजन करें, किन्तु उपरोक्त तथ्यों पर भी एक बार गौर करें। देवी-देवता लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक होते हैं, इस तरह अमर्यादित तरीके से सड़कों पर उन्हें नचवाने से उनकी धार्मिक भावना आहत होती है काफी सारे लोग हमारे सामने लगातार अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे थे, जिसके कारण ही मुझे यह कठोर कदम उठाना पड़ा और विरोध करने सामने आना पड़ा है।

# एग्रीस्टैक सर्वे का लेखपाल करेंगे बहिष्कार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की जिला इकाई ने एग्रीस्टैक सर्वे कार्य का बहिष्कार करने का ऐलान किया हैं। रविवार को तहसील सदर स्थित लेखपाल संघ भवन में आयोजित बैठक में जिलेभर की सभी तहसीलों के पदाकिारी शामिल हुए, बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि संघ के सदस्य एग्रीस्टैक सर्वे कार्य नह करेंगे। बैठक की अयक्षता कर रहे संघ के जिलायक्ष रोश्याम शुक्ल ने कहा कि एग्रीस्टैक सर्वे का काम लेखपालों के कार्यक्षेत्र से बाहर हैं उन्होंने कहा कि सरकार को इस कार्य के लिए अलग विभागीय व्यवस्था करनी चाहिए। इस मौके पर पदाकिारियों ने एक स्वर में कहा कि यदि शासन स्तर से कोई ठोस निर्णय नह लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा बैठक में रिंकू पाल, ओमकार मौर्य, ओमप्रकाश यादव, सर्वेंद्र पटेल, रईश खान, सुनील मिश्रा, संत राम यादव सहित बड़ी संख्या में लेखपाल मौजूद रहे।

## सेमरौता में श्रीमद भागवत कथा में तीस सितम्बर से शुरु होगी

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददात। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी तीस सितम्बर से किया गया है और विशाल कलश यात्रा निकाली जायेगी। श्रीमद भागवत कथा के यजमान सुंदर लाल शुक्ला ने बताया कि आगामी तीस सितम्बर को आयोजित कलश यात्रा हनुमानगंज चौराहे पर स्थित मंदिर से प्राचीनतम बाबा दतेहरेश्वर धाम से आनंदेश्वर के साथ ही बाबा उजियार नाथ मंदिर के बाद राम जानकी मंदिर तक निकाली जायेगी।उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम के जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिनारायणाचार्य द्वारा नियमित सायं छह बजे से नौ बजे तक भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा और सात अक्टूबर को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है।कथा के यजमान सुंदर लाल शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## नवरात्र पर स्मृति ईरानी अमेठी के देवी मंदिरों में करेंगी दर्शन पूजन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री व स्मृति ईरानी जी ने शारदीय नवरात्र पर अपने अमेठी के एक दिवसीय भ्रमण पर उनतीस सितम्बर को आ रही हैं। शारदीय नवरात्र की अष्टमी पर वह जनपद के प्राचीनतम देवी मंदिरों में पूजन और दर्शन करेंगी। भाजपा नेताओं द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का काफिला जनपद की सीमा में प्रवेश करते ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जायेगा। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनतीस सितम्बर सोमवार को दिल्ली से लखनऊ पहुंचेगी।वहां से वह सीधे सड़क मार्ग से तिलोई विधानसभा क्षेत्र के विकास खण्ड सिंहपुर स्थित आदि शक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी धाम पहुंचेगी जहां पर वह दर्शन पूजन करेंगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने बताया कि मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शनोपरांत वह संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन करेंगी।इसके बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मां दुर्गन भवानी गौरीगंज में दर्शन पूजन करने के उपरांत गौरीगंज स्थित अपने आवास पर पहुंचेंगी।वहां से वह लखनऊ के लिये निकल जायेंगी। भाजपा नेताओं द्वारा स्मृति ईरानी के आगमन की तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई हैं। कस्बा इन्हौना से लेकर अहोरवा भवानी मंदिर तक कई भाजपा नेताओं और ग्राम प्रधानों द्वारा होर्डिग लगाई गई है।

## पुलिस मुठभेड़ में गौतस्कर गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददात। थाना रामगंज पुलिस एवं स्वाट व सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में गैर जनपद के एक गौतस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस के साथ ही गौ तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार गौ तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।थाना रामगंज पुलिस, स्वाट व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में रविवार को गोतस्करी की फिराक में घूम रहे अनीस पुत्र मल्लू निवासी ग्राम बहरौली थाना लम्भुआ जनपद सुलतानपुर को रेलवे क्रासिंग के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखकर उसने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में अनीस घायल हो गया जिसे उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया जबकि उसका एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में उसने स्वीकार किया कि बीती ग्यारह बारह सितम्बर की रात मवइया मंगरा में अपने साथियों के साथ पिकअप गाड़ी से गोतस्करी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस की मानें तो पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार गौ तस्कर अनीस के खिलाफ हत्या का प्रयास, डकैती, गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर मामले आजमगढ़ और सुलतानपुर जनपदों में दर्ज हैं।इस सम्बंध में थाना रामगंज पुलिस ने आर्म्स एक्ट तथा गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्जकर लिया है।

## सम्पादकीय

# अब दवाओं पर टैरिफ

भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से लंबित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिये नए सिरे से जारी बातचीत के बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फार्मा उत्पादों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवा उत्पादों पर सौ फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है, बशर्ते कि दवा निर्माता कंपनियां अमेरिका में उत्पादन सुविधाएं स्थापित न करें। आशंका है कि ट्रंप के इस कदम का प्रभाव भारत के फार्मा उद्योग पर पड़ सकता है, जिसने देश को 'दुनिया की फार्मेसी' के रूप में स्थापित किया है। दुनिया भर से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले तीस अरब डॉलर के फार्मा उत्पादों में से दस अरब डॉलर से अधिक का निर्यात भारत से होता है। भारत मुख्य रूप से अमेरिका को कम लागत वाली जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। यह अच्छी बात है कि ये जेनेरिक दवाइयां नई टैरिफ व्यवस्था के दायरे में नहीं आती हैं। हालांकि, अभी तक सक्रिय दवा सामग्री यानी एपीआई पर कोई स्पष्टता नहीं है। वैसे भारत से भारतीय ब्राडेंड दवाइयों का भी निर्यात होता है। व्यापार अनुसंधान एजेंसी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के अनुसार फॉर्मास्युटिकल क्षेत्र में भारत सबसे बड़ा निर्यातक है, लेकिन ये अधिकांशतरू गैर-ब्रांडेड दवाइयां हैं। वैसे अमेरिका द्वारा भारतीय आयात पर पचास फीसदी टैरिफ लगाने पर भी आशंका जताई गई थी कि इससे जेनेरिक व ब्रांडेड दवाएं महंगी हो सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में भारत की फार्मा कंपनियों की आय का बड़ा जरिया होने के कारण ये काफी कम मार्जिन पर काम करती हैं। ऐसे में यदि उन पर टैरिफ लगता है, तो उनका वहां कारोबार करना कठिन हो सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के दवा बाजार में बड़े ब्रांड वाली दवाइयों के सस्ते प्रारूप वाली जेनेरिक दवाइयों का आधे से अधिक हिस्से पर अधिकार है, जिससे अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा लागत में अरबों रुपये की बचत होती है। एक अनुमान के अनुसार, यह बचत एक साल में दो सौ डॉलर से अधिक की होती है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि भारत व अमेरिका में व्यापार समझौता नहीं होता तो भी टैरिफ के कारण कुछ भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों को बाजार से बाहर होना पड़ सकता है। लेकिन यह स्थिति अमेरिका के लिये भी संकट बढ़ा सकती है। भारतीय जेनेरिक दवा कंपनियों की अनुपस्थिति में अमेरिका में पहले ही दवाओं की कमी का संकट और गहरा सकता है। लेकिन ट्रंप के फार्मा उद्योग पर सौ फीसदी टैरिफ लगाए जाने से भारतीय दवा उद्योग में निराशा जरूर व्याप्त हुई है। देश के बड़े दवा शेयरों में अचानक आई गिरावट इसका ही नतीजा है। अब चाहे यह गिरावट अल्पकालिक हो, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि ट्रंप के अगले कदम को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। दवा उद्योग को आशंका है कि ट्रंप आने वाले दिनों में जेनेरिक दवाओं पर भी टैरिफ लगा सकते हैं, जबकि अमेरिकी प्रशासन को पता है कि ऐसे किसी प्रतिबंध से वहां स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में इजाफा होगा। वहीं दूसरी ओर, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों की इन दवाओं तक पहुंच सीमित हो जाएगी। निश्चित रूप से अमेरिका से चल रही बातचीत के दौरान भारत को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए। हालांकि, अमेरिका को भी पता है कि ये निषेधात्मक टैरिफ खुद उसके लिये भी प्रतिकूल साबित हो सकते हैं। साथ ही, अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर प्रतिकूल असर डाल सकते हैं, जो पहले ही ट्रंप के विघटनकारी फैसलों का शिकार है। ऐसे में अमेरिका को सस्ती दवाओं को एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि आगामी समझौते में उसके दवा क्षेत्र के लिये पर्याप्त सुरक्षा उपाय सुनिश्चित हों। इसके साथ ही भारत को अपनी दवाओं के लिये नये बाजार तलाशने चाहिए। साथ ही, प्रमुख भारतीय दवा कंपनियों को जटिल जेनेरिक दवाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जो मुख्य रूप से ब्रांडेड श्रेणी में आती हैं। इससे दवा कंपनियों को उच्च मूल्य वाले बाजार में पहुंच बनाने में मदद मिल सकती है।

# ध्वनि प्रदूषण का गहराता संकट

**ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव केवल मानव तक सीमित नहीं है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के एक शोध के मुताबिक, सामान्य मैना जैसे पक्षी शहरी शोर के कारण रात में बार-बार जागते हैं, जिससे उनके प्रजनन व्यवहार और सामाजिक संचार पर असर पड़ता है। उनके स्वरों की विशेषता कम हो जाती है, जिससे उनकी पहचान और जोड़ी बनाने की क्षमता प्रभावित होती है नीतिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत बना ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम, 2000 मौजूद है, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। ध्वनि प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य आपातकाल बनता जा रहा है, जिसे तत्काल नीति, निगरानी और जन-जागरूकता से जोड़ना आवश्यक है। पर्यावरण मंत्रालय ने इस योजना को शहरों में ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए एक निर्णायक कदम बताया था, लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि केवल ध्वनि प्रदूषण के आंकड़ों के संकलन का क्या फायदा है, अगर वह जन जागरूकता और नीति निर्माण में तब्दील न हो। जब निगरानी केवल दर्ज करने तक सीमित रह जाए और कार्रवाई अनुपस्थित हो, तो साफ है कि यह तंत्र शोर की गूंज को तो दर्ज है, लेकिन समाधान की दिशा में मौन साध लेता है। शहरी ध्वनि प्रदूषण पर सरकारी निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय 'डैशबोर्ड' तक सीमित रह जाता है, जबकि वास्तविक हस्तक्षेप की की जरूरत जमीन पर पर है। यूरोप में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण लाखों लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को को प्रभावित कर रहा है, जिससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और नींद संबंधी विकार बढ़ रहे हैं। हाल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पुर्ण पीठ पीठ ने 'साइलेंस जोन' में लाउडस्पीकर और सार्वजनिक उद्घोष प्रणालियों के उपयोग पर रोक लगाई थी। अधिकरण ने पुलिस और राज्य सरकार को निर्देशित किया कि शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और न्यायालयों के आसपास के क्षेत्रों में 'साइलेंस जोन' की ' पहचान और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी पृष्ठभूमि में नवाचारों का महत्त्व औ बढ़ जाता है।**

ध्वनि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बड़े शहरों में निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इसके बावजूद करोड़ों लोग अब भी ध्वनि प्रदूषण की गिरफ्त में हैं। इसका कारण पर्यावरण को लेकर शासन-प्रशासन का उदासीन रवैया और राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और पर्यावरण मंत्रालय की ओर से वर्ष 2011 में शुरू की गई 'नेशनल एंबिएंट नाइज मानिटरिंग नेटवर्क' ( '(एनएएनएमएन) योजना का उद्देश्य शुरुआत में देश के सात प्रमुख महानगरों में सत्तर यांत्रिक तंत्र स्थापित कर ध्वनि प्रदूषण की वास्तविक समय में निगरानी करना था, ताकि आंकड़ों के आधार पर उचित नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके। मगर धरातल पर इस योजना का कोई प्रभाव नजर नहीं आ रहा है। इस योजना की की शुरुआत देश के सात शहरों में पैंतीस 'रियल टाइम मानिटरिंग स्टेशनों' के साथ हुई थी। योजना के दूसरे और तीसरे चरण में इसका विस्तार क्रमशः पैंतीस नए केंद्रों के साथ करने की बात कही गई थी, लेकिन वर्ष 2021-23 तक यह तंत्र केवल आठ शहरों तक ही पहुंच पाया। जिनमें दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, लखनऊ और बंगलुरु भी शामिल हैं। । हालांकि, इसमें भी जमीनी हकीकत काफी अलग है। उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ जैसे शहरों में यह प्रणाली एक निष्क्रिय 'डैशबोर्ड' तक 'तक सीमित रह गई, जहां न तो ध्वनि प्रदूषण के आंकड़े वास्तविक समय में दर्ज हो रहे हैं, 'आम नागरिकों को इसकी जानकारी है। न ही कोई ठोस नीतिगत कार्रवाई सामने आई है। जिन केंद्रों पर यह तंत्र ठीक से काम कर रहा है, वहां आंकड़ों का अध्ययन करने और उसके आधार पर नीति बनाने की पहल कम ही नजर आती है। इस योजना के तहत तीन प्रमुख शांत क्षेत्रों में दर्ज ध्वनि स्तर दिन में 65-70 डेसिबल (ए) तक पहुंच गया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से निर्धारित सीमा 40-50 डेसिबल (ए) है। यानी यह तंत्र अपने मूल उद्देश्य और नीतिगत हस्तक्षेप की नींव तैयार करने में विफल रहा है। भारत में ध्वनि प्रदूषण एक अदृश्य संकट के रूप में लगातार गहरा रहा है, जो न केवल मानव स्वास्थ्य, बल्कि जैव विविधता को भी प्रभावित कर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, देश के प्रमुख महानगरों में दिन के समय ध्वनि स्तर औसतन 65-75 डेसिबल (ए) तक पहुंच जाता है जबकि रात में यह स्तर 55-65 डेसिबल (ए) तक बना रहता है, जो नींद, तनाव और हृदय पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। 'लांसेट' के एक अध्ययन में पाया गया है कि लगातार उच्च ध्वनि स्तर बीच रहने से हृदय से रोग का जोखिम बीस फीसद तक बढ़ जाता है तब नींद की का गुणवत्ता में तीस फीसद तक गिरावट आती है। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लगभग चालीस करोड़ लोग प्रतिदिन सीमा से अधिक शोर के संपर्क में आते हैं। ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव केवल मानव तक सीमित नहीं है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के एक शोध के मुताबिक, सामान्य मैना जैसे पक्षी शहरी शोर के कारण रात में बार-बार जागते हैं, जिससे उनके प्रजनन व्यवहार और सामाजिक संचार पर असर पड़ता है। उनके स्वरों की विशेषता कम हो जाती है, जिससे उनकी पहचान और जोड़ी बनाने की क्षमता प्रभावित होती है नीतिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत बना ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) अधिनियम, 2000 मौजूद है, लेकिन इनका क्रियान्वयन बेहद कमजोर है। ध्वनि प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि एक स्वास्थ्य आपातकाल बनता जा रहा है, जिसे तत्काल नीति, निगरानी और जन-जागरूकता से जोड़ना आवश्यक है। पर्यावरण मंत्रालय ने इस योजना को शहरों में ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए एक निर्णायक कदम बताया था, लेकिन अब यह सवाल उठ रहा है कि केवल ध्वनि प्रदूषण के आंकड़ों के संकलन का क्या फायदा है, अगर वह जन जागरूकता और नीति निर्माण में तब्दील न हो। जब निगरानी केवल दर्ज करने तक सीमित रह जाए और कार्रवाई अनुपस्थित हो, तो साफ है कि यह तंत्र शोर की गूंज को तो दर्ज है, लेकिन समाधान की दिशा में मौन साध लेता है। शहरी ध्वनि प्रदूषण पर सरकारी निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय 'डैशबोर्ड' तक सीमित रह जाता है, जबकि वास्तविक हस्तक्षेप की की जरूरत जमीन पर पर है। यूरोप में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, ध्वनि प्रदूषण लाखों लोगों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को को प्रभावित कर रहा है, जिससे उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और नींद संबंधी विकार बढ़ रहे हैं। हाल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण की पुर्ण पीठ पीठ ने 'साइलेंस जोन' में लाउडस्पीकर और सार्वजनिक उद्घोष प्रणालियों के उपयोग पर रोक लगाई थी। अधिकरण ने पुलिस और राज्य सरकार को निर्देशित किया कि शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और न्यायालयों के आसपास के क्षेत्रों में 'साइलेंस जोन' की ' पहचान और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए। इसी पृष्ठभूमि में नवाचारों का महत्त्व औ बढ़ जाता है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्तपोषित और डीपीआइआइटी में नवउद्यम 'वाईहाक' पारंपरिक निगरानी से अलग एक नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाता है। इसने एक आइओटी हार्डवेयर विकसित किया है, जिसे अभी तक छह शहरों में वाहनों के हार्न सर्किट में स्थापित किया जा चुका है। यह उपकरण वास्तविक समय में हार्न बजाने की समय- सीमा, स्थान, अवधि, स्वरूप (लघु, दीर्घ, बहु-हार्न) और वाहन की गति जैसे आंकड़ों के साथ-साथ चालक की आयु, शिक्षा, अनुभव और हा की म डेसिबल क्षमता जैसे आंकड़े भी दर्ज करता है। जून, 2022 आईओटी ने सरकार और निजी संस्थाओं के साथ मिल कर नौ परियोजनाएं पूरी की हैं, जिनमें सौ से अधिक वाहनों से बत्तीस लाख से अधिक आंकड़े एकत्र किए गए हैं। जब सरकारी तंत्र अपारदर्शी बना रहता है, तब नवउद्यम 'वाईहाक' वाहनों के शोर को दर्ज करता है, इससे न केवल नीति निर्माण को दिशा मिलती है, बल्कि यह व्यवहार परिवर्तन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी एक ठोस आधार तैयार करता है। भारत के शहरी क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण दशकों से निर्धारित मानकों से ऊपर बना हुआ है, जो नागरिकों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। यह केवल मानव जीवन तक सीमित नहीं है; शहरी शोर पक्षियों की नींद और प्रजनन व्यवहार को भी प्रभावित कर रहा है, जिससे पारिस्थितिकी संतुलन । बाधित हो रहा है। । यह चुनौती सीधे सतत विकास लक्ष्यों, विशेषकर स्वास्थ्य और सुरक्षित शहरों से जुड़ी है। वर्तमान निगरानी तंत्र अक्सर निष्क्रिय या अपारदर्शी बने रहते हैं। अगर कहीं निगरानी सक्रिय भी है, तो उसके आंकड़ों का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। इसलिए आवश्यक है कि तकनीकी नवाचारों को प्रभावी नीति हस्तक्षेप, शहरी नियोजन सुधार और सामुदायिक जागरूकता के साथ जोड़ा जाए, ताकि शहरी जीवन को प्रदूषण के दबाव से छुटकारा मिल सके और विकास लक्ष्यों को पर्यावरण के अनुकूल ठोस और सही दिशा मिल सके। **–विजय गर्ग**

# सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि प्रदान करती है महागौरी की आराधना

**विजय कुमार शर्मा**



नवरात्रि के नौ पावन दिनों में महा दुर्गाष्टमी का विशेष महत्व है। इस दिन मां महागौरी की पूजा अत्यंत कल्याणकारी मानी जाती है। शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर भक्त यदि सच्चे हृदय और श्रद्धा भाव के साथ पूजा करते हैं, तो भगवती जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि प्रदान करती हैं। शारदीय महा दुर्गाष्टमी के दिन मां महागौरी की आराधना की जाती है, जो आदिशक्ति का स्वरूप हैं। वे पवित्रता, शांति और सादगी का प्रतीक मानी जाती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन मां दुर्गा ने चंड, मुंड और रक्तबीज जैसे असुरों का संहार किया था। वैदिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष मंगलवार, 30 सितंबर को अष्टमी तिथि है। इस शुभ अवसर पर मां महागौरी के निमित्त व्रत रखा जाएगा और संधि पूजा का विधान भी होगा। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा करने पर भक्तों को विशेष लाभ प्राप्त होता है। 108 नामों का जाप करने से माता रानी हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करती हैं और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि लाती हैं। यह व्रत केवल पूजा-पाठ का अवसर नहीं है, बल्कि आस्था और मनोकामनाओं की पूर्ति का प्रतीक भी है। महाअष्टमी के दिन नवदुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव की प्राप्ति के लिए कठोर तपस्या की, जिससे उनका शरीर कालापन ग्रहण कर गया। भगवान शिव के दर्शन देने पर उनका स्वरूप उज्जवल और गौरवर्णी हो गया। मां महागौरी सफ़ेद वस्त्र धारण कर बैल पर सवार होती हैं और उनके चार हाथ होते हैं, जिनमें त्रिशूल सहित अन्य आयुध हैं। इस दिन स्नान, ध्यान और षोडशोपचार विधि से पूजा करने पर मां प्रसन्न होती हैं और साधकों को सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद देती हैं। शारदीय नवरात्रि में कन्या पूजन को विशेष महत्व प्राप्त है। सामान्यतः लोग सभी नौ दिनों में कन्याओं का पूजन कर सकते हैं, लेकिन अधिकांश श्रद्धालु दुर्गा अष्टमी और महानवमी पर ही इसे करते हैं। इस बार महा दुर्गाष्टमी और महानवमी क्रमशः 30 सितंबर और 1 अक्टूबर को मनाई जाएगी। महाअष्टमी का दिन करियर, व्यापार और आर्थिक उन्नति के लिए भी शुभ माना जाता है। इस दिन मां महागौरी को कपूर और लौंग अर्पित कर उसे जलाकर घर में घुमाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और करियर व व्यापार में वृद्धि होती है। पान के पत्ते पर केसर, इत्र और घी मिलाकर स्वास्तिक चिन्ह बनाकर कलावा लपेटकर सुपारी अर्पित करने से कार्यक्षेत्र में सफलता और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। पूजा के बाद चावल का दीपक तिजोरी में रखने से धन की वृद्धि होती है। तुलसी के पौधे को दूध का अर्घ्य देने से घर में सुख, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा आती है। शारदीय महा दुर्गाष्टमी व्रत भक्तों के लिए केवल धार्मिक अवसर नहीं है, बल्कि यह आस्था, साधना और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक भी है। इस दिन की पूजा और व्रत से भक्तों का मन पवित्र होता है और उनके जीवन में सुख-समृद्धि, शांति एवं मानसिक संतुलन आता है।

## सेहत मंत्र

# आम की पत्तियों से करें डायबिटीज का इलाज



दुनियाभर में डायबिटीज यानी मधुमेह के मरीजों की गिनती तेजी से बढ़ती जा रही है। इस बीमारी में मरीज के ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है जिससे शरीर की इंसुलिन उत्पादन क्षमता प्रभावित होने लगती है। इसे कंट्रोल में रखने का सबसे जरूरी काम खान-पान का विशेष तौर पर ध्यान रखना है। इसी के साथ आप कुछ घरेलू तरीकों को अपनाकर भी डायबिटीज कंट्रोल में रख सकते हैं। डायबिटीज कंट्रोल के लिए आज जो पद्धति हम आपको बताने वाले हैं, वह चीन में प्राचीन काल से इस्तेमाल की जा रही है। चीनी नुस्खे के मुताबिक, आम की पत्तियां डायबिटीज के इलाज के लिए सबसे बेहतर साबित हो सकती हैं। इसकी पत्तियों को लंबे समय से डायबिटीज के साथ-साथ अस्थमा के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है क्योंकि आम की पत्तियों में भरपूर न्यूट्रीशन जैसे पेक्टिन, फाइबर और विटामिन सी भरपूर होता है जो बुरे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है। 2010 में हुए एक शोध में भी यह बात सामने आई थी कि आम की पत्तियों में ग्लूकोज अवशोषित करने की क्षमता होती है जो रक्त शर्करा के स्तर को कंट्रोल में रखता है। सबसे पहले आम की पत्तियां शरीर में इंसुलिन के उत्पादन को सही करती हैं, जिससे धीरे-धीरे शुगर लेवल कंट्रोल में आना शुरू हो जाता है।

**कैसे बनाएं आम की पत्तियों का काढ़ा–** 15 ताजी आम की पत्तियों को 100 से 150 मिली लीटर पानी में अच्छे से उबालकर इसका काढ़ा बना लें। रातभर इसे ऐसे ही रहने दें और सुबह इस काढ़े को पीएं। ऐसा तीन महीने लगातार करें। आपको अच्छे रिजल्ट मिलेंगे।

## धर्म मंत्र

# घर में लाएं ये चीज़ पितृ दोष का होगा नाश

गुड़-घी का धूप विशेष दिनों में देने से देवदोष व पितृदोष का शमन होता है। घर में किसी भी प्रकार का संकट नहीं आता लेकिन यह धूप देवताओं के निमित्त ही देना चाहिए। कपूर अति सुगंधित पदार्थ है तथा इसके दहन से वातावरण सुगंधित हो जाता है। प्रतिदिन सुबह और शाम घर में संध्यावंदन के समय कपूर जरूर जलाएं। हिंदू धर्म में संध्यावंदन, आरती या प्रार्थना के बाद कपूर जलाकर उसकी आरती लेने की परम्परा है। घर के वास्तुदोष को मिटाने के लिए कपूर का बहुत महत्व है। यदि सीढ़ियां, टॉयलेट या द्वार किसी गलत दिशा में निर्मित हो गए हैं तो सभी जगह एक-एक कपूर की बट्टी रख दें। वहां रखा कपूर चमत्कारिक रूप से वास्तुदोष को दूर कर देगा। रात्रि में सोने से पहले पीतल के बर्तन में घी में भीगा हुआ कपूर जला दें। इससे तनावमुक्ति होगी और गहरी नींद आएगी। घर में साफ-सफाई रखते हुए पीपल के पत्ते से 7 दिन तक पूरे घर में गौमूत्र के छींटे मारें एवं तत्पश्चात शुद्ध गुग्गल की धूप जला दें। इससे घर में किसी ने कुछ कर रखा होगा तो वह दूर हो जाएगा और सभी के मस्तिष्क शांत रहेंगे। हफ्ते में एक बार किसी भी दिन घर में कंडे जलाकर गुग्गल की धूनी देने से गृह-कलह शांत होती है।

## पर्यटन



# दुनिया की भीड़ से दूर मशोबरा में लें प्राकृतिक नजारों का मजा

लोग घूमने के लिए अक्सर भीड़-भाड़ से दूर शांत जगहों की तलाश में रहते है। आज हम आपको ऐसी जगहें के बारे में बताने जा रहें जहां पर आप शांति से अपनी छुट्टियां बिता सकते है। हम बात कर रहें है शिमला में स्थित मशोबरा की। दुनिया की भीड़ से दूर छुट्टियां बिताने के लिए यह एकदम परफैक्ट प्लेस है। मशोबरा चारों ओर से चीड़, पाइन और देवदार के जंगलों से घिरा हुआ है। यह एशिया के सबसे बड़े वाटरशेड के रूप में जाना जाता है। ऑफ-बीट डेस्टिनेशन में शामिल यह छोटा-सा हिल स्टेशन रिलैक्सिंग और एंजॉयमेंट के लिए बेस्ट है। मार्च से मई का महीना मशोबरा घूमने-फिरने के लिए बेस्ट होता है क्योंकि उस दौरान यहां का मौसम बहुत ही सुहावना होता है। जून से सितंबर के बीच यहां अच्छी बारिश होती है, जिस दौरान आप कई एक्टविटीज का मजा ले सकते हैं। वहीं अक्टूबर से फरवरी तक यहां बहुत ठंड होती है। इसके अलावा स्नोफॉल देखने के लिए यहां जनवरी और फरवरी के महीने में आना सही रहेगा। शिमला में स्थित मशोबरा बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है। यहां आपको घूमने के साथ एडवेंचर के भी कई ऑप्शन मिलेंगे। यहां आप ट्रैकिंग से लेकर पैराग्लाइडिंग, पोनी राइड्स, कैंपिंग और बारमेन-बसंतपुर रोड पर बाइकिंग जैसे कई सारे एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। ऊंचाई पर स्थित होने के कारण शिमला के किसी भी कोने से आप हनुमान जी के जाखू मंदिर को देख सकते हैं। पहाड़ी पर घने जंगलों के बीच बने इस मंदिर तक पहुंचने के लिए आपको माशोबरा से लगभग 5 कि.मी. का सफर तय करना पड़ेगा। अगर आप यहां की असली संस्कृति से रूबरू होना चाहते हैं तो महासू देवता का मंदिर देखना न भूलें। मई के पूरे महीने में तो यहां खास उसत्व भी मनाए जाते हैं। नेचर लवर्स के लिए मशोबरा जन्नत से कम नहीं है। यहां आपको अलग-अलग तरह के पक्षी और पशु देखने को मिलेंगे। यहां पक्षियों की चहचहाट के अलावा आपको दूसरा शोर सुनाई ही नहीं देगा।

# महाष्टटी पूजा, रूद्र पूजा, देवी का आमंत्रण, व महास्नान के साथ हुई मां की पूजा,-अर्चना

**पूजा महोत्सव पंडाल में आहुत रंगोली एवं गायन प्रतियोगिता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। उत्तर भारत की एक मात्र नव दुर्गा पूजा एवं महोत्सव मे रविवार की सुबह से ही महाष्टटी पूजा, रूद्र पूजा, देवी का आमंत्रण, व महास्नान के साथ भक्तो ने मां की पूजा,-अर्चना की ,भक्तो का ताता लगा रहा। शाम को कैलाश नाथ शर्मा उनकी पत्नी सरिता शर्मा द्वारा रूद्रपूजा की गई।

वहीं दोपहर पूजा महोत्सव पंडाल में सम्पन्न हुई रंगोली एवं गायन प्रतियोगिताए

उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने देते हुए बताया की इस वर्ष 56 वीं पूजा यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा शारदीय नवदुर्गा पूजा भव्यता के साथ मनाई जा रही है। श्री श्रीवास्तव ने बताया इस बार मां के 108 रूपों में नौ रूपों की प्रतिमाएं मूर्तिकार बादल पाल द्वारा बनाई गई है जिसमें रत्नप्रिया, सिद्धिदात्री शिवशक्ति ,सावित्री ब्रह्मा, क्षीर भवानी ,कालरात्रि, विशालाक्षी, चणडामुडं नाशिनी है, साथ ही गणेश लक्ष्मी कार्तिकेय सरस्वती दरबार में विद्यमान है

अजय शुक्ला, रामेंद्र दीपक, अभिषेक मिश्रा ,ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ , प्रखर कपूर ,आर्यवीर राज सिंह, आशुतोष मिश्रा, आभा कपूर, शिफाली निगम, प्रीति सिंह, स्मृति राज, सूर्यांश शुक्ला, लतिका राज, शिवेंद्र सिंह ,की देखरेख में संपन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 300 बच्चों ने हिस्सा लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी शरद राज सिंह ने गायन व विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये।

पूजा महोत्सव में प्रमुख रूप से बृजलाल सावलानी, राजन शर्मा, राजेश गुप्ता किल्टू ,दिलीप कुमार श्रीवास्तव, दर्षिका गुप्ता, सारिका गुप्ता,अनीता,सीमा शर्मा, माया जायसवाल, कंचन सैनी,मनोज जायसवाल, सुशील गुप्ता , संजय सैनी, गावा,अनुराग गुप्ता ,रामधन मुखर्जी, रामानंद गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, राम भजन ,राजेश सिंह ,अर्पित गुप्ता, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह,रविनंन खजांची, अर्पित गुप्ता,राकेश, पन्नालाल सहित परिवार के तमाम लोग मौजूद थे।

'कल का विशेष- 29सितंबर 2025'' 1- चित्रकला एवं नृत्य प्रतियोगिताए 2- सांस्कृतिक कार्यक्रम रात में 3 -नवपत्रिका पूजन, महास्नान।

# देवा में मां भगवती के 31वें जागरण में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा बाराबंकी। कस्बा देवा स्थित दुर्गाधाम मंदिर में शनिवार की रात मां भगवती के 31वें जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े और देर रात तक माता रानी के भजनों पर झूमते रहे।

जागरण में सारेगामापा बैंड अयोध्या धाम के कलाकार कनपुरिया ब्रदर्स और दीपांशी तिवारी ने अपने मधुर भक्ति गीतों से ऐसा समां बांधा कि पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। भजनों की गूंज से मंदिर परिसर देर रात तक आलोकित रहा आयोजन स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया था। मां दुर्गा की प्रतिमा और मंच की भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही इस कार्यक्रम का आयोजन नवयुवक दुर्गा जागरण समिति, देवा ने किया। समिति से नीरज जायसवाल, राजन शर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं, कौशल शुक्ला, पूर्व सभासद रमाशंकर शुक्ला, आदित्य राज सिंह, सुमित सिंह, शिवम, अभय सिंह, सुंदरम, सत्यम समेत बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए मां भगवती के जयकारों से देर रात तक मंदिर परिसर गूंजता रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उत्साही मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

# शारदीय नवरात्रि,माता की जय जयकार से भक्तिमय हुआ वातावरण, बच्चे बूढ़े सब निहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। ओदार ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन माता बजरा भवानी मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। मां के दर्शन के लिए दूर-दराज़ से श्रद्धालु आ रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास सज-धजकर लगी दुकानों ने माहौल को और भी भव्य बना दिया है। रविवार को मंदिर में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। ओदार गांव से लेकर मंदिर तक लगभग एक किलोमीटर लंबी दूरी छोटे-छोटे बच्चों ने लेटकर परिक्रमा करते हुए तय की। उनकी यह आस्था और श्रद्धा देखकर वहां मौजूद हर कोई भाव-विभोर हो उठा। नवरात्रि के दौरान माता बजरा भवानी की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन प्रतिदिन हो रहा है। सुबह-शाम भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहता है। मंदिर परिसर में रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# सातवें दिन विंध्य धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब कात्यायनी स्वरूप के दर्शन से भक्त भावविभोर

मीरजापुर । शारदीय नवरात्र के सातवें दिन रविवार को मां विंध्यवासिनी के दरबार में आस्था का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि विंध्यधाम के पांचों मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भर गए। सप्तमी तिथि पर मां कात्यायनी के दर्शन के लिए दूरदराज़ जिलों और अन्य प्रदेशों से आए श्रद्धालु मंदिर परिसर तक पहुंचने के लिए घंटों कतार में खड़े रहे।

शनिवार देर रात से ही वाहनों का भारी जमावड़ा होने लगा था। प्रशासन ने पहले ही अनुमान लगा लिया था कि रविवार को अब तक की सबसे अधिक भीड़ जुटेगी। सुबह मंगला आरती के बाद स्थिति और गंभीर हो गई। पक्का घाट से लगी कतार गंगा पथ होते हुए मंदिर के द्वितीय प्रवेश द्वार तक पहुंच गई। गणेश पथ (जयपुरिया गली) से लगी कतार गेट नंबर एक से होते हुए रामजानकी मंदिर तक चली गई। वहीं सप्तऋषि मार्ग (नई वीआईपी) की कतार मिर्ज़ापुर-विंध्याचल मुख्य मार्ग पर बावली तिराहा से लेकर स्टेट बैंक चौराहे तक पहुंच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट सहित तमाम अधिकारी स्वयं कॉरिडोर में खड़े होकर भक्तों को तेजी से दर्शन कराने में जुटे रहे। मंगला आरती से लेकर दोपहर की राजश्री आरती तक यही हाल रहा। राजश्री आरती के पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा भी मौके पर पहुंचे और सभी मार्गों पर खड़े श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन दिलाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया। नवरात्र की शुरुआत से ही वीआईपी दर्शन को लेकर उठ रहे सवालों के बाद रविवार से नई व्यवस्था लागू की गई। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय ने विशेष पास प्रणाली शुरू की। अब केवल नगर मजिस्ट्रेट द्वारा जारी पास वाले ही विशिष्ट दर्शन कर सकेंगे। यह पास पुलिस दर्शन सेल, राजस्व विभाग और न्यायिक विभाग से अलग-अलग प्राप्त होगा। एक पास पर अधिकतम 10 लोगों को ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी और उस पर व्यक्ति का नाम व पद अंकित होगा। नई व्यवस्था लागू होते ही उन लोगों में खलबली मच गई जो अब तक पुलिस या अन्य माध्यमों से वीआईपी दर्शन का लाभ उठा रहे थे। पास जांच स्थल पर रविवार को काफी गहमागहमी भी देखी गई।

एसएसपी सोमेन वर्मा ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि षष्ठी और सप्तमी तिथि से ही भीड़ का दबाव बढ़ना शुरू हो गया है।

## बहन के घर गया युवक की हादसे में मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के जयचंदपुर निवासी संतोष कुमार 38 वर्ष बड्डूपुर थाना क्षेत्र के कतुरीकलां गांव स्थित अपनी बहन की ससुराल गया था। जहां से देर रात बाइक से घर लौट रहा था। लखनऊ –महमूदाबाद मार्ग पर निंदूरा गांव के निकट मोड़ पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिर गई। जिससे युवक भी खड्ड में गिर गया। रात होने के कारण घटना के समय वहां कोई नहीं पहुंचा, जिससे उसकी मौत हो गई। उधर परिवार के लोग देर रात तक उसका इंतजार करते रहे। युवक जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसको फोन किया, किंतु उसका मोबाइल फोन बंद था।दरअसल मोबाइल फोन गढ्ढे में भरे पानी में भीगकर बंद हो गया था। रात भर परिजन उसकी खोज करते रहे। उधर युवक का शव भी रात भर गड्ढे में पड़ा रहा। रविवार की सुबह जब मार्ग पर आवागमन शुरू हुआ तब घटना की जानकारी हुई। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। परिवार में कोहराम मचा है।ओदार चौकी इंचार्ज श्रीकांत मिश्रा ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फांसी फंदे से लटका मिला युवक का शव,

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सफदरगंज थाना अंतर्गत पेरी मजरे मौलाबाद में एक व्यक्ति का शव फांसी फंदे से लटकता मिला। परिजन रविवार की सुबह अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे, तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें रोक दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, पड़ताल शुरू की ।जानकारी के अनुसार, पेरी मजरे मौलाबाद निवासी रामकुमार पुत्र दयाराम जिनकी उम्र करीब 40 वर्ष का शव साड़ी के फंदे से पंखे के हुक से लटका मिला। यह घटना सुबह सामने आई। रविवार की सुबह करीब 8 बजे, परिजन रामकुमार का अंतिम संस्कार करने के लिए शव को खेत के पास तालाब के किनारे चिता की पूरी तैयारी थी।तभी किसी ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची डायल 112 टीम ने अंतिम संस्कार रुकवाकर सफदरगंज पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।रामकुमार की पत्नी रेखा और उनके दो बच्चों की दशा बेहद दुखद है।सफदरगंज थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के कार्रवाई तय होगी।

## महिला पर हमला आभूषण लूटा, तहरीर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के मनीरामपुरवा मजरे सिरौलीगुंग में एक महिला पर हमला कर जेवर लूट लिया। पीड़िता किरन देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो अज्ञात लोगों ने उनके सिर पर वार कर सोने के आभूषण छीन लिए। पुलिस ने इस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है।किरन देवी के अनुसार, यह घटना 27 सितंबर की रात करीब 11 बजे की है। उन्होंने बताया कि जब वह लघुशंका के लिए घर से बाहर निकली थीं, तभी दो नकाबपोश हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया।महिला ने बताया कि हमलावरों ने उनके सिर पर वार किया और कान, नाक व गले में पहने सोने के आभूषण छीन लिए। इस दौरान उनके सिर में चोट भी आई।किरन देवी के शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई और 112 पर भी कॉल किया गया।कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि कान और नाक से जेवर छीने जाते, तो उन स्थानों पर चोट के निशान होने चाहिए थे, जो अभी तक नहीं दिखे हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## देवा क्षेत्र में महिला से 10 हज़ार रुपये और जेवर लेकर फरार हुए ठग

देवा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना देवा क्षेत्र में ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है मोहनलाल पुरवा मजरे माती निवासी विजयलक्ष्मी पत्नी रामसबेसी वर्मा के साथ दो अज्ञात ठगों ने झाड़–फूंक और पूजा–पाठ के बहाने ?10,000 नगद व सोने की माला पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की, जिस पर थाना देवा पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता विजयलक्ष्मी ने तहरीर दी है कि शनिवार की शाम करीब 4 बजे वह चौकी माती पर अपना पैसा लेने गई थी। वहां उसे सत्यपाल नामक व्यक्ति ने 7000 नगद दिया घर लौटते समय योजना बद्ध तरीके से दो अज्ञात व्यक्ति उसे रास्ते में मिले। उन्होंने महिला को बहकाकर कहा कि ''तुम्हारी बिटिया का लड़का होगा, इसके लिए पैसे और जेवर पर कागज रखकर झाड़–फूंक करनी होगी।'' महिला उनकी बातों में आ गई और उसने अपने पास मौजूद ?10,000 नकद और सोने की माला उन्हें सौंप दी ठगों ने कागज पर झाड़–फूंक कर महिला को एक पुड़िया थमा दी। जब महिला घर पहुंचकर पुड़िया खोली तो उसमें न तो रुपये थे और न ही जेवर। तब जाकर उसे अहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो चुकी है घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता विजयलक्ष्मी ने थाना देवा पहुंचकर तहरीर दी माती चौकी प्रभारी अशोक वर्मा ने बताया कि केस दर्ज किया गया है जल्द ही आरोपितों को पकड़कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

## मुजफ्फरनगर: पुलिस मुठभेड़ में एक लाख का इनामी बदमाश नईम ढेर

मुजफ्फरनगर । उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में रविवार को मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश नईम मारा गया। इस दौरान पुलिस का मुख्य आरक्षी भी घायल है। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए असपताल में भर्ती कराया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने पत्रकारों को बताया कि मीरापुर थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा पुलिस टीम के साथ रविवार को कुतुबपुर झाल नहर पटरी पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान दो व्यक्ति अलग–अलग मोटर साइकिल पर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वे भूम्मा चौकी की तरफ भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो वे चौकी भूम्मा से पहले खंडहर की तरफ मुड़ गये। पुलिस पार्टी ने घेराबन्दी की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली मुख्य आरक्षी कालू राम यादव के बायें हाथ पर लग गई, जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें बचाते हुए बदमाशों को मुहंतोड़ जवाब दिया। पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। पुलिस ने बदमाश और घायल सिपाही को इलाज के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया। डॉक्टरों ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया है। गोली उसके सीने पर लगी है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है। एसएसपी ने बताया कि बदमाश की शिनाख्त मुजफ्फरनगर के दक्षिणी खालापार निवासी युसुफ के बेटे नईम कुरैशी के रूप में हुई है। उसके खिलाफ 32 मुकदमें दर्ज हैं। इनमें उत्तर प्रदेश में 25, उत्तराखंड में पांच और दिल्ली के थानों में दो मुकदमें शामिल है।

## फायर डिपार्टमेंट का हाई-टेक स्टॉल बना आकर्षण, रोबोट से लेकर स्मार्ट कैमरे तक ने खींचा ध्यान

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इस बार लोगों की नज़र सबसे ज्यादा जिस स्टॉल पर ठहर रही है, वह है फायर डिपार्टमेंट का हाई-टेक स्टॉल। यहां प्रदर्शित अत्याधुनिक उपकरण और दमकल वाहनों ने न केवल दर्शकों को रोमांचित किया, बल्कि यह भी साबित किया कि आधुनिक तकनीक और तैयारी से आपदा प्रबंधन और अग्निशमन सेवाओं में नई क्रांति आ चुकी है। फायर डिपार्टमेंट ने अपने स्टॉल पर कई अत्याधुनिक उपकरण प्रदर्शित किए, जिनमें विक्टिम ट्रेस कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा, ब्रीदिंग अपरेटस सेट और फायर फाइटिंग रोबोट प्रमुख रहे। इन उपकरणों ने प्रदर्शनी देखने आए दर्शकों, छात्रों और उद्यमियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की झलक दिखलाई।

फायर डिपार्टमेंट ने केवल उपकरण ही नहीं, बल्कि आधुनिक दमकल वाहनों को भी प्रदर्शित किया है। इन वाहनों को हाल ही में विभिन्न जिलों जैसे मेरठ, गोरखपुर और लखनऊ में तैनात किया गया है।

# मनोरंजन के नाम पर फूहड़पन : बसखारी के यूट्यूबर बने सभ्य समाज के दुश्मन

**अक्षय कुमार उर्फ चिथरु व उनकी टीम समाज को गंदगी की ओर धकेल रहे''**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अकबरपुर अम्बेडकरनगर । मनोरंजन के नाम पर फूहड़पन और अश्लीलता परोसना आजकल कुछ यूट्यूबरों का शौक बन गया है। अकबरपुर-बसखारी क्षेत्र के कुख्यात यूट्यूबर अक्षय कुमार उर्फ चीथरू और उनकी टीम इसी प्रवृत्ति के शिकार हो चुके हैं। कभी अपनी कलाकारी और सहज हास्य से लोगों का दिल जीतने वाले यही लोग अब गालियों, अभद्रता और अश्लीलता से समाज को दूषित करने का कार्य कर रहे हैं। दरअसल, सोशल मीडिया के मंच पर इन लोगों ने कॉमेडी के नाम पर जो कंटेंट प्रस्तुत किया है, वह सभ्यता, संस्कृति और मर्यादा का खुलेआम मजाक उड़ाता है। फूहड़पन और भद्दी भाषा का सहारा लेकर लोकप्रियता हासिल करने की यह कोशिश सभ्य समाज को गहरी चोट पहुँचा रही है। जनता का आक्रोश भी अब मुखर होता जा रहा है। दिलीप कुमार सरोज, विशाल सिंह, अजय निषाद सहित दर्जनों लोगों ने इन यूट्यूबरों के अश्लील कंटेंट की खुलकर आलोचना की है। उनका कहना है कि यह केवल गंदगी फैलाने का कृत्य नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को गलत दिशा में ले जाने वाला अपराध है। उधर, कई सामाजिक संगठन भी इस मामले में सक्रिय हो चुके हैं। संगठनों का स्पष्ट कहना है कि यदि ऐसे यूट्यूबर अपनी अभद्र हरकतें बंद नहीं करते तो उनके खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर कर कठोर कार्रवाई कराई जाएगी।

सख्त सवाल उठ रहे हैं
क्या समाज के सामने मनोरंजन का यही चेहरा पेश किया जाएगा? क्या गालियां और अश्लीलता ही अब कला और रचनात्मकता का नया मानदंड बनेंगे?
और क्या प्रशासन ऐसे सामाजिक अपराधियों पर आंख मूँदकर बैठेगा? सच तो यह है कि मनोरंजन के नाम पर परोसी जा रही यह अश्लीलता न केवल घोर निंदनीय है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पतन का संकेत भी है। अब आवश्यक है कि ऐसे कंटेंट बनाने वालों पर कठोर अंकुश लगे, ताकि समाज को गंदगी की इस दलदल में धकेलने की उनकी साजिश असफल हो सके।

# भाजपा की सरकार में किसान परेशान :गौरव रावत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश का किसान खाद संकट से जूझ रहा है। खाद की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में खाद को लेकर हाहाकार है। खाद के लिए किसानों को लगातार लाइन लगानी पड़ रही है। वर्तमान भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा परेशान किसान है ।

उक्त विचार आज विधानसभा जैदपुर के अंतर्गत विकासखंड हरख के ग्राम मसूदपुर में अपनी पूर्वांचल विकास निधि द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग रोड का उद्घाटन करने के पश्चात पी0डी0ए0 चौपाल में बोलते हुए विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किये।

श्री गौरव रावत ने आगे कहा कि कई जिलों की सहकारी समितियों में खाद नहीं है। किसानों को पिछले साल न गेहूं की फसल के लिए यूरिया, डीएपी मिली और न धान के लिए खाद मिली, अब आलू और चना-मटर, सरसो के लिए खाद नही मिल रही है। खाद के लिए लाइनों में लगे दो किसानों की तबियत बिगड़ रही है। भाजपा किसान विरोधी है। भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी हो रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, बिजली उपलब्ध कराने में विफल है।भाजपा नौ साल से किसानों से झूठे वादे करती रही है। इसने किसानों को बर्बाद कर दिया। भाजपा सरकार में किसानों को लगातार धोखा मिल रहा है। इस सरकार से किसान हर तरह से पीड़ित और प्रताड़ित है। एक तरफ किसान को खाद, बिजली और अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। वहीं दूसरी तरफ जंगली जानवरों के हमलों से किसानों, गरीबों में दहशत का माहौल है। बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत समेत अन्य कई जिलों में जंगली जानवर लगातार किसानों और गरीबों पर हमला कर जान ले रहे है। बच्चों को अपना निवाला बना रहे है। गरीब और किसान बेबस है। भाजपा सरकार की अकर्मण्यता से जनता में भारी आक्रोश है। भाजपा सरकार लोगों को सुरक्षा देने में असफल है। भाजपा सत्ता से हटेगी तभी किसानों को खाद, बीज मिलेगा, तभी गरीबो की सुरक्षा होगी।

पूर्व चेयरमैन राम नरेश वर्मा की अध्यक्षता तथा सुरेंद्र यादव जी के संचालन में हुए उक्त समारोह को मुख्य रूप से आयोजन संदीप यादव, सतीश पांडे, प्रदेश सचिव गामा यादव, ब्लॉक अध्यक्ष केशव राम वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष उबेद शानू, धीरेन्द्र चौधरी, राम प्रकट यादव प्रधान रामकिशोर उर्फ पप्पू वर्मा, सेवक राम यादव,मास्टर प्रेमचंद वर्मा, सुरेंद्र यादव खपुरवा, संदीप वर्मा जेसीबी, कुलदीप पटेल,गोलू वमा,हरिनाथ प्रधान, हरिनाम प्रधान, अशोक प्रधान,अखिलेश यादव प्रधान, शिवप्रसाद पांडे, अखिलेश यादव प्रधान, शिवबरन यादव,लल्लन त्रिवेदी, राम कैलाश, मास्टर रामनरेश, प्रदीप, शिवपाल रावत,युनुस भाई, श्यामू रावत प्रधान, मनीष यादव, दुर्गेश रावत,जितेंद्र यादव डीसी समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# मिथुन मन्हास बने बीसीसीआई के अध्यक्ष

## ओझा, आरपी सिंह सीनियर पुरुष चयन समिति में

एजेंसी



मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आज पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर मिथुन मन्हास को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया। वह अनुभवी क्रिकेटर रोजर बिन्नी का स्थान लेंगे। इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर प्रज्ञान ओझा और आरपी सिंह को पुरुष राष्ट्रीय टीम की चयन समिति में शामिल किया गया। वहीं दिल्ली की अमिता शर्मा को महिला चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, मुंबई की सुलक्षणा नाइक और हैदराबाद की श्रावंती नायडू भी इसमें शामिल होंगी। इस बीच, एस शरत को जूनियर चयन पैनल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शरत 2023 से सीनियर पैनल का हिस्सा थे।

मन्हास के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने के बाद इस फैसले की औपचारिक घोषणा की गई। पिछले कुछ हफ्तों से क्रिकेट और प्रशासनिक हलकों में उनका नाम चर्चा में था, और खबरें थीं कि वह इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं। बीसीसीआई ने अब उनकी नियुक्ति की पुष्टि कर दी है, जिससे अटकलों पर विराम लग गया है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पूर्व खिलाड़ी मन्हास अपने लंबे घरेलू करियर और नेतृत्वकारी भूमिकाओं के लिए जाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति को भारतीय क्रिकेट प्रशासन में पीढ़ीगत बदलाव के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें युवा और हाल ही में सक्रिय क्रिकेटरों को निर्णय लेने वाली भूमिकाओं में लाया जा रहा है। मन्हास की पदोन्नति के अलावा, वरिष्ठ प्रशासक राजीव शुक्ला को बीसीसीआई के ढांचे में एक महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे बोर्ड का नेतृत्व ढांचा और मजबूत होगा। मन्हास अब व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के दौरान भारतीय क्रिकेट की शासी संस्था का नेतृत्व करने के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट के विकास, संचालन और वैश्विक प्रतिनिधित्व में मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने के लिए जिम्मेदार होंगे। इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के साथ, बीसीसीआई ने प्रशासनिक अनुभव को पूर्व खिलाड़ियों के नए दृष्टिकोणों के साथ मिलाने के अपने इरादे का संकेत दिया है, जिससे भारतीय क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में निरंतरता और नई ऊर्जा सुनिश्चित होगी। बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान, यह भी निर्णय लिया गया कि कोई अंडर-16 खिलाड़ी तब तक आईपीएल नहीं खेल सकता जब तक कि उसने कम से कम एक मैच के लिए रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व न किया हो।

# आईसीसी ने महिला विश्व कप 2025 के कमेंट्री पैनल का किया ऐलान

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए कमेंटेटरों के एक मजबूत पैनल की घोषणा की है। इस कमेंट्री पैनल में कई महिला खिलाड़ियों को ज्यादा जगह दी गई है, जिनमें भारत की दो पूर्व कप्तान भी हैं। पैनल में शामिल दिग्गज महिला क्रिकेटर अपनी आवाज से दर्शकों को रोमांचित करेंगी।

कमेंट्री पैनल में पूर्व विश्व कप विजेता मेल जोन्स, ईसा गुहा, स्टेसी-एन किंग और जूलिया प्राइस के साथ भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज, अंजुम चोपड़ा और पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सना मीर शामिल हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन, ऑस्ट्रेलिया के एरॉन फिंच, वेस्टइंडीज के कार्लोस ब्रेथवेट, भारत के दिनेश कार्तिक, न्यूजीलैंड की केटी मार्टिन के साथ इयान बिशप, नताशा फैरेंट, म्पुमेलो म्बांगवा और रसेल अर्नोल्ड भी टीम का हिस्सा होंगे। पैनल में अनुभवी प्रसारक नताली जर्मनोस, एलन विल्किंस और कास नायडू के साथ-साथ उभरते प्रसारक रौनक कपूर और जतिन सप्रू को भी रखा गया है। कमेंट्री पैनल में शामिल किए जाने पर मिताली राज ने विश्व कप 2025 को अगली पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने वाला टूर्नामेंट बताया। मिताली राज ने कहा कि भारत और श्रीलंका में महिला विश्व कप का आयोजन देखना बेहद संतोषजनक है। यह न केवल दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का जश्न मनाने के बारे में है, बल्कि क्रिकेट खेलने का सपना देखने वाली नई पीढ़ी की लड़कियों को प्रेरित करने के बारे में भी है। एक खिलाड़ी के रूप में इस सफर का हिस्सा होने के नाते अब वह कमेंट्री बॉक्स से अपने अनुभव साझा करने और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डालने के लिए उत्साहित हूं, जो हमारे खेल के भविष्य को आकार देंगे।

# नेपाल की वेस्टइंडीज पर ऐतिहासिक जीत

एजेंसी

शारजाह। नेपाल ने शारजाह में वेस्टइंडीज को 19 रनों से हराकर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज की और तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। 180 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद, नेपाल ने आखिरकार एक पूर्ण सदस्य देश को ऐतिहासिक दिन पर हराया। नेपाल के मध्यक्रम ने उन्हें 8 विकेट पर 148 रनों के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया, जिसके बाद उन्होंने सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को रोक दिया। वेस्टइंडीज ने नेपाल को बल्लेबाजी के लिए भेजा और धीमी शुरुआत के बाद, अकील हुसैन ने कुशल भुर्टेल को सस्ते में स्टंप आउट कर दिया। साथी सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख चौथे ओवर में जेसन होल्डर का शिकार बने और नेपाल का स्कोर अचानक 12/2 हो गया। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल मल्ला ने 58 रनों की साझेदारी करके पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाज़ों ने अच्छी दौड़ भी लगाई, दो-दो और तीन-तीन रन भी लिए ताकि मैदान पर कोई रन न बचे। शानदार फॉर्म में चल रहे मल्ला ने ओबेद मैकॉय की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन अगले ही ओवर में लेग स्पिनर नवियन बिदाईसी की गेंद पर आउट हो गए, जो अपना पहला मैच खेल रहे थे। पौडेल ने सिमंड्स की गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन लेग स्पिनर ने उन्हें पवेलियन वापस भेज दिया। गुलसन झा ने दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाए, लेकिन लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट होकर बिदाईसी को अपना तीसरा विकेट दिलाया। 19वें ओवर में नेपाल ने होल्डर के हाथों तीन विकेट गंवा दिए, जिससे उनके मध्यक्रम की सारी मेहनत पर पानी फिर गया, लेकिन मैकॉय के दो छक्कों ने उन्हें 150 के आंकड़े से दो रन दूर कर दिया। वेस्टइंडीज ने शानदार शुरुआत की और पहली ही गेंद पर चौका जड़ दिया। करण केसी ने काइल मेयर्स को पांच रन पर आउट कर दिया, लेकिन अपने दूसरे ओवर में अकीम ऑगस्टे की आक्रामक बल्लेबाजी के कारण उन्हें 12 रन पर आउट कर दिया। लेकिन बायें हाथ के इस बल्लेबाज को धीमी गेंद पर नंदन यादव ने आउट कर दिया। जंगू ने पावरप्ले के अंत में वेस्टइंडीज को रन-रेट से आगे रखने के लिए दो चौके लगाए। कप्तान पौडेल ने गेंद से स्थिति को संभाला और तुरंत ही ज्वेल एंड्रयू का विकेट लेकर वापसी की। अगले ही ओवर में जंगू आउट हो गए और वेस्टइंडीज की टीम लड़खड़ाने लगी, उन्होंने अपना चौथा विकेट सिर्फ़ 53 रन पर गंवा दिया। वेस्टइंडीज को कोई राहत नहीं मिली क्योंकि कीसी कार्टी रन आउट हो गए, जबकि होल्डर 14वें ओवर में सिर्फ़ पांच रन बनाकर आउट हो गए, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गईं। वेस्टइंडीज को आखिरी पांच ओवरों में चार विकेट शेष रहते 70 रन चाहिए थे।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप : रुज्दी ने विश्व रिकॉर्ड के साथ लगातार छठा शॉटपुट स्वर्ण पदक जीता

एजेंसी




नई दिल्ली। बुल्गारिया के रुज्दी ने रविवार की सुबह यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रहे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में पुरुषों की शॉटपुट एफ55 स्पर्धा में लगातार छठा स्वर्ण पदक जीता। सुबह के सत्र में स्थापित तीन विश्व रिकॉर्डों में से एक 12.94 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ उनका दबदबा रहा। मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में 7.67 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की, जबकि यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के साथ पुरुषों की शॉटपुट टी12 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड बनाया और मुकाबला निर्णायक रूप से जीत लिया। 34 वर्षीय रुज्दी ने अपने अंतिम प्रयास में लोहे की गेंद को 12.94 मीटर से ज्यादा की दूरी से फेंका, जिससे दो साल पहले पेरिस में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाए गए उनके 12.69 मीटर के रिकॉर्ड में सुधार हुआ। सर्बिया के नेबोजसा ड्यूरिक ने छह बार 12 मीटर से ज़्यादा की दूरी से थ्रो किया, लेकिन रुज्दी ने ड्यूरिक के सर्वश्रेष्ठ 12.52 मीटर से पांच बेहतर थ्रो किए। एक कार दुर्घटना में बचे रुज्दी कमर से नीचे लकवाग्रस्त हैं। उन्होंने 2015 में दोहा से शुरू होकर विश्व चैंपियनशिप के प्रत्येक संस्करण में जीते गए स्वर्ण पदकों में और इजाफा किया। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता तब सामने आई जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और यह तीसरी बार था जब उन्होंने विश्व रिकॉर्ड दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। मलेशिया के अब्दुल लतीफ रोमली ने विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद टी20 स्पर्धा में हैट्रिक पूरी की। 28 वर्षीय इस खिलाड़ी के लिए विश्व रिकॉर्ड एक सोने की खान साबित हुआ, जिन्होंने इस स्पर्धा में पांच स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर अपना दबदबा बनाया है। विश्व चैंपियनशिप में उन्हें केवल एक बार 2019 में दुबई में ही हराया गया था। यूक्रेन के वोलोडिमिर पोनोमारेंको ने पुरुषों की शॉट पुट टी12 स्पर्धा में अपने दूसरे प्रयास में 17.39 मीटर के प्रयास के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया और निर्णायक रूप से मुकाबला जीत लिया। लातविया के एमिल्स डिजिलना ने 16 मीटर से अधिक के दो पुट लगाए, लेकिन 16.63 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन यूक्रेनी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक जीतने से नहीं रोक पाया। नासिमा सैफी के प्रतिद्वंद्वियों को उन्हें पोडियम के शीर्ष से हटाना मुश्किल लगा क्योंकि उन्होंने महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ57 स्पर्धा में स्वर्ण पदकों की दोहरी हैट्रिक पूरी की। अंतर साफ दिखाई दे रहा था, क्योंकि उनके पांचों वैध थ्रो 32 मीटर से ज़्यादा के थे, जबकि चीन की रजत पदक विजेता तियान युक्सिन का 30.30 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 30 मीटर से ज़्यादा के दो अन्य थ्रो में से सिर्फ़ एक था।

# अमेरिकी जांच से निवेश योजनाओं पर असर नहीं: वारी एनर्जीज

एजेंसी

नयी दिल्ली। वारी एनर्जीज ने रविवार को कहा कि सौर शुल्क चोरी की आशंका को लेकर अमेरिकी जांच से उसकी निवेश योजनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इनमें टेक्सास स्थित उसके संयंत्र का विस्तार और अमेरिकी बाजार में सौर सेल निर्माण क्षमता स्थापित करने की संभावना शामिल है। वारी, सौर मॉड्यूल के निर्माण में सबसे बड़ी एकीकृत कंपनियों में से एक है। भारत में इसकी परिचालन क्षमता 13.3 गीगावाट है। कंपनी ने इस साल जनवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास स्थित अपने अमेरिकी सौर मॉड्यूल निर्माण संयंत्र में 1.6 गीगावाट की प्रारंभिक स्थापित क्षमता के साथ परिचालन शुरू किया था। टेक्सास स्थित इस संयंत्र को वित्त वर्ष 2026-27 तक 3.2 गीगावाट तक बढ़ाया जा रहा है। अमेरिकी सीमा शुल्क अधिकारियों ने पिछले सप्ता इस बात की जांच शुरू की थी कि क्या वारी ने चीन में बने सौर सेल और पैनलों को भारत में निर्मित बताकर शुल्क बचाया है। फर्म ने कहा, जांच का हमारी निवेश योजनाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। टेक्सास संयंत्र का 1.6 गीगावाट से 3.2 गीगावाट तक विस्तार पहले ही चल रहा है। कंपनी ने कहा कि अमेरिका स्थित मेयर बर्गर की संपत्तियों के अधिग्रहण से देश में उसकी दीर्घकालिक विनिर्माण उपस्थिति और मजबूत होगी। फर्म ने एक लिखित प्रश्नोत्तर में कहा, वारी एनर्जीज ईमानदारी से काम करना जारी रखेगी, और हम अमेरिकी बाजार के प्रति अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं। फर्म ने कहा कि वह जांच में अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) को सभी आवश्यक जानकारी दे रही है। कंपनी ने कहा कि एक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में उसने सभी लागू स्थानीय कानूनों और नियमों का लगातार पालन किया है।

# अमेरिकी शुल्क: केवल सन फार्मा पर कुछ जोखिम, लेकिन आय पर सीमित प्रभाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। अमेरिका के एक अक्टूबर से ब्रांडेड और पेटेंट वाले दवा उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने से भारतीय दवा निर्माताओं को कोई खास नुकसान नहीं होगा। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि सन फार्मा पर कुछ जोखिम तो है, लेकिन आय पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। एचएसबीसी ग्लोबल इन्वेस्टमेंट रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय कंपनियों में केवल सन फार्मा की अमेरिका में पेटेंट वाली दवाओं से अच्छी-खासी बिक्री है (वित्त वर्ष 2024-25 के राजस्व का लगभग 17 प्रतिशत)। अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अक्टूबर से अमेरिका में आने वाली ब्रांडेड या पेटेंट दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। हालांकि, अमेरिका में विनिर्माण संयंत्र बनाने वाली दवा कंपनियों को इससे छूट दी गई है। एचएसबीसी ने कहा कि सन फार्मा ने वित्त वर्ष 2024-25 में पेटेंट उत्पादों से 1.217 अरब अमेरिकी डॉलर की वैश्विक बिक्री दर्ज की, जिसमें अमेरिकी बाजार का योगदान लगभग 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर (वैश्विक बिक्री का 85-90 प्रतिशत) था। यह आंकड़ा कुल राजस्व का 17 प्रतिशत और एकीकृत प्रति शेयर आय (ईपीएस) का 8-10 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया, जेनेरिक (पेटेंट-मुक्त) दवाएं अमेरिकी शुल्क से मुक्त हैं, इसलिए अन्य भारतीय कंपनियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि नए शुल्क से भारतीय दवा निर्माताओं को कोई खास नुकसान नहीं होगा, क्योंकि अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से जेनेरिक, पेटेंट मुक्त दवाएं शामिल हैं, जो इन शुल्क के दायरे में नहीं आती हैं। एचएसबीसी ने कहा कि इस समय सन फार्मा के पेटेंट उत्पाद ज्यादातर वैश्विक अनुबंध विकास और विनिर्माण संगठन (सीडीएमओ) भागीदार बताते हैं। इसमें आगे कहा गया, हालांकि यह शुल्क सन फार्मा के लिए व्यापक रूप से नकारात्मक है, हमें लगता है कि आय पर शुल्क का प्रभाव कई पहलुओं पर निर्भर करता है। इनमें आपूर्ति श्रृंखला का विस्तार, ब्रांड का आईपी स्थान, तृतीय-पक्ष निर्माताओं का उपयोग शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि सबसे खराब स्थिति में सन फार्मा को अमेरिका में संयंत्रों वाले सीडीएमओ भागीदारों को विनिर्माण स्थानांतरित करना होगा। सन फार्मा पेटेंट उत्पादों के निर्माण को अमेरिका स्थित अपने तीन संयंत्रों में भी स्थानांतरित कर सकती है। कंपनी नए पूंजीगत व्यय की घोषणा भी कर सकती है या अमेरिका में एक विनिर्माण संयंत्र का अधिग्रहण कर सकती है। इसके लिए 6-24 महीने तक का समय लग सकता है।

# एनटीपीसी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान के लिए सलाहकार नियुक्त करेगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कदम कंपनी की भविष्य में स्थापित होने वाली परमाणु परियोजनाओं के लिए कच्चा माल सुरक्षित करने की योजना का हिस्सा है। एनटीपीसी ने इससे पहले यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक औपचारिक समझौते किया था। इस समय एनटीपीसी राजस्थान में लगभग 42,000 करोड़ रुपये के निवेश से भारतीय परमाणु ऊर्ज़ा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम (जेवी) में एक परमाणु परियोजना स्थापित कर रही है। इसमें एनटीपीसी की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि एनपीसीआईएल के पास 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बांसवाड़ा में संयुक्त उद्यम इकाई अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी) की चार गुणा 700 मेगावाट की माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्ज़ा परियोजना (एमबीआरएपीपी) की आधारशिला रखी। एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने हाल ही में कहा कि उनकी कंपनी विभिन्न परमाणु प्रौद्योगिकी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर अपनी परियोजनाएं स्थापित कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया, हम विदेश में यूरेनियम परिसंपत्तियों की संयुक्त तकनीकी-व्यावसायिक जांच-पड़ताल के लिए यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं। इस संबंध में एक प्रस्ताव बोर्ड की मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसके बाद हम परामर्श के लिए अनुबंध करेंगे। उन्होंने कहा कि एक सलाहकार नियुक्त होगा, जो यूरेनियम खदानों के स्थानों के बारे में सलाह देगा।

# मौद्रिक नीति बयान, आर्थिक आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

एजेंसी

मुंबई। अमेरिका में एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण बीते सप्ताहत शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के बयान और वृदह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी।

एमपीसी की बैठक 29 सितंबर से शुरू होगी और 01 अक्टूबर को बयान जारी किया जायेगा। घरेलू और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए इस बार नीतिगत ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद है। इसके अलावा औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 29 सितंबर को और विनिर्माण क्षेत्र के लिए पीएमआई के आंकड़े 01 अक्टूबर को जारी होने वाले हैं। वैश्विक कारकों के साथ इन तीनों कारकों का प्रभाव निवेश धारणा पर पड़ेगा।

घरेलू शेयर बाजारों के लिए पिछला सप्ताह विस्मरणीय रहा। सेंसेक्स 2,199.77 अंक (2.66 प्रतिशत लुढ़ककर) 80,426.46 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 672.35 अंक यानी 2.65 फीसदी की गिरावट में सप्ताहांत पर शुक्रवार को 24,654.70 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने एच1बी वीजा के शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर इसे एक लाख डॉलर करने का आदेश जारी किया है। एच1बी वीजा कंपनियों को अमेरिका में किसी खास विशेषज्ञता वाले कार्यबल की कमी की स्थिति में उसे अस्थायी रूप से विदेशियों को लाने की अनुमति देता है।



## शेयर समीक्षा

अधिकतर भारतीय और दूसरे देशों की आईटी कंपनियों के अमेरिका स्थिति कार्यालय में ज्यादातर विदेशी लोग की कार्यरत हैं। इस आदेश से आईटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त गिरावट रही।

मझौली और छोटी कंपनियों का और भी बुरा हाल रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक सप्ताह के दौरान कुल 4.40 फीसदी और स्मॉल कैप-100 सूचकांक 5.10 फीसदी टूट गया। सेंसेक्स की 30 में से 27 कंपनियों में साप्ताहिक गिरावट देखी गयी। टेक महिंद्रा का शेयर सबसे अधिक 9.43 प्रतिशत टूटा। टीसीएस में 8.51 फीसदी, ट्रेंट में 7.84 फीसदी, इंफोसिस में 5.95 फीसदी, एशियन पेंट्स में 5.72 फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 5.44 फीसदी की गिरावट रही। टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल सनफार्मा और टाइटन से शेयर चार से पांच फीसदी के बीच टूटे। अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल और बजाज फिनसर्व में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर दो प्रतिशत से अधिक लुढ़के। मात्र तीन कंपनियों के शेयर साप्ताहिक बढ़त में रहे। मारुति सुजुकी का शेयर 2.49 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 1.57 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.50 प्रतिशत चमका।

# शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.99 लाख करोड़ रुपये घटा, टीसीएस को तगड़ा झटका

नयी दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 2,99,661.36 करोड़ रुपये घट गया। शेयर बाजारों में जोरदार गिरावट के बीच आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 2,199.77 अंक या 2.66 प्रतिशत गिरा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 97,597.91 करोड़ रुपये घटकर 10,49,281.56 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 40,462.09 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस के बाजार मूल्यांकन में 38,095.78 करोड़ रुपये की गिरावट आई, और यह 6,01,805.25 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन भी घटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान बरकरार रखा। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# जीई एयरोस्पेस का एआई पर बड़ा दांव, देश में प्रतिभा खोज में मिली बड़ी सफलता: अधिकारी

बेंगलुरु। उन्नत विमान इंजन तकनीकों पर कार्य कर रही जीई एयरोस्पेस अब इंजन डिजाइन में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल की संभावनाएं तलाश रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इंजन के डिजाइन के बारे में बेहतर पूर्वानुमान सुनिश्चित करने के लिए एआई की मदद ली जा रही है। बेंगलुरु स्थित 25 वर्ष पुराना जॉन एफ वेल्च टेक्नोलॉजी सेंटर (जेएफडब्ल्यूटीसी) जीई एयरोस्पेस की नवोन्मेषी और सतत समाधानों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जीई एयरोस्पेस इंडिया के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी आलोक नंदा ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना के बाद से अब तक जीई द्वारा पेश या प्रमाणित किए गए सभी इंजन किसी न किसी रूप में बेंगलुरु स्थित टीम की भागीदारी के साथ विकसित किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी को देश में प्रतिभा खोजने में अत्यधिक सफलता मिली है। इस दल के नाम पर अब तक 1,000 से अधिक विमानन प्रौद्योगिकी पेटेंट हैं।

# बिहार को मिलेगी सात नई ट्रेनों की सौगात

एजेंसी

नयी दिल्ली/पटना। बिहार को आधुनिक रेल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पटना जं. से सात ट्रेनों की सौगात बिहार को देंगे, जिनमें तीन अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं।

कार्यक्रम में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे।

मध्यम वर्ग और आम लोगों की लोकप्रिय ट्रेन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना लेने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस की 12 सेवाएं अभी देश भर में चल रही हैं जिनमें 10 ट्रेन बिहार से चलती हैं। तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत हो जाने के बाद इस श्रेणी की रेलगाड़ियां की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी जिसमें 13 ट्रेनों का परिचालन बिहार से होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से बिहार वासियों के लिए यह बड़ी सौगात है।

रेल सेवाओं में आम जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्वश्री वैष्णव और चौधरी द्वारा पटना-बक्सर, झाझा-दानापुर, पटना-इसलामपुर तथा शेखपुरा-बरबीघा के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। शेखपुरा-बरबीघा-बिहार शरीफ के रास्ते नवादा से पटना के लिए पैसेंजर ट्रेन के चालू हो जाने से बरबीघा-अस्थावां-बिहार शरीफ रेलखंड पर (जिसका पिछले दिनों सीआरएस निरीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया है) ट्रेनों के परिचालन का इस क्षेत्र के लोगों का वर्षों पुराना सपना पूरा हो जाएगा । पटना-इसलामपुर पैसेंजर एवं नवादा-पटना पैसेंजर का परिचालन नई लाइन जट डुमरी-फाजिलचक-तोपसरथुआ-दनियावां के रास्ते किया जाएगा जिससे इस क्षेत्र लोगों को भी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी ।

इस समारोह में बिहार को एक और महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। तीन अमृत भारत एक्सप्रेस - मुजफ्फरपुर से हैदाराबाद के समीप चर्लपल्ली के मध्य, दरभंगा से अजमेर के समीप मदार जं. के मध्य तथा छपरा से आनंद विहार टर्मिनल के मध्य अमृत भारत ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। मुजफ्फरपुर से चर्लपल्ली के चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर से दक्षिण भारत के लिए पहली अमृत भारत ट्रेन होगी जबकि छपरा-आनंद विहार अमृत भारत एक्सप्रेस बिहार से दिल्ली के लिए छठी अमृत भारत ट्रेन होगी ।

यह अत्याधुनिक स्वदेशी ट्रेन यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव देगी। ये ट्रेनें बिहार को देश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर उत्तर भारत और दक्षिण भारत से तेज़ और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। इनके संचालन से राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा और पर्यटन, व्यापार तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

भारतीय रेलवे द्वारा विकसित अमृत भारत एक्सप्रेस आज देश की रेलवे प्रणाली के आधुनिकीकरण की मिसाल बन चुकी है। यह ट्रेन सिर्फ एक तेज़ और किफायती यात्रा का विकल्प नहीं है, बल्कि इसमें सेमी-ऑटोमेटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे, और टॉकबैक यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। पहली बार नॉन-एसी कोच में भी यात्रियों की सुरक्षा के लिए उन्नत तकनीक अपनाई गई है।

### अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संक्षिप्त विवरण

1. गाड़ी सं. 15293/15294 मुजफ्फरपुर-चर्लपल्लीi-मुजफ्फरपुर अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक) - यह एक्सलप्रेस हाजीपुर, पाटलिपुत्र, आरा, बक्ससर, डीडीयू, प्रयागराज छिवकी, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, काजीपेट के रास्तेह चलायी जाएगी ।
2. गाड़ी सं. 19623/19624 मदार-दरभंगा-मदार अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्ताहिक)- यह एक्सरप्रेस कमतौल, सीतामढ़ी, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, गोमतीनगर, कानपुर, टुंडला, जयपुर के रास्त् चलायी जाएगी ।
3. गाड़ी सं. 15133/15134 छपरा-आनंद विहार-छपरा अमृत भारत एक्सप्रेस (सप्तााह में दो दिन)- यह एक्सशप्रेस सिवान, थावे, कप्ताजनगंज, गोरखपुर, बस्तीु, गोंडा, ऐशबाग (लखनऊ), कानुपर के रास्ते चलायी जाएगी ।

### पैसेंजर ट्रेनों का संक्षिप्त विवरण

1. गाड़ी सं. 75271/75272 नवादा-पटना-नवादा डेमू पैसेंजर - यह पैसेंजर शेखपुरा, बरबीघा, अस्थाववां, बिहार शरीफ, नुरसराय, दनियावां, तोप सरथुआ, फाजिलचक, जटडुमारी, पुनपुन के रास्तें रविवार को छोड़कर सप्तानह में छः दिन चलायी जाएगी ।
2. गाड़ी सं. 75273/75274 इसलामपुर-पटना-इसलामपुर डेमू पैसेंजर - यह पैसेंजर पुनपुर, जटडुमरी, फाजिलचक, तोप सरथुआ, दनियावां, हिलसा के रास्तेच रविवार को छोड़कर सप्ताडह में छः दिन चलायी जाएगी ।
3. गाड़ी सं. 53201/53202 पटना-बक्स र-पटना फास्टा पैसेंजर - यह पैसेंजर दानापुर, आरा के रास्ते/ रविवार को छोड़कर सप्ता ह में छः दिन चलायी जाएगी ।
4. गाड़ी सं. 53203/53204 झाझा-दानापुर-झाझा फास्टे पैसेंजर - यह पैसेंजर जमुई, किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, फतुहा के रास्तै रविवार को छोड़कर सप्ताुह में छः दिन चलायी जाएगी ।

अमृत भारत एक्सप्रेस (चल रही) का विवरण इस प्रकार है :

1. दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
2. सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस
3. राजेन्द्रनगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
4. बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस
5. दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
6. मालदा टाउन-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस
7. सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
8. गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस

# अमित शाह ने फिर दोहराया- पूरा देश मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को एक बार फिर दोहराया कि देश से नक्सलवाद 31 मार्च, 2026 तक समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने वामपंथी विचारधारा पर भी हमला किया और कहा कि वैचारिक, कानूनी और वित्तीय मदद करने वालों को जब तक देश की जनता पहचान नहीं लेती, तब तक हिंसात्मक वामपंथ के खिलाफ लड़ाई समाप्त नहीं होगी।

गृहमंत्री अमित शाह विज्ञान भवन में आयोजित 'भारत मंथन 2025-नक्सली मुक्त भारत' के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, þबहुत से लोग मानते हैं कि नक्सलियों द्वारा की जा रही हत्याओं को रोकना ही भारत से नक्सलवाद का सफाया करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन यह सच नहीं है। भारत में नक्सलवाद इसलिए पनपा, क्योंकि इस विचारधारा को हमारे समाज के ही लोगों ने पोषित किया। हमें उन लोगों की पहचान करनी होगी और उन्हें समझना होगा, जो नक्सल विचारधारा को पोषित करते रहते हैं।



उन्होंने कहा कि जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी का गठन तीन प्रमुख विषयों पर केंद्रित था। इसमें देश की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और भारतीय संस्कृति के सभी अंगों का पुनरुत्थान शामिल था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने पर आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी तीन प्रमुख समस्याएं थी। पहली जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, दूसरी पूर्वोत्तर में अलगाववाद और तीसरी देश के भीतरी हिस्सों में नक्सलवाद। उन्होंने कहा कि देश में शासन करने वाली सरकारों की उपलब्धियां को केवल और केवल तुलनात्मक ढंग से ही समझा जा सकता है। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान सरकार और पिछली कांग्रेस की सरकारों के दौरान आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में कहीं बेहतर काम किया है, जिसके परिणाम दिखाई दे रहे हैं। सुरक्षा बलों और आम नागरिकों के बहुमूल्य जीवन का नुकसान कम हुआ है।

उन्होंने कहा कि एक समय में वामपंथी 'पशुपतिनाथ से तिरुपति' तक के बड़े रेड कॉरिडोर पर दावा करते थे, लेकिन अब अगर कोई इस तरह की बात करता है, तो उस पर हंसी आती है।

एक संदर्भ में अमित शाह ने इस बात का भी उल्लेख किया कि पश्चिम बंगाल में वामपंथियों के सत्ता में आने के बाद वहां नक्सली आंदोलन समाप्त हो गया। वामपंथी हिंसा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के पहलुओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एक तरफ सुरक्षा अभियान चलाकर नक्सलियों को न्यूट्रलाइज किया और सरेंडर करने के लिए मजबूर किया। वहीं ईडी और एनआईए के माध्यम से उनके वित्तीय मदद को रोका। उन्होंने कहा कि 2019 के बाद नक्सलियों को मिलने वाले हथियारों में करीब 90 प्रतिशत की कमी आई है।

## प्रत्येक व्यक्ति प्रति वर्ष 79 किलोग्राम भोजन बर्बाद करता है : यूएनईपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार दुनिया भर में प्रत्येक व्यक्ति प्रति वर्ष 79 किलोग्राम भोजन बर्बाद करता है और 99 प्रतिशत लोग ऐसी हवा में सांस लेते हैं जो सुरक्षित नहीं है।

ये समस्याएं एक-दूसरे से जुड़ी हैं और जलवायु परिवर्तन, भुखमरी तथा स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ा रही हैं। 29 सितंबर को खाद्य हानि और बर्बादी के प्रति अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस मनाया जायेगा। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 19 दिसंबर 2019 को एक प्रस्ताव पारित कर खाद्य हानि और बर्बादी के प्रति अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस (आईडीएएफएलडब्ल्यू ) घोषित किया था। यूएनईपी के मुताबिक वायु प्रदूषण और खाद्यान्नों की हानि एवं बर्बादी हमारे समय की दो सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियाँ हैं। ये मिलकर जलवायु परिवर्तन, जन स्वास्थ्य समस्याओं और खाद्य असुरक्षा को और बढ़ा देते हैं। जमीनी स्तर पर मौजूद प्रमुख वायु प्रदूषक ओजोन फसलों को सीधे नुकसान पहुँचाती है और इससे उपज प्रभावित होती है। इसके साथ ही खाद्यान्नों की बर्बादी लैंडफिल में मीथेन उत्सर्जन पैदा करती है, जिससे वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन और भी बदतर हो जाते हैं। यूएनईपी का लक्ष्य खुदरा और उपभोक्ता स्तर पर प्रति व्यक्ति वैश्विक खाद्य बर्बादी को आधा करना और उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में खाद्य हानि को कम करना है। इस समय विश्व की जनसंख्या 8.2 अरब है जिसके 2050 तक बढ़कर 9.7 अरब के करीब पहुँचने की उम्मीद है। ऐसे में यूएनईपी का उद्देश्य है कि वर्तमान और भविष्य की आबादी के पास पर्याप्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो।

यूएनईपी के मुताबिक 2021 में अनुमानित 1.25 अरब टन खाद्यान्न कटाई के बाद और खुदरा दुकानों तक पहुंचने से पहले वैश्विक स्तर पर नष्ट हो गए। वैश्विक खाद्य अपशिष्ट का 60 प्रतिशत हिस्सा घरों में बर्बाद होता है। खाद्य हानि और अपशिष्ट वैश्विक ग्रीनहाउस उत्सर्जन का 8 से 10 प्रतिशत उत्पन्न करते हैं। कृषि खाद्य प्रणालियों में नवाचार को अपनाने से खाद्य हानि एवं बर्बादी को रोकने, कम करने तथा पुनः उपयोग करने के लिये चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे जिससे आजीविका में सुधार होगा तथा विभिन्न हितधारकों को आर्थिक लाभ भी होगा।

## भाजपा-आरएसएस के निशाने पर है लद्दाख :राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि लद्दाख के लोग, परंपरा और संस्कृति इनके निशाने पर हैं। कांग्रेस नेता ने प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों के मारे जाने को 'हत्या' करार देते हुए कहा कि सोच समझकर लद्दाख की संस्कृति, परंपरा और वहां के लोगों की 'हत्या' की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों की आवाज दबाई जा रही है इसलिए ही सोनम वांग्चुक को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है। श्री गांधी ने कहा ''लद्दाख के अद्भुत लोग, संस्कृति और परंपराएं भाजपा और आरएसएस के निशाने पर हैं। लद्दाखियों ने आवाज़ उठाई। भाजपा ने जवाब में चार युवकों की हत्या कर दी और सोनम वांग्चुक को जेल में डाल दिया।' उन्होंने आगे कहा ''हत्या बंद करो। हिंसा बंद करो। धमकी बंद करो। लद्दाख को आवाज़ दो। उन्हें छठी अनुसूची दो।

## वित्तीय सेवा विभाग ने एमसीएमपी के साथ पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफसी) ने उच्चतम न्यायालय के मध्यस्थ एवं सुलह परियोजना समिति ( एमसीएमपी) के साथ मिलकर ऋण वसूली न्यायाधिकरणों के पीठासीन अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए राजधानी में मध्यस्थता विषय पर पांच दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

वित्त मंत्रालय की की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 24-28 सितंबर तक 40 घंटे के इस कार्यक्रम के दौरान मध्यस्थता की अवधारणा, न्यायिक प्रक्रिया और विभिन्न एडीआर प्रक्रियाओं के बीच तुलना, मध्यस्थता में बातचीत और सौदेबाजी आदि विषयों पर चर्चा की गयी। न्यायालय के एनेक्सी भवन परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम वर्तमान समय में विवाद समाधान तंत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से प्रशिक्षण के उद्देश्य से रखा गया था। मध्यस्थता को आपसी सहमति से विवादों को सुलझाने के लिए एक प्रभावी पद्धति के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मध्यस्थता की अवधारणा, न्यायिक प्रक्रिया और विभिन्न एडीआर प्रक्रियाओं के बीच तुलना, प्रक्रिया, मध्यस्थों के चरण और भूमिका, मध्यस्थता में संचार के तरीके, साथ ही मध्यस्थता में बातचीत और सौदेबाजी सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थता में विभिन्न हितधारकों, जैसे रेफरल न्यायाधीशों, वकीलों और पक्षों की भूमिका पर भी चर्चा की गई, जिसमें ऋण वसूली और दिवालियापन (आरडीबी) अधिनियम, 1993 और एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002 के तहत डीआरटी के पीठासीन अधिकारियों द्वारा विचारित और विचारित मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में शामिल किए गए विषयों पर संतुष्टि व्यक्त की और वित्तीय सेवा विभाग तथा न्यायालय की एमसीएमपी के प्रति सराहना व्यक्त की।

## हर नौ मिनट में रेबीज से होती है एक मौत: डब्ल्यूएचओ

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार विश्व में हर नौ मिनट में कहीं न कहीं रेबीज से एक व्यक्ति की जान जाती है। अगर जंगली जानवरों के काटने के बाद एंटी रैबीज सीरम और टीके के पूरे डोज ले लिये जाएं तो इससे बचाव मुमकिन है।

हर साल 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज डब्ल्यूएचओ ने इसके रोग के बारे को लेकर लोगों को आगाह किया है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक 150 से ज्यादा देश खासकर एशिया और अफ्रीका में रेबीज एक गंभीर समस्या है। यह बीमारी जंगली जानवरों, कुत्ते, बिल्ली, के काटने,खरोंच मारने से होती है जिसकी लार से रेबीज विषाणु पीड़ित के शरीर में आ जाते हैं इससे हर साल हजारों लोगों की मौत हो जाती है, जिनमें से 40 फीसदी मौंते 15 से कम उम्र के बच्चों की होती है। रेबीज के 99 फीसदी मामले कुत्ते, बिल्ली के काटने और खरोंचने से होते हैं। हालांकि कुत्तों के टीकाकरण के जरिये इसे रोका जा सकता है। यह विषाणु इंसान के केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संक्रमित कर उसे अपने नियंत्रण में ले लेता है और इससे पीड़ित व्यक्ति कुत्ते, बिल्ली की तरह की व्यवहार करने लगता है, जिससे यह 100 फीसदी घातक हो जाता है। रेबीज विषाणु स्तनधारियों को संक्रमित करता है, जिनमें कुत्ते, बिल्ली, पशुधन और वन्यजीव शामिल हैं। रेबीज जानवरों की लार के माध्यम से फैलता है। आमतौर पर काटने, खरोंचने या आखें, मुंह या खुले घाव के सीधे इन जानवरों के संपर्क में आने से रेबीज हो सकता है। रेबीज अंटार्कटिका को छोड़कर सभी महाद्वीपों पर पाया जाता है। इससे दुनियाभर में हर साल अनुमानित 59000 मौतें होती है। रेबीज पर खर्च होने वाले धन की बात करें तो पूरे विश्व में हर साल लगभग 8.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की राशि इस बीमारी के उपचार पर खर्च की जाती है।

इसके अतिरिक्त विश्वभर में हर साल 2.9 करोड़ से अधिक लोगों को रेबीज का टीका लगाया जाता है।

अगर सिर्फ भारत की बात करें तो वर्ष 2024 में 37 लाख से अधिक कुत्तों के काटने के मामले सामने आये। वहीं, रेबीज से 2024 में 54 लोगों की जान गयी। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने 22 जुलाई 2025 को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी थी। अगर रेबीज पर भारत सरकार के द्वारा खर्च की गयी राशि पर बात करें तो वित्त वर्ष 2023-24 में कुल स्वीकृत राशि 1080.57 लाख रूपये रही, इसमें केंद्र और राज्य दोनों की भागीदारी रही। वहीं, वित्त वर्ष 2024-25 में स्वीकृत राशि बढ़ाकर 1423.41 लाख कर दी गयी।

### लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा ने आठ माह में पचास हजार किलोमीटर की समुद्री यात्रा तय की

**नयी दिल्ली।** लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा समुद्री मार्ग के जरिये कई देशों की यात्रा पूरी करने वाली पहली भारतीय महिलायें हैं। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के. केरल के कोझिकोड के परम्बिल कडावु गांव की रहने वाली हैं। दिलना के पिता दिवंगत टी. देवदास भी पूर्व सैन्य अधिकारी रहे हैं। उनके पति लेफ्टिनेंट कमांडर धनेश कुमार भी नौसेना अधिकारी हैं। लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना को 2014 में लॉजिस्टिक्स अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था। वह एनसीसी कैडेट भी रहीं हैं। वहीं, लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा अलागिरिसामी पुडुचेरी की मूल निवासी हैं। इनके पिता अलागिरिसामी जीपी वायु सेना में पायलट रहे हैं। लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा 2017 में नौसेना के आयुध कैडर में शामिल हुयी थीं। दोनों अधिकारियों की नाविका सागर परियोजना के दूसरे चरण की यात्रा दो अक्टूबर 2024 से गोवा से शुरू हुई जो 29 मई 2025 को समाप्त हुई थी। इस यात्रा में 238 दिन लगे और इस जहाज पर सिर्फ दो महिला अधिकारी ही मौजूद थीं। दोनों ने करीब आठ माह में 50 हजार किलोमीटर की समुद्री यात्रा तय की है।

### 'वोट चोरी' के खिलाफ अभियान में पांच करोड लोगों के दस्तखत करवाएंगे : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि 'वोट चोरी' के खिलाफ पार्टी का देश भर में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है और इसके तहत पांच करोड़ लोगों से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने इस अभियान में शामिल होते हुए रविवार को कहा कि बड़े पैमाने पर 'वोट चोरी' और मतदाता सूची में हेराफ़ेरी हो रही है और इसने हमारे गणतंत्र की बुनियाद में लोगों के विश्वास को हिलाकर रख दिया है। 'वोट चोरी' महज अपराध भर नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान पर एक बड़े हमले का हिस्सा है, यह हमारी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर कर रहा है, सामाजिक अन्याय फैला रहा है और देश की अखंडता के लिए ख़तरा बन गया है। उन्होंने कहा, ''हमारे राष्ट्रव्यापी 'वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान और घर-घर प्रचार अभियान के तहत, मैं आज केरल के अलप्पुझा स्थित अपने वार्ड कैथवना में इस आंदोलन में शामिल हुआ।

## पेज एक का शेष

### लातों के भूत...

124 परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम ने 17 फरवरी 2020 में राजकीय पॉलीटेक्निक के भवन का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। 2029.00 लाख रुपये खर्च कर यह कार्य पूरा हुआ है। सीएम योगी दो दिवसीय भ्रमण पर कल शनिवार को देवीपाटन मंदिर पहुंचे थे। देवीपाटन मंदिर में रात्रि विश्राम किया। आज सुबह मां पाटेश्वरी जी के दर्शन पूजन कर बलरामपुर पहुंचे, बलरामपुर में जनपद वासियों को कई योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सीएम के द्वारा चेक भी दिया गया। बलरामपुर के विकास पर आधारित एक लघु फिल्म भी देखी गई।

### भाषाई विविधता के...

19 वर्ष की आयु में लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए संपूर्ण क्रांति आंदोलन में खुद को झोंक दिया था। बाद में मैं इस आंदोलन का जिला महासचिव भी बना। राधाकृष्णन ने याद किया कि उनकी सामाजिक-राजनीतिक यात्रा की शुरुआत अपने गृह राज्य तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में हुई थी।

### अब तक 12.5 लाख...

रणजीत पटेल ने 112 पुलिस की तर्ज पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मोबाइल वैन शुरू करने की मांग रखी। उन्होंने शिक्षा में सरकारी स्कूलों को बढ़ावा देने और बेरोजगारी दूर करने के लिए सेवानिवृत्ति आयु घटाने का सुझाव दिया। मऊ की वंदना सिंह ने कॉलोनियों में सड़क और नाली की समुचित व्यवस्था की आवश्यकता बताई और निर्माण कार्य में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सुझाव के आधार पर सरकार तैयार करेगी विजन डॉक्युमेंट सरकार इन सुझावों का विश्लेषण कर 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047' का विजन डॉक्युमेंट तैयार करेगी। इसमें आम जनता की राय सीधे तौर पर शामिल होगी, ताकि विकास योजनाएं ज़मीनी जरूरतों से जुड़कर आगे बढ़ सकें। सर्वाधिक अच्छे सुझावों को जनपद और प्रदेश स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### बिहार विधानसभा...

के दौरान सीधे चुनाव आयोग के नियंत्रण में कार्य करते हैं और इनकी नियुक्ति चुनावी प्रकिया पूरी होने तक की जाती है।

### 'छठ को यूनेस्को की...

उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि छठ पर्व का महत्व आज वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है और यह न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में आस्था का प्रतीक बन चुका है। गांधी जयंती का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने स्वदेशी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खादी की बिक्री कई गुना बढ़ी है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि 2 अक्टूबर को खादी उत्पाद अवश्य खरीदें और ''वोकल फॉर लोकल'' को जीवन मंत्र बनाएं। उन्होंने तमिलनाडु, झारखंड और बिहार के उदाहरण दिए, जहां उद्यमियों और महिलाओं ने परंपरा और नवाचार को जोड़कर रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए रास्ते बनाए। उन्होंने कहा, सफलता की ये सभी गाथाएं हमें सिखाती हैं कि हमारी परंपराओं में आय के कितने ही साधन छिपे हुए हैं। अगर इरादा पक्का हो, तो सफलता हमसे दूर नहीं जा सकती।þ प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष की विजयादशमी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि 1925 में इसी दिन नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार और गुरुजी गोलवलकर के नेतृत्व ने संगठन को राष्ट्र सेवा की दिशा दी।

उन्होंने कहा, सदियों की गुलामी ने हमारे स्वाभिमान और आत्मविश्वास को गहरी चोट पहुंचाई थी। विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता के सामने पहचान का संकट खड़ा किया जा रहा था। देशवासी हीन-भावना का शिकार होने लगे थे। इसलिए देश की आजादी के साथ-साथ ये भी महत्वपूर्ण था कि देश वैचारिक गुलामी से भी आजाद हो। ऐसे में, परम पूज्य डॉ. हेडगेवार जी ने इस विषय में मंथन करना शुरू किया और फिर इसी भगीरथ कार्य के लिए उन्होंने 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' की स्थापना की। उन्होंने गुरुजी के वाक्य ''राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम'' को उद्धृत करते हुए कहा कि यह संघ की सेवा भावना का आधार है। उन्होंने बताया कि स्वयंसेवक आपदा के समय सबसे पहले राहत कार्य में पहुँचते हैं और हर कार्य में ''राष्ट्र प्रथम'' की भावना सर्वोपरि रहती है। प्रधानमंत्री ने आगामी 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वाल्मीकिजी ने मानवता को रामायण जैसा अद्भुत ग्रंथ दिया। उन्होंने आग्रह किया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन करने वाले लोग वाल्मीकि और निषादराज मंदिर के दर्शन भी करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कला, साहित्य और संस्कृति किसी एक दायरे में बंधे नहीं रहते। इनकी सुगंध सभी सीमाओं को पारकर लोगों के मन को छूती है। उन्होंने इस सन्दर्भ में पेरिस के ''सौन्तख मंडप'' की उपलब्धियों का उल्लेख किया, जिसने भारतीय नृत्य को विश्व स्तर पर लोकप्रिय बनाया। इसकी स्थापना मिलेना सालविनी ने की थी। कुछ वर्ष पहले उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कुछ गीतों की प्रस्तुति करते हुए जानकारी दी कि भूपेन हजारिका के गीतों को श्रीलंकाई कलाकारों ने सिंहली और तमिल में अनुवाद किया है, जिससे सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ा है। उन्होंने असम के गायक जुबीन गर्ग और विचारक एसएल भैरप्पा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, þजुबीन गर्ग एक मशहूर गायक थे, जिन्होंने देशभर में अपनी पहचान बनाई। असम की संस्कृति से उनका बहुत गहरा लगाव था। जुबीन गर्ग हमारी यादों में हमेशा बने रहेंगे और उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करता रहेगा। त्योहारों के संदर्भ में प्रधानमंत्री ने कहा कि खरीदारी के समय स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और हर उत्सव को 'वोकल फॉर लोकल' का अवसर बनाएं। उन्होंने स्वच्छता को घर से बाहर समाज तक ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, þआने वाले दिनों में एक के बाद एक त्योहार और खुशियां आने वाली हैं। हर पर्व पर हम खरीदारी भी खूब करते हैं। और इस बार तो 'जीएसटी बचत उत्सव' भी चल रहा है। एक संकल्प लेकर आप अपने त्योहारों को और खास बना सकते हैं। अगर हम ठान लें कि इस बार त्योहार सिर्फ स्वदेशी चीजों से ही मनाएंगे, तो देखिएगा, हमारे उत्सव की रौनक कई गुना बढ़ जाएगी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को त्योहार विशेष कर दीपावली की शुभकामनाएं दी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया।

### रोडवेज बस...

शेष घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। इनमें छह की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। शेष लोगों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर घटना की जानकारी परिवार को दे दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि मैं और एसपी साहब अस्पताल में घायलों का हालचाल लेने के बाद घटनास्थल का मौका मुआयाना करेंगे। आगे से ऐसी कोई घटना न हो इसके लिए जो भी कार्य करना होगा वो किया जाएगा। घायलों में सलमान उसकी पत्नी बबली और बेटा नाज के साथ ही पुष्पा, दिलकुश, रामलाल और शारदा का नाम सामने आया है।

# 'नमो रन' ने विकसित दिल्ली और नशा मुक्त भारत का दिया संदेश : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में नमो रन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस मौके पर उनके साथ दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, ''विकसित दिल्ली और नशा-मुक्त भारत के संदेश के साथ नमो रन में दिल्ली के हजारों बच्चों और युवाओं ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े में आज आयोजित नमो रन में 7,500 से अधिक विद्यार्थी 15 स्थानों पर 75 किलोमीटर की दौड़ लगा रहे हैं। यह केवल रन नहीं, बल्कि युवाशक्ति का जागरण और नए भारत की ऊर्जा है। उन्होंने कहा, ''सभी बच्चों और युवाओं का यह उत्साह और संकल्प हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत और अनमोल धरोहर है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर हम सब मिलकर यह प्रण लें कि उनके साहस और बलिदान से प्रेरणा लेकर भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाएंगे। मंत्री आशीष सूद ने कहा, ''दिल्ली के 7500 युवा 75 किलोमीटर दौड़कर विकसित दिल्ली का संकल्प पूरा करने आए हैं। आज का दिन ऐतिहासिक है, ये दिन नशे के खिलाफ, प्रदूषण के खिलाफ, विकसित दिल्ली बनाने का दिन है।

# मुख्यमंत्री ने यमुनापार के नए रूटों पर तीन सौ नई देवी बसों को हरी झंडी दिखाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ईस्ट विनोद नगर से रविवार को यमुनापार के नए रूटों पर 300 नई देवी बसों को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह, पटपड़गंज से विधायक रविंदर सिंह नेगी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब डीटीसी के बेड़े में कुल 974 देवी बसें होंगी। कई इलाकों में बसें होने के बावजूद कनेक्टिविटी कमजोर थी, यात्रा समय लंबा होता था और भीड़ बहुत ज़्यादा रहती थी। इसी चुनौती को दूर करने के लिए आईआईटी दिल्ली के सहयोग से वैज्ञानिक अध्ययन हुआ और उसी के आधार पर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ये नए रूट तय किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''ये नई देवी बसें यमुनापार को सीधे राजधानी के हर कोने से जोड़ेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प है कि हर दिल्लीवासी को बराबर की सुविधा और सम्मान मिले।

# विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को पंजाब बाढ़ पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे मुख्यमंत्री भगवंत मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**■ पंजाब बाढ़ पर सरकार की रिपोर्ट में 6515 पक्षियों व 502 पशुओं की मौत होने की जानकारी दी गई**

चंडीगढ़। बाढ़ के मुद्दे पर सोमवार को होने वाले विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री भगवंत मान विस्तृत रिपोर्ट जारी करते हुए मुआवजे के संबंध में सरकार की रणनीति का ऐलान करेंगे। इस सत्र के चलते पशु पालन विभाग ने 23 सितंबर तक हुए नुकसान को आधार बनाकर रिपोर्ट तैयार की है। इस संबंध में विधानसभा में सवाल उठा, तो सरकार अपना जवाब देगी। इस रिपोर्ट में बाढ़ के दौरान 59 लोगों की जान जाने और छह हजार से अधिक पक्षियों की मौत होने की जानकारी दी गई है। पशुपालन विभाग के आंकड़ों के अनुसार पूरे राज्य में कुल 6 हजार 515 पक्षियों की मौत हुई, जिनमें से 5 हजार 15 अमृतसर में मरे। इनमें पोल्ट्री पक्षी भी शामिल हैं। दूसरे नंबर पर होशियारपुर रहा, जहां तकरीबन 1 हजार 500 पोल्ट्री बर्ड्स की मौत दर्ज की गई। पूरे पंजाब से मिले आंकड़ों के अनुसार 502 मवेशी इस बाढ़ में मारे गए और बह गए। यहां भी सबसे अधिक मार अमृतसर को ही पड़ी। अमृतसर के अजनाला सेक्टर में अचानक आई बाढ़ में लोग अपने पशुओं को भी न बचा सके। अमृतसर में 218 मवेशियों की मौत हुई या वे बह गए। इसके बाद गुरदासपुर 151 मवेशियों की मौत के साथ दूसरे नंबर पर रहा। अमृतसर जिले में 172 सूअर, सात बैल, 18 बछड़े, 22 बछिया और एक घोड़े की मौत दर्ज की गई। वहीं, फिरोजपुर में एक बछड़े और एक हीफर की मौत की पुष्टि हुई। इस संकट से निपटने और बचे हुए पशुधन को सुरक्षित रखने के लिए पशुपालन विभाग ने बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को विधानसभा का विशेष सत्र शुरू होने तक पूरे पंजाब में 2.33 लाख से अधिक पशुओं को हैमरेजिक सेप्टीसीमिया वैक्सीन की बूस्टर डोज दी जा चुकी है। पशुपालन विकास एवं मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव राहुल भंडारी के अनुसार राज्य में सभी मवेशियों को बूस्टर डोज दे दी है। अब तक किसी बड़ी महामारी जैसी स्थिति सामने नहीं आई है, लेकिन पशुओं में खुरपका, थनों में सूजन, टिक-बॉर्न संक्रमण, त्वचा रोग, गैस्ट्रोएंटेराइटिस (पेट संबंधी बीमारियां) और पोषण की कमी जैसे लक्षण पाए गए हैं। हरे चारे की कमी के कारण कई पशुओं में पाचन संबंधी दिक्कतें सामने आ रही हैं, जिससे दुग्ध उत्पादन प्रभावित हुआ है।

# मुख्यमंत्री ने गोपालगंज जिले में 1,585 करोड़ रुपये की 185 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गोपालगंज जिले के सबेया एयर फील्ड परिसर से 1585.59 करोड़ रुपये की लागत की कुल 185 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 1295.85 करोड़ रूपये की लागत की 124 योजनाओं का शिलान्यास तथा 289.74 करोड़ रूपये लागत की 61 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। इनमें प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अंतर्गत 131.38 करोड़ रुपये की लागत से मीरगंज बाईपास में 3.18 किमी (2-लेन) रेल ऊपरी पुल-सह-पुल/पुलिया सहित सड़क निर्माण कार्य, 30.75 करोड़ रुपये की लागत से थावे मंदिर के सम्पर्क मुख्य पथ, आन्तरिक पथ सहित अन्य उन्नयन कार्य, 126.54 करोड़ रुपये की लागत से 2 लेन पक्का सोल्डर सहित एनएच-27 से एनएच-531तक (कुल लम्बाई-12.600 किमी) गोपालगंज बाईपास पथ का निर्माण कार्य, 90.34 करोड़ रुपये की लागत से कटैया औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु चिन्हित स्थल के विजयीपुर देवरिया सड़क से जोड़ने हेतु बाईपास पथ (कुल लम्बाई 5.75 किमी) का निर्माण कार्य सहित अन्य कुल 120 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जीविका दीदियों ने प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेंशन की राशि में 3 गुनी बढ़ोतरी किए जाने से परिवार में हमारा मान बढ़ा है तथा इससे हमारी इच्छा शक्ति भी मजबूत हुई है। बिहार में पूर्ण मद्य निषेध लागू होने से समाज में शांति का वातावरण कायम है।

पंचायतों में सामुदायिक विवाह मंडप बनाए जाने का फैसला काफी सराहनीय है। इससे गरीब परिवारों को काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत करते हुए कहा कि हम आप सभी जीविका दीदियों को बधाई देते हैं। आप सभी बहुत अच्छा काम कर रही हैं। 2005 में हमारी सरकार बनने के बाद हमलोगों ने ही स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने का काम शुरू किया और इसका नाम जीविका दिया।

## बिहार भाजपा ने की 45 सदस्यीय चुनाव अभियान समिति की घोषणा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव अभियान समिति के सदस्यों के नाम की घोषणा कर दी है। भाजपा ने कुल 45 सदस्यों को चुनाव अभियान की जिम्मेदारी सौंपी है। सभी सदस्यों को अलग-अलग इलाके की कमान सौंपी जाएगी। इस सूची में दिग्गज नेताओं के साथ-साथ युवाओं को भी जगह दी गई है। बिहार भाजपा की ओर से जारी सूची में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सतीश चन्द्र दुबे, पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, गोपाल नारायण सिंह, रविशंकर प्रसाद, राजीव प्रताप रूड़ी और अश्विनी कुमार चौबे को शामिल किया गया है। इसके अलावा समिति में राज्य सरकार में मंत्री मंगल पाण्डेय, डॉ. प्रेम कुमार, राजभूषण निषाद, रेणु देवी, जनक राम, हरि सहनी, ऋतुराज सिन्हा, सैयद शाहनवाज हुसैन, रमा देवी, प्रदीप कुमार सिंह, जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, गोपालजी ठाकुर, अशोक यादव, विवेक ठाकुर, शंभू शरण पटेल को शामिल किया गया है।

# पंजाब बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पकड़े दो ड्रोन व हेरोइन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। सीमा सुरक्षा बल ने रविवार को भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए हेरोइन तथा दो ड्रोन बरामद किए हैं। यह कार्रवाई पंजाब के सीमावर्ती जिला अमृतसर तथा तरनतारन में की गई है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार तरनतारन जिले में विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए जवानों ने गांव नौशेरा ढल्ला के पास तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान खेतों से डीजेआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद हुआ। यह ड्रोन पाकिस्तान की ओर से भेजा गया था और संभवतः नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए प्रयोग होना था। इसी तरह दूसरी घटना में अमृतसर बॉर्डर पर गश्त के दौरान सतर्क जवानों ने गांव धनोए कलां के नजदीक बॉर्डर फैंसिंग से आगे स्थित एक खेत में संदिग्ध गतिविधि देखी। तलाशी लेने पर वहां से एक डीजेआई मैविक 3 क्लासिक ड्रोन और हेरोइन का पैकेट बरामद किया गया। पैकेट का कुल वजन 558 ग्राम बताया जा रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान से नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ड्रोन तस्करी को लेकर बीएसएफ ने हाल के महीनों में कई बार सफलता हासिल की है।

# नवादा में ग्रामीण चिकित्सक की अपहरण कर हत्या, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। नवादा जिले के. वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर ग्राम में एक 26 वर्षीय युवा प्राइवेट ग्रामीण चिकित्सक प्रकाश कुमार का अपहरण कर हत्या कर दी गई। परिवार का आरोप है कि अपराधियों ने इलाज के बहाने उसे बुलाया, फिरौती की मांग की और फिर बेरहमी से कत्ल कर शव को जिले के बधार क्षेत्र में फेंक दिया.घटना के खुलासे के बाद इलाके में दहशत फैल गई है। आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को झौर मोड़ पर सड़क जाम कर दी, पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आगजनी कर दी। शव को सड़क पर रखकर जाम किया गया. शनिवार की लाश मिलने के बाद पुलिस के खिलाफ लगातार आक्रोश ग्रामीण का देखा जा रहा है। परिवार और ग्रामीणों का दावा है कि यह हत्या पुलिस की लापरवाही का नतीजा है । झौर गांव में सड़क किनारे चिकित्सा सेवा दे रहे थे। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे किसी ने इलाज कराने के बहाने उन्हें बाइक पर बिठाकर ले गया। सुबह तक न लौटने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। शनिवार को दिन में ही वारिसलीगंज पुलिस को लिखित सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई में देरी हुई। रात सोशल मीडिया पर एक शव का फोटो वायरल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने प्रकाश के रूप में पहचान लिया तब परिवार का गुस्सा फूट पड़ा। ओम भूषण प्रसाद ने बताया कि प्रकाश गांव का लाल था। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। पुलिस को सूचना देने के बावजूद कोई एक्शन नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि अगर समय पर कार्रवाई होती तो शायद जान बच जाती।

## मोहाली में आईटी कंपनी मालिक से मांगी पांच करोड़ फिरौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। मोहाली में एक आईटी कंपनी संचालक से पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। कॉल करने वाले ने खुद को गोल्डी बराड़ बताते हुए फिरौती की राशि नहीं देने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहाली पुलिस को दी शिकायत में गुरजोत सिंह ने बताया कि वह एक आईटी कंपनी के मालिक हैं। उनकी कंपनी मोहाली में है। उन्होंने बताया कि 12 सितंबर को एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को गोल्डी बराड़ बताया। उसने कहा कि जल्दी से 5 करोड़ रुपए का इंतजाम करो, नहीं तो पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे पहले भी इस बारे में फोन आ चुके हैं लेकिन उसने कॉलर की बात को गंभीरता से नहीं लिया। अब उसे लगातार फोन आ रहे हैं। इसके बाद 13 सितंबर को जब कॉल आई तो मैंने फोन नहीं उठाया। फिर भी फोन बजता रहा। सोहाना पुलिस थाना प्रभारी तरूण सिंह पुरी ने कहा कि केस दर्ज किया गया है। मामले में हर एंगल पर जांच की जा रही है। फिलहाल केस की कोई डिटेल नहीं दी जा सकती।

# नकल माफिया ने रचा है प्रश्न पत्र लीक करने का षड्यंत्र : सीएम धामी

**■ नैनीताल ने दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रश्नपत्र लीक प्रकरण पर एक नयी बात कही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में नकल माफिया षडयंत्र रचकर युवाओं को छलने की कोशिश कर रहे हैं, परंतु उनकी दाल उत्तराखंड में नहीं गलने दी जाएगी। प्रदेश में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। उन्होंने पुनः स्पष्ट किया कि प्रश्न पत्र लीक की घटना की विशेष जांच दल से जांच करायी जा रही है और छात्रों के हित में कठोरतम निर्णय लिये जा रहे हैं। धामी रविवार को नैनीताल ने दुर्गापुर स्थित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। उन्होंने शिक्षा को मनुष्य का सबसे बड़ा आभूषण बताते हुए कहा कि इसी सोच के साथ प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू की गई है, जिससे शिक्षा को अधिक व्यवहारिक बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने विद्या भारती के योगदान को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने विद्या भारती के सात विद्यालयों को सैनिक स्कूल में परिवर्तित करने हेतु चयनित किया है। कहा कि 1978 में गठित इस संस्था ने शिक्षा की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रश्न पत्र लीक मामले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नौजवान प्रदेश और देश का भविष्य हैं और उनके साथ अन्याय किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाये जाने वालों को कठोर दंड दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में 25 हजार से अधिक अभ्यर्थियों को अपनी प्रतिभा और योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिली है। उल्लेखनीय है कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने 21 सितम्बर को स्नातक स्तरीय विभिन्न पदों की परीक्षा आयोजित की थी। परीक्षा आरंभ होने के आधे घंटे के भीतर ही प्रश्नपत्र के तीन पृष्ठ बाहर आने का मामला सामने आया था। इस पर सरकार ने विशेष जांच दल का गठन किया है और केंद्र से प्रश्नपत्र बाहर भेजने वाले खालिद की गिरफ्तारी भी की जा चुकी है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063